RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 309
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर



स्वच्छता से ही भारत स्वस्थ और विकसित बनेगा: राष्ट्रपति

राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

## भारत नहीं पाक में है कांग्रेस, नेकां की पूछ: पीएम



जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दौरान रियासी जिले के कटरा में रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**जम्मू-कश्मीर विस चुनाव**

**मोहित कंधारी।** कटरा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधाते हुए कहा पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए उनके घोषणापत्र पर बल्ले-बल्ले कर रहा है। माता वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा टाउनशिप में रोड शो करने के बाद एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस को लेकर जम्मू-कश्मीर में भले ही उत्साह न हो, लेकिन पड़ोसी देश इन्हें लेकर बहुत उत्साह में है। पीएम ने गठबंधन के सहयोगियों पर पाकिस्तान के हितों के साथ तालमेल करने का भी आरोप लगाया। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के एक साक्षात्कार के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 की बहाली पर पाकिस्तान और एनसी-कांग्रेस गठबंधन एकमत हैं।

कटरा की रैली में पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस) घोषणा कर रहे हैं कि वे अनुच्छेद 370 को वापस लाएंगे। वे खून-खराबे के दौर में लौटना चाहते हैं। पड़ोसी देश इस बारे में सवाल पूछ रहा है। पाकिस्तान कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र से खुश दिख रहा है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने इसका खुलकर समर्थन किया है। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का एजेंडा पाकिस्तान के एजेंडे से मेल खाता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने खुद ही कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को बेनकाब कर दिया है। भाजपा सरकार जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे। दुनिया की कोई भी ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकती। पीएम मोदी ने यह कहते हुए भी चेतावनी दी कि कांग्रेस को वोट देने से अनुच्छेद 370 की बहाली होगी, जिससे घाटी में फिर से हिंसा का दौर आ जाएगा। कांग्रेस को दिया गया हर वोट पीडीपी और एनसी के घोषणापत्र को लागू करेगा। आगामी चुनाव इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ होगा, जो जम्मू-कश्मीर के भविष्य को परिभाषित करेगा। यह चुनाव जम्मू-कश्मीर के भविष्य को चुनने के बारे में है।

श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए पीए मोदी ने कहा कि पहले चरण में भारी मतदान की सराहना करते हुए कहा कि यह उन पार्टियों की अस्वीकृति को दर्शाता है जो पत्थरबाजों और आतंकवादियों के साथ सहानुभूति रखते हैं। तीनों परिवार कश्मीरियों को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित करना चाहते हैं, और यह शुरू से ही उनका एजेंडा है। तीनों परिवार सोचते हैं कि उनसे सवाल नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन, जम्मू-कश्मीर इन परिवारों के कब्जे में नहीं रहेगा। पीएम मोदी ने विपक्षी पार्टियों पर तीखा हमला जारी रखते हुए कहा, उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लोगों को केवल हिंसा दी है। जम्मू-कश्मीर के युवा अब वंशवादी राजनीति को चुनौती दे रहे हैं। यह वही युवा हैं जिन्हें इन पार्टियों ने आगे बढ़ने नहीं दिया। तीनों परिवार जम्मू-कश्मीर की राजनीति को अपनी पारिवारिक संपत्ति मानते थे। उन्होंने किसी और को मंच पर नहीं आने दिया। यही कारण है कि इन परिवारों ने पंचायत चुनाव होने से रोक दिया क्योंकि उन्हें लगा कि नए लोग आ जाएंगे और उनकी जगह ले लेंगे। इसके परिणामस्वरूप युवाओं का लोकतंत्र में भरोसा खत्म हो गया। उन्हें लगा कि वे वोट दें या न दें, सत्ता इन तीन परिवारों के पास ही रहेगी। पीएम ने अपने खास अंदाज में दर्शकों से अतीत के बारे में सवाल करते हुए कहा, क्या आपको याद है कि पहले चुनाव कैसे होते थे। ( शेष पृष्ठ 9 )



लेबनान के बेरूत में लेबनानी सेना के बम निरोधक विशेषज्ञ अमेरिकन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल की पार्किंग में मिले वॉकी-टॉकी को निष्क्रिय करने का प्रयास करते हुए। एपी/पीटीआई

## हिजबुल्लाह ने दागे उत्तरी इजराइल में कई रॉकेट

**एजेंसी।** बेरूत

**हिजबुल्लाह** ने गुरुवार को उत्तरी इजराइल में नया हमला किया। हिजबुल्लाह लगातार इजराइल के उत्तरी इलाकों को निशाना बनाता रहा है। क्योंकि लेबनान में सैकड़ों इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में विस्फोट होने के बाद बड़े युद्ध की आशंका बढ़ गई है, जिसमें कम से कम 32 लोग मारे गए और 3,000 से अधिक अन्य घायल हो गए। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में विस्फोट इजरायल द्वारा एक साथ अधिक से अधिक हिजबुल्लाह सदस्यों को निशाना बनाने के लिए महीनों तक चले अभियान का परिणाम प्रतीत होता है। पिछले दो दिनों में, हिजबुल्लाह द्वारा इस्तेमाल किए गए पेजर और वॉकी-टॉकी में विस्फोट हुए, जिससे कुछ लड़ाके घायल हो गए और यहां तक कि अपंग भी हो गए, लेकिन समूह की सामाजिक शाखाओं से जुड़े नागरिक भी अपंग हो गए और कम से कम दो बच्चे मारे गए। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह हमला हाल के हफ्तों में इजरायली नेताओं द्वारा दी गई चेतावनियों से कैसे मेल खाता इजरायल सरकार ने इसे ईरानी समर्थित समूह की सीमा पार से गोलीबारी को समाप्त करने के लिए युद्ध का लक्ष्य बताया है ताकि हजारों इजरायली सीमा के पास अपने घरों में वापस लौट सकें। बुधवार को इजरायली सैनिकों से बात करते हुए, इजरायली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा,( शेष पृष्ठ 9 )

## पन्नू केस में अमेरिकी अदालत के समन पर भारत ने जताया सख्त एतराज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**खालिस्तानी** आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में दायर एक सिविल मुकदमे में अमेरिकी अदालत द्वारा भारत सरकार को भेजे गए समन पर कड़ी आपत्ति जताते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बृहस्पतिवार को इसे अनुचित और निराधार आरोप करार दिया। न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय ने समन में भारत सरकार, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल (एनएसए) और पूर्व रॉ प्रमुख सामंत गोयल का नाम लिया है। विदेश सचिव मिसरी ने कहा, जैसा कि हमने पहले भी कहा है, ये पूरी तरह से अनुचित और निराधार आरोप हैं। अब जब यह विशेष मामला दर्ज हो गया है, तो इससे अंतर्निहित स्थिति के बारे में हमारे विचार नहीं बदलेंगे। मैं केवल आपका ध्यान इस विशेष मामले के पीछे के व्यक्ति की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जिसका इतिहास सर्वविदित है। उन्होंने कहा, मैं इस तथ्य को भी रेखांकित करना चाहूंगा कि जिस संगठन का यह व्यक्ति प्रतिनिधित्व करता है, वह एक गैरकानूनी संगठन है, जिसे 1967 के गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत ऐसा घोषित किया गया। यह निर्णय भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बाधित करने के उद्देश्य और राष्ट्र-विरोधी और विध्वंसक गतिविधियों में शामिल होने के कारण लिया गया।

पन्नू कट्टरपंथी सिख फॉर जस्टिस का प्रमुख है और भारतीय नेताओं और संस्थानों के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने और धमकियां देने के लिए जाना जाता है। नई दिल्ली ने उसे 2020 में आतंकवादी घोषित किया था। इससे पहले, न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय ने समन में भारत सरकार, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, पूर्व रॉ प्रमुख सामंत गोयल का नाम लिया था। समन में भारतीय व्यवसायी निखिल गुप्ता और रॉ एजेंट विक्रम यादव का भी नाम है और इस संबंध में 21 दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है।

यूनाईटेड किंगडम (यूके) के अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने नवंबर में बताया था कि अमेरिका ने पन्नू की हत्या की साजिश को विफल कर दिया है, जिसके पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। जो बाइडन प्रशासन के अधिकारियों ने बाद में इसकी पुष्टि की। अपनी पहली प्रतिक्रिया में, विदेश मंत्रालय ने कहा था कि यह 'चिंता का विषय' है और इस बात पर जोर दिया कि भारत ने उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी है। तत्कालीन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने उस समय कहा था, 'एक व्यक्ति के खिलाफ अमेरिकी अदालत में दायर मामले के संबंध में, कथित तौर पर उसे एक भारतीय अधिकारी से जोड़ते हुए, यह चिंता का विषय है। ( शेष पृष्ठ 9 )

## आतंकवाद और धन शोधन से निपटने में भारत प्रभावी : एफएटीएफ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वैश्विक धन** शोधन और आतंकवाद वित्तपोषण निरोधक निकाय (एफएटीएफ) ने बृहस्पतिवार को भारत पर अपनी बहुप्रतीक्षित पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की, जिसमें कहा गया कि देश की प्रणालियां 'प्रभावी' हैं, लेकिन इन मामलों में अभियोजन को मजबूत करने के लिए 'बड़े सुधारों' की आवश्यकता है। पेरिस मुख्यालय वाली संस्था ने मूल्यांकन को अपनाए जाने के बाद जून में अपनी पूर्ण बैठक में 368 पृष्ठों की रिपोर्ट जारी की। भारत की धन शोधन और आतंकवाद वित्तपोषण व्यवस्था की पिछली ऐसी समीक्षा 2010 में प्रकाशित हुई थी।

पिछले नवंबर में एफएटीएफ के विशेषज्ञों के भारत के दौरे के बाद आई इस रिपोर्ट ने देश को 'लगातार नजर बनाए रखने' वाली श्रेणी में रखा है, यह एक ऐसा अंतर है जिसे केवल चार अन्य जी20 देश ही साझा करते हैं। भारत का अगला मूल्यांकन 2031 में होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने ऐसी धन शोधन निरोधक (एएमएल) और आतंकवाद वित्तपोषण निरोधक (सीएफटी) प्रणाली लागू की है जो कई मामलों में प्रभावी थी। हालांकि, इसमें कहा गया




है कि मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण के मामलों में अभियोजन को मजबूत करने के लिए 'बड़े सुधार' की आवश्यकता है। इसने कहा कि गैर-लाभकारी क्षेत्र को आतंकवादी दुरुपयोग से बचाने के लिए भी प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। इसमें कहा गया है कि भारत के मनी लॉन्ड्रिंग के मुख्य स्रोत देश के भीतर की अवैध गतिविधियों से उत्पन्न होते हैं, देश को अलग-अलग प्रकार के आतंकवादी खतरों का सामना करना पड़ रहा है, सबसे महत्वपूर्ण रूप से आईएसआईएल (इस्लामिक स्टेट या आईएसआईएस) या अलकायदा से जुड़े समूह (अलकायदा) जम्मू और कश्मीर में और उसके आसपास सक्रिय हैं। रिपोर्ट एफएटीएफ 40 अनुशंसाओं के अनुपालन के स्तर और भारत की एएमएल/सीएफटी प्रणाली की प्रभावशीलता के स्तर का विश्लेषण करती है, और इस बारे में सिफारिशें प्रदान करती है कि कैसे प्रणाली को मजबूत किया जा सकता है। वित्त मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव (राजस्व) विवेक अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक अपराध निगरानी संस्था एफएटीएफ ने वित्तीय खुफिया जानकारी, मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण के जोखिमों के साथ-साथ लाभकारी स्वामित्व के प्रकटीकरण सहित मापदंडों पर भारत को उच्च रेटिंग दी है। एफएटीएफ द्वारा की गई सिफारिशों में से, आतंकवाद के वित्तपोषण और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में तेजी से सुनवाई महत्वपूर्ण है। अग्रवाल ने कहा कि बाकी सिफारिशें सहायक प्रकृति की हैं। अग्रवाल ने कहा, हमने इस परीक्षा को बखूबी पास कर लिया है।

उन्होंने कहा कि चूंकि भारत एफएटीएफ के अनुसार नियमित रूप से लगातार कार्रवाई कर रहा है, इसलिए देश तीन साल बाद जोखिम आकलन की रिपोर्ट कर सकता है। अग्रवाल ने कहा, लेकिन हम पर कोई बाध्यता नहीं है। गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) द्वारा आतंकवाद के वित्तपोषण के दुरुपयोग की संभावना पर ( शेष पृष्ठ 9 )



नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को को रेलिंग से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त एसयूवी। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना में एक की मौत हो गई है और एक गंभीर है। पीटीआई

## नशे में हादसे के शिकार हुए छात्र, एक की मौत

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली

**उत्तरी दिल्ली** में राजघाट के पास गुरुवार सुबह तेज रफ्तार एसयूवी कार सड़क किनारे लगी रेलिंग से जा टकराई। इस हादसे में दिल्ली विश्वविद्यालय के पांच छात्र घायल हो गए। घायलों को एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां एक छात्र की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है। वहीं तीन को मामूली चोटें आईं हैं। मृतक की पहचान 19 वर्षीय ऐश्वर्या पांडे के रूप में हुई है, जो ड्राइवर सीट के ठीक पीछे बैठा था। पुलिस ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त काले रग की हुंडई वेन्यू कार में सवार पांच लोग गुरुग्राम के एक पब में जन्मदिन की पार्टी मनाकर घर लौट रहे थे। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि कार तेज रफ्तार से चलाई जा रही थी तथा शांतिवन और गीताकॉलोनी के बीच चालक उस पर से नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हुआ। रेलिंग का एक हिस्सा कार में घुस गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के दयाल सिंह कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र 19 वर्षीय ऐश्वर्या मिश्रा ने अपना जन्मदिन मनाने के लिए एक रात के लिए कार किराए पर ली थी।

पुलिस उपायुक्त मनोज कुमार मीना के अनुसार कार शांति वन रेड लाइट से गीता कॉलोनी की ओर जा रही थी, जब वह सुबह करीब 05.52 बजे आईएसबीटी स्लिप रोड पर पहुंची तो जहां यह डिवाइडर से टकरा गई। कार चला रहे 19 वर्षीय अश्वनी मिश्रा दिल्ली विश्वविद्यालय के दयाल सिंह कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्र हैं और उत्तर प्रदेश के इटावा के रहने वाले हैं। ( शेष पृष्ठ 9 )

## बिहार के 21 दलितों के घरों को फूंका

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**बिहार के** नवादा जिले में दबंगों ने दलित बस्ती में आग लगा दी। शुरुआती जांच में पता चला है कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मांझी टोला में बुधवार देर शाम हुई इस घटना के पीछे भूमि विवाद हो सकता है। नवादा के जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने बताया कि जिला पुलिस ने घटना के सिलसिले में अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है और अन्य लोगों की तलाश जारी है। मामले की जांच के लिए पुलिस ने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है।

आशुतोष कुमार वर्मा ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मांझी टोला में एक समूह ने करीब 21 घरों को जला दिया, जिनमें से कुछ आधे-पक्के थे। मौके पर मौजूद वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी क्षतिग्रस्त घरों की सही संख्या की जानकारी देते हुए रिपोर्ट देंगे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि घरों में आग लगाने के दौरान हवा में गोलियां भी चलाई गईं। जांच से पता चला है कि कुल 34 घरों में से 21 पूरी तरह से जल गए और 13 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए।

घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। संदिग्धों को पकड़ने के लिए तलाशी जारी है।



बिहार के नवादा जिले में कई घरों में आग लगाए जाने के बाद के बचे अवशेष। पीटीआई

उन्होंने कहा, विस्थापित लोगों को भोजन के खाने के पैकेट और पीने के पानी सहित अन्य राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। पीड़ितों के अस्थायी टेंट लगाए गए हैं। डीएम ने मवेशियों को जलाए जाने के दावों का खंडन करते हुए कहा, इस बात का कोई साक्ष्य नहीं मिला है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा जिले में 34 घरों को आग लगाने की निंदा की, जिनमें से ज्यादातर एससी/एसटी समुदायों के थे और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून और व्यवस्था) को घटनास्थल का दौरा करने और जांच की निगरानी करने को कहा। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में डबल इंजन सरकार है और दलितों के घरों में आग लगा दी गई है। प्रधानमंत्री को इस जंगलराज पर कुछ शब्द अवश्य कहने चाहिए क्योंकि जो कुछ भी हो रहा है वह सब ईश्वर की इच्छा के कारण है और एनडीए नेताओं का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है। बसपा अध्यक्ष मायावती ने बिहार सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने गरीब पीड़िजों के पुनर्वास के लिए सरकार से पूर्ण वित्तीय सहायता की भी मांग की। कांग्रेस ने भी नवादा में घरों में आग लगाने की घटना को लेकर बिहार की एनडीए सरकार की तिखी आलोचना की और कहा कि यह राज्य में व्याप्त जंगल राज का एक और सबूत है और दलितों और वंचितों के प्रति सरकार की उदासीनता को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और ( शेष पृष्ठ 9 )

## भारत के जीवंत और खूबसूरत आदिवासी क्षेत्रों से लोगों को रूबरू कराने की तैयारी

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**भारत के** आदिवासी क्षेत्रों की अतुल्य सुंदरता और जीवंत संस्कृति को और करीब से देखने और साक्षात्कार करने का शानदार मौका मिलने जा रहा है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने इस दिशा में आदिवासी समुदायों को अपने घरों में पर्यटकों का स्वागत करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए विशिष्ट योजनाएं चला रही है इससे उनको अपनी अनूठी विरासत को बाहर के लोगों से साझा करने का मौक़ा मिलेगा। इस उल्लेखनीय पहल का समर्थन करते हुए, केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने मध्य प्रदेश, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों के आदिवासी इलाकों में पर्यटन की संभावना वाले गांवों में 1,000 होमस्टे को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। इस योजना उद्देश्य आदिवासी समुदायों की समृद्ध परंपराओं को संरक्षित करने के साथ-साथ उनकी आय में बढ़ोतरी करना है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ उनके सतत विकास को बढ़ावा मिल सके।

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय अपने स्वदेश दर्शन कार्यक्रम के तहत प्रत्येक पर्यटन की संभावना वाले आदिवासी गाँव में 5 से 10 होमस्टे के निर्माण के लिए आदिवासी परिवारों और गांवों को धन मुहैया कराने की योजना बना रहा है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने इस संबंध में विवरण साझा करते हुए कहा, प्रत्येक परिवार दो नए कमरों के निर्माण के लिए 5 लाख रुपये और मौजूदा कमरों के नवीनीकरण के लिए 3 लाख रुपये तक और गांव समुदाय की आवश्यकता के लिए 5 लाख रुपये के पात्र होंगे। पात्र होगा। उन्होंने कहा कि योजना प्रारंभिक चरण में है और यह सुनिश्चित करने के लिए बारीकियों पर काम किया जा रहा है ताकि नियमों का उल्लंघन न हो और आदिवासियों और आगंतुकों के अधिकारों की रक्षा हो। आदिवासी क्षेत्रों में मंत्रालय की होमस्टे योजना केंद्र की प्रमुख प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का हिस्सा है, जिसे एक दिन पहले केंद्रीय कैबिनेट मंत्रालय ने मंजूरी दी थी।

योजना के लिए कुल परिव्यय 79,156 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा : 56,333 करोड़ रुपये और राज्य हिस्सा



: 22,823 करोड़ रुपये) केसाथ, इस योजना का उद्देश्य आदिवासी बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवारों के लिए संतृप्ति कवरेज को अपनाकर आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। इस योजना से 63,000 गांवों में लगभग 5 करोड़ आदिवासियों को लाभ मिलने की उम्मीद है क्योंकि 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सभी आदिवासी बहुल गांवों में फैले 549 जिलों और 2,740 ब्लॉकों को कवर किया जाएगा। मिशन में 25 हस्तक्षेप/योजनाएं शामिल हैं

जिन्हें 17-लाइन मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। अधिकारी के अनुसार, प्रत्येक मंत्रालय/ विभाग अगले 5 वर्षों में अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना (डीएपीएसटी) के तहत उन्हें आवंटित धन के माध्यम से समयबद्ध तरीके से इससे संबंधित योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार होगा। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में अनुसूचित जनजातियों की आबादी 10.45 करोड़ है और देश भर में 705 से अधिक आदिवासी समुदाय दूरदराज और पहुंच से दूर के इलाकों में रहते हैं। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने आदिवासी क्षेत्रों में होमस्टे की योजना को आगे बढ़ाया है, वहीं मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड (एमपीटीबी) पहले से ही इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। एमपीटीबी की होमस्टे परियोजना के तहत कई आदिवासी परिवारों ने अपने घरों को होमस्टे के रूप में खोला है और अब वे आगंतुकों की मेजबानी के लिए तैयार हैं। एमपीटीबी अधिकारियों के अनुसार, ग्रामीण आदिवासी समुदायों ने 28 गांवों में 64 से अधिक नए होमस्टे स्थापित किए हैं। कोविड के बाद, होमस्टे अद्वितीय और व्यक्तिगत अनुभव चाहने वाले यात्रियों के लिए एक पसंदीदा विकल्प बन गए हैं। वे अक्सर मेहमानों को स्थानीय संस्कृति में डूबने, घर के बने भोजन का आनंद लेने और अनदेखे आकर्षणों तक पहुंचने की अनुमति देते हैं। घर के मालिकों के लिए, किसी संपत्ति को होमस्टे में बदलना आर्थिक रूप से फायदेमंद हो सकता है, जिससे उन्हें एक स्थिर आय प्राप्त होती है और साथ ही उन्हें अपना स्थान और आतिथ्य दूसरों के साथ साझा करने की अनुमति मिलती है। ( शेष पृष्ठ 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 सितंबर, 2024


# नोएडा में पांच अधिकारी निलंबित, तीनों प्राधिकरण में मचा हड़कंप




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शासन ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और यूपीसीडा में तैनात पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इन अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने शासन द्वारा जारी तबादले के आदेश का पालन नहीं किया और अपने पदों पर बने रहे। औद्योगिक विकास अनुभाग-4 के संयुक्त सचिव जयवीर सिंह द्वारा जारी आदेश में यह बताया गया कि इन अधिकारियों ने 30 जून 2023 को जारी किए गए जनहित के तबादला आदेश की अवहेलना की थी, जिसके चलते इन पर यह कार्रवाई की गई है। इन अधिकारियों में आरए गौतम सीनियर मैनेजर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, गुरविंदर सिंह सीनियर मैनेजर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, आरके शर्मा सीनियर मैनेजर, नोएडा प्राधिकरण, केएन श्रीवास्तव यूपीएसआईडीसी व राजेंद्र भाटी डीजीएम यमुना विकास प्राधिकरण को सस्पेंड किया गया है। इसके अलावा कई ओर भी सस्पेंशन की तलवार लटक सकती है। बताया गया कि आगामी दो से तीन दिनों में नई ट्रांसफर लिस्ट भी जारी हो सकती है। जिसको लेकर तीनों प्राधिकरण में हड़कंप का माहौल बना हुआ है। शासन द्वारा जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि ये अधिकारी 30 जून 2023 को जारी किए गए तबादला आदेश का पालन नहीं करते हुए अनुशासनहीनता और शासकीय आदेशों की अवहेलना की है। इस क्रम में उप्र सरकारी सेवक (अनुशासन और अपील) नियमावली 1999 के तहत इन सभी सस्पेंड किया गया है। इसी मामले में पहले भी नोएडा और ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण के कई अधिकारियों को सस्पेंड और विभागीय जांच की जा रही है।

● ट्रांसफर के बाद भी नहीं छोड़ा था स्थान, जारी होगी ट्रांसफर लिस्ट

# एक्सप्रेसवे के समानांतर बनेगा एलिवेटेड हाईवे

● 30 किलोमीटर का होगा नया एक्सप्रेस, एनएच घोषित करने को भेजा पत्र, एलिवेटेड या ग्राउंड पर बनेगा



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण एक्सप्रेसवे के समानान्तर एक नया एक्सप्रेस वे बनाने जा रहा है। ये एक्सप्रेस वे करीब 30 किमी लंबा होगा। इसके दो ऑप्शन है। एलिवेटड ट्रैक 6 लेन का होगा और ग्राउंड पर बनाए तो ये 8 लेन का होगा। ये एक्सप्रेस वे सेक्टर-150 के पास यमुना एक्सप्रेसवे को जोड़ेगा। एलिवेटड कालिंदी कुंज के पास यमुना पुल से सेक्टर 150 के पास समाप्त होने वाली सड़क तक बनाया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण ने प्रदेश सरकार से 30 किमी की दूरी को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का अनुरोध किया है।

इसका निर्माण नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) करेगा। इसके लिए इस पूरे 30 किमी के ट्रैक को नेशनल हाइवे घोषित करना आवश्यक है। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि नया एक्सप्रेस बनाने का उद्देश्य साफ है। दरअसल, वर्तमान में नोएडा एक्सप्रेस वे पर रोजाना करीब 3 से 4 लाख वाहन आते है। भविष्य में यहां और ज्यादा वाहन चलेंगे। इससे कार्बन उत्सर्जन ज्यादा होगा। यानी आसपास के क्षेत्र में वायु प्रदूषण में इजाफा होगा। साथ ही वाहनों को जाम का सामना करना पड़ेगा।

इसलिए नया एक्सप्रेस वे बनाना ज़रुरी है। प्राधिकरण के सीईओ ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के प्रमुख सचिव को भेजे गए एक पत्र में नए प्रस्तावित एक्सप्रेसवे को राष्ट्रीय राजमार्ग नामित किए जाने के महत्व को रेखांकित किया। एक बार मंजूरी मिलने के बाद, परियोजना को लागू करने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं आगे बढ़ेंगी, जिससे निर्माण शुरू करने का रास्ता साफ होगा। ये प्रोजेक्ट काफी बढ़ा है। इसके निर्माण में करीब 2 से 3 हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसके लिए दो ही विकल्प है। या तो एनएचएआई इसका निर्माण करे या फिर बीओटी के आधार पर निर्माण कराया जाए। बीओटी के महत इतना बड़ा प्रोजेक्ट कोई एक कंपनी लेती है तो टोल और अन्य राजस्व के माध्यम से वो निर्माण लागत वसूलेगी। इससे आम लोगों पर भार बढ़ेगा। ऐसे में प्राधिकरण ने एनएचएआई से पत्राचार किया। जिसने हामी भरते हुए एक सलाहकार कंपनी गठित की है। ये कंपनी प्रोजेक्ट की डिटेलिंग में प्राधिकरण की मदद करेगा। नोएडा दिल्ली को जोड़ने वाला मुख्य शहर है। चिल्ला बार्डर से एनएच-9 तक पहले से ही फ्लाई ओवर बने है।

चिल्ला से एक एलिवेटिड प्रस्तावित है। ये एलिवेटिड महामाया फ्लाईओवर तक प्रस्तावित है। यही से यानी कालिंदी कुंज यमुना नदी से पुश्ता रोड के साथ एक एलिवेटड ट्रैक और ग्राउंड ट्रैक बनाकर इसे सेक्टर-150 से जोड़ा जाए। ये 30 किमी का पैंच एनएच घोषित होने पर एनएचएआई को बनाने में कोई आपत्ति नहीं होगी। क्योंकि नियमत: एनएचएआई सिर्फ नेशनल हाईवे को कनेक्ट करते हुए इंफ्रा तैयार करती है।

दिल्ली से रोजाना लाखों की संख्या में वाहन नोएडा एक्सप्रेस वे के जरिए ग्रेटर नोएडा , यमुना एक्सप्रेस से आगरा, लखनऊ और भविष्य में जेवर एयरपोर्ट तक जाएंगे। वर्तमान में नोएडा एक्सप्रेसवे पर करीब 3 से 4 लाख वाहन चलते है। पीक आवर में यहां जाम की स्थिति रहती है।

# गाजियाबाद में नहर में नहाने गए दो युवक डूबे

● पीएसी के गोताखोर तलाश कर रहे



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के मोदीनगर में गंगनहर पर शनि मंदिर घाट के सामने बुधवार रात आठ बजे के आसपास नहर में नहा रहे दो युवक पानी के तेज बहाव में बह गया। पीएसी के गोताखोर युवकों की तलाश कर रहे हैं।

परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। गाजियाबाद के नेहरु नगर निवासी सन्नी (20) पुत्र राम इकबाल प्रॉप्टी डीलिंग का काम करते थे और सूरज(19) पुत्र विजय सिंह इंटर का छात्र थे। बुधवार शाम को सन्नी और सूरज दोनों परिवार के साथ मुरादनगर गंगनहर में पूजा अर्चना करने के लिए आए थे। पूजा अर्चना करने के बाद सन्नी और सूरज अन्य लोगों के साथ नहर में नहाने लगे। नहाते हुए दोनों युवक नहर के बीच में पहुंच गए। पानी का तेज बहाव होने के कारण सन्नी और सूरज डूबने लगे। अपने आप को डूबता देखकर दोनों ने शोर भी मचाया। लेकिन उस समय घाट पर कोई गोताखोर मौजूद नहीं था। जिस कारण दोनों युवक पानी के तेज बहाव में बह गए।

सूचना मिलते ही पीएसी का फ्लड दस्ता पहुंचा और युवकों की तलाश शुरु की। परिजनों ने निजी गोताखोरों को भी युवकों की तलाश के लिए लगाया गया है। थाना प्रभारी ने युवकों की तलाश के लिए एनडीआरएफ को पत्र लिखा है। उम्मीद की जा रही है कि गुरुवार को ही एनडीआरएफ की टीम सर्च अभियान चलाएगी। एसीपी ने बताया कि युवकों की तलाश की जा रही है।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में छात्र से फोन छीना

● लाउडस्पीकर में दब गई दिव्यांग छात्र की आवाज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में बुधवार को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में जिस छात्र को मोबाइल मिला, उसे एक शातिर ने उड़ा लिया। कार्यक्रम के दौरान ही ये शातिर मोबाइल छीनकर फरार हो गया। ये सब तब हुआ, जब कार्यक्रम स्थल के आसपास करीब एक हजार पुलिसवाले तैनात थे।

बिना चेकिंग न कोई अंदर आ सकता था और न ही बाहर जा सकता था। इसके बावजूद शातिर युवक भाग निकला। पूरे मामले में पीड़ित छात्र ने घंटाघर कोतवाली में स्त्रङ्कक्र दर्ज कराई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को घंटाघर रामलीला मैदान में मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने 6500 से ज्यादा छात्रों को स्मार्टफोन और टैबलेट का वितरण किया।

कुछ छात्र-छात्राओं को उन्होंने मंच पर बुलाकर मोबाइल-टैबलेट दिए, जबकि ज्यादातर छात्रों को कॉलेजों ने उन्हीं की सीट पर जाकर ये प्रदान कर दिए गए थे। मोबाइल पाने वालों में मेरठ जिले के गांव अफजलपुर पावटी निवासी मनोज भी था, जो एमएमएच कॉलेज से एलएलबी की पढाई पूरी कर चुका है। दिव्यांग मनोज के अनुसार, कॉलेज की तरफ से उन्हीं की सीट पर आकर मोबाइल दे दिया गया था। वे दर्शक दीर्घा में अन्य हजारों स्टूडेंट्स के साथ बैठे हुए थे। मोबाइल पाने के बाद कुछ स्टूडेंट्स उठकर चलने लगे। इसी दौरान एक शातिर व्यक्ति आया और मोबाइल बॉक्स हाथ से लेकर भाग निकला। मनोज ने शोर भी मचाया, लेकिन लाउड स्पीकर की आवाज में उनकी आवाज दबी रह गई और आरोपी फरार हो गया।

वहीं गाजियाबाद निवासी पत्रकार का बेटा उज्जवलदिल्ली कॉलेज से मेट्रो से गाजियाबाद लौट रहा था। गाजियाबाद में मेट्रो स्टेशन से एग्जिट करते वक्त उसने मोबाइल कवर से अपना मेट्रो स्मार्ट कार्ड निकाला और मोबाइल जेब में रख लिया। स्वाइप करने के बाद एग्जिट बैरियर क्रॉस होने पर जब उसने स्मार्ट कार्ड मोबाइल में रखना चाहा तो मोबाइल जेब में नहीं था। आरोप है कि सीआईएसएफ के जवान ने ये कहा कि हम किस-किस को सीसीटीवी दिखाएं, आज ही 25 लोगों के मोबाइल चोरी हो गए हैं, तुम 26वें युवक हो।

# नोएडा पुलिस की पूछताछ में काजल खत्री ने उगले राज

● एयरलाइन क्रू मेंबर हत्या की है मास्टरमाइंड

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

19 जनवरी को बाइक सवार तीन बदमाशों ने कार में बैठे एयरलाइंस कर्मी सूरज मान की गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी। जेल में बंद गैंगस्टर कपिल मान के इशारे पर वारदात को अंजाम दिया गया था।

मृतक एयरलाइंस कर्मी सूरज मान दिल्ली के गैंगस्टर प्रवेश मान का सगा भाई था। इस हत्या के पीछे का मास्टरमाइंड कपिल मान की गर्लफ्रेंड काजल खत्री को दिल्ली क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया। हालांकि नोएडा पुलिस की कई टीम काजल की गिरफ्तारी को लेकर लगातार प्रयास कर रही थी। लेकिन हर बार चकमा देकर फरार हो जाती थी। पुलिस ने काजल की ट्रांजिट रिमांड ले ली है। वो उसे दिल्ली के रोहणी से देर रात नोएडा लेकर पहुंची। यहां गोपनीय स्थान पर



पूछताछ कर रही है। नोएडा ने काजल पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया है। साथ ही एक बार फिर से मर्डर का सीन का रीक्रिएशन कराया जाए सकता है। इस मामले में अब भी तीसरे शूटर की पहचान नहीं हो सकी है। संभवता कागज से पूछताछ के जरिए तीसरे शूटर की पहचान हो सकती है। बताया गया कि तीसरा शूटर ही लॉरेंस बिश्नोई गैंग का गुर्गा हो सकता है। हत्याकांड की पूरी कहानी ही काजल ने लिखी थी। काजल मोबाइल ऐप के जरिए जेल में बंद कपिल और शूटरों के बीच कम्युनिकेशन करती थी। लोकेशन से लेकर हथियार मुहैया कराना और पैसों का लेनदेन सब कुछ काजल के हाथ में ही है।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर बस के आगे कूदा युवक

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार बस के सामने कूदकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मौके पर युवक की मौत हो गई।

युवक की शिनाख्त करने को कोशिश कर रही है। आत्महत्या करने की घटना एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मोदीनगर के गांव कलछीना के सामने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक युवक सामने से आ रही तेज रफ्तार बस के आगे कूद गया। युवक अचानक से सामने आया। जिसकी वजह से बस ड्राइवर ने तुरंत ही ब्रेक लगाया। टक्कर लगने से उसकी मौत हो गई।

## मोरना डिपो के पीछे की दीवार गिरी

**नोएडा।** नोएडा में लगातार हो रही बारिश के चलते मोरना बस डिपो के पीछे की दीवार गिर गई। ये दीवार गांव की तरफ है। ग़नीमत रही कि दीवार के पास कोई नहीं था। जानकारी मिलते ही थाना सेक्टर-24 पुलिस मौके पर पहुंची। मलबा हटाने का काम शुरू किया जा रहा है। साथ ही दीवार के स्थान पर फेंसिंग की जाएगी।

ये दीवार करीब 15 मीटर तक गिरी है। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि रात और सुबह के समय बारिश के चलते दीवार गिरी। देर रात होने की वजह से यहां कोई नहीं था। अक्सर लोग इस दीवार के नीचे बैठते है। इसके अलावा नोएडा में कई सेक्टरों में बिजली सप्लाई बाधित है। इसकी वजह लोकल फाल्ट बताया जा रहा है। जिसे ठीक कराया जा रहा है। आईएमडी के मुताबिक आज बारिश के आसार है। अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## संक्षिप्त समाचार



कंपनी में डकैती डालने और माल खरीदने वाला पुलिस गिरफ्त में।

### इलेक्ट्रिकल कंपनी में डकैती का खुलासा, दो धरे

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थाने के एसएचओ सचिन कुमार की टीम ने 7 सितंबर की रात पटेल मार्ग शिब्बनपुरा में स्थित एसपी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग वर्क्स में पड़ी लाखों की डकैती का खुलासा वारदात के कुछ दिनों के अंदर ही कर दिया। इस खुलासे के दौरान एसएचओ की टीम ने जहां कंपनी में डाका डालने वाले आधा दर्जन बदमाशों में से एक डकैत नितिन निवासी शिब्बनपुरा को मय माल व हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया वहीं डकैती के दौरान लूट गये माल को खरीदने वाला जाहिद निवासी दिल्ली को भी मय माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार पुलिस की कई टीम शेष डकैतों को दबोचने के लिये उनके ठिकानों पर मकानों पर दबिश मार रही हैं। सूत्रों का कहना है कि शेष डकैत भी लगभग पुलिस की पकड़ में आ चुके हैं। बता दें कि सात सितंबर को आधा दर्जन बदमाशों ने पटले मार्ग शिब्बनपुरा में स्थित सरदार हरजिंदर सिंह की कंपनी में डाका डाला था। फिल्मी स्टाइल में डाले गये डाके के दौरान बदमाशों ने रोबिनहुड की तरह कंपनी की सुरक्षा में लगे गार्ड को पांच सौ का नोट भी बतौर गिफ्ट दिया था।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोनेट किया 216 यूनिट ब्लड

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को गाजियाबाद में भाजपा कार्यकर्ता सेवा पखवाड़े के तौर पर मना रहे हैं। इसके तहत गुरुवार को रक्तदान कैंप का आयोजन नवयुग मार्केट स्थित शहीद स्थल पर हुआ। इसमें 216 यूनिट रक्तदान कार्यकर्ताओं ने किया। इस दौरान गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने कहा, रक्तदान महादान होता है। जिन युवा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया है, मैं उनका धन्यवाद देता हूं। रक्तदान के लिये हम सभी के आगे आने से जरूरतमंद लोगों को इमरजेंसी में रक्त की पूर्ति होगी। हमारे द्वारा किसी परिवार में जीवन में नई रोशनी की किरण बनेगी। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अरुण यादव ने कहा कि युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा रक्तदान महादान के शिविर प्रत्येक जिले-महानगर में लगाए गए हैं। हर जगह 74वें जन्म दिवस पर 74 यूनिट रक्तदान का टारगेट रखा गया है, लेकिन इससे ज्यादा संख्या में रक्तदान करने युवा कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा- 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर देशभर में सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। इसमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को लेकर संगोष्ठी जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा- दुनिया में हर चीज का विकल्प है, लेकिन मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, क्षेत्रीय मंत्री अनुज कश्यप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अधिवक्ता के घर चोरी करने वाला 'चूहा' गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने अधिवक्ता के यहां चोरी करने के मामले फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए हुए 1,15,000 रुपये बरामद किए हैं। इस घटना में शामिल बाकी चोरों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। दरअसल दादरी कोतवाली के गैस गोदाम के पीछे कालोनी रहने वाले अधिवक्ता संजय शर्मा के यहां पर 13 अगस्त को चोरों ने घर और अलमारी का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस दौरान चोरों ने उनके घर से लाखों रुपये की नगदी और लाखों रुपए की ज्वेलरी चोरी की थी। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया और टीम बनाकर चोरों की तलाश में जुट गई। दादरी पुलिस ने आज इस मामले में लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार कार्यवाही करते हुए चोरी की घटना मे संलिप्त चोर स्वालिन उर्फ चूहा को पेरिफेरल पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 1,15,000 रूपये भी बरामद हुए है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने साथी सलमान, चांद और आबिद के साथ चिटहैरा गांव में गैस गौदाम के पास एक बंद घर से कीमती सामान और पैसे चोरी किये थे।

# गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में पीएचडी छात्रा से छेड़छाड़

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के डीन के खिलाफ पीएचडी की छात्रा से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। छेड़छाड़ करने के मामले में ईकोटेक वन थाने में डीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। छात्रा की बहन ने इस मामले में शिकायत की। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के द्वारा इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। दरअसल पीड़िता की बहन ने पुलिस को दी।

शिकायत में बताया कि गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में उसकी बहन पीएचडी कर रही है। करीब दो महीने पहले डीन ने उसकी बहन को अपने ऑफिस में बुलाया और उसे डबल मीनिंग बात की और अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। पीड़िता की तरफ से बताया गया कि इस मामले में यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट से शिकायत की। तो आईएससीसी कमेटी बनाई गई। उसके द्वारा मामले की जांच की गई। लेकिन इतने दिन गुजारने के बाद भी उनकी तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले में पीड़िता की बहन ने अभी कुछ दिन पहले ही यूजीसी से भी शिकायत की थी। लेकिन डीन के खिलाफ कहीं भी कोई भी कार्रवाई न होने पर अब पीड़िता की बहन ने पुलिस से पूरे मामले की शिकायत की है। जिस पर इकोटेक वन थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी में पीएचडी की छात्रा की शिकायत पर डीन के खिलाफ छेड़छाड़ की।

# किशोरी को अगवा कराने में शामिल इनामी महिला को धरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना बादलपुर क्षेत्र से एक किशोरी को अगवा कर बलात्कार करने के मामले में शामिल एक महिला को थाना बादलपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर संतोष कुमारी पत्नी अमर सिंह निवासी ग्राम बक्सर खालसा थाना सहसवान जनपद बदायूं को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि महिला के खिलाफ धारा 366 368 376 और 3ध्4 के तत्व मुकदमा दर्ज था। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति ने थाना बादलपुर में 26 फरवरी वर्ष 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी को टिंकू चरण



सिंह, अमर सिंह तथा उसकी पत्नी संतोष कुमारी बहला-फुसलाकर ले गए हैं। उन्होंने बताया कि किशोरी को बरामद करने के बाद जब डाक्टरी परीक्षण करवाया गया तो पता चला कि उसके साथ बलात्कार हुआ है। उन्होंने बताया कि महिला के बेटे द्वारा अपने माता-पिता के सहयोग से किशोरी को अगवा किया गया था। अभियुक्ता संतोष कुमारी पर धारा 368 का अपराध होना पाया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में टिंकू और अमर सिंह को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the Public that (a) Joint Development Agreement dated 23.05.2022, bearing registration No. 1963, executed between Hasta Infrastructure Private Limited and ATS Realworth Private Limited, and duly registered in the office of Sub-Registrar- Harsaru on 23.05.2022, and (b) General Power of Attorney dated 23.05.2022, bearing registration No. 30, executed by Hasta Infrastructure Private Limited in favour of ATS Realworth Private Limited, and duly registered in the office of Sub-Registrar- Harsaru on 23.05.2022 (hereinafter collectively referred to as **"Property Documents")**, entered in relation to transfer of development rights of land admeasuring approx. 1.08125 Acres, situated in Village Gopalpur, Sector 99A, Gurugram, Haryana **("Said Property")**, has been lost/misplaced. Accordingly, a complaint has been lodged at **Sector 10, Gurugram** Police Station, bearing Lost Property Report No. **132270852401576** dated **06/08/2024.**

Any person including but not limited to a body corporate, partnership firm, authority, who has found the said Property Documents or knows its whereabouts, is requested to contact the undersigned. If no information is received within 14 days, we will regard the Property Documents to be lost and will apply for the issuance of a certified true copy of the Property Documents. The said certified true copy shall then be regarded as the original documents of the Said Property.

General public is also hereby informed that we have a valid, exclusive and subsisting development rights on the Said Property and all persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of said missing/lost Property Documents.

Sd/- **ATS Realworth Private Limited,**
**711/92, Deepali, Nehru Place, New Delhi- 110019.**
**Telephone:** 0120-7111500
**Email:** compliances@atsgreens.com

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती उषा गुप्ता पत्नी श्री छोटे लाल गुप्ता, जो आवासीय राइट-साइड पोर्शन ऑफ सेकंड फ्लोर (बिना छत के अधिकार के), संपत्ति संख्या 16/478-I, क्षेत्रफल 65 वर्गगज, मिलिट्री रोड, बापानगर, करोल बाग, नई दिल्ली-110005 की मालिक हैं, ने उक्त संपत्ति को श्रीमती फूलवती पत्नी श्री अशोक कुमार से दिनांक 14.09.2022 को विक्री विलेख के माध्यम से खरीदी। यह मंजिल पहले श्री हरविंदर पाल सिंह द्वारा (1) एस. चरणजीत सिंह, (2) श्री तरविंदर पाल सिंह छटवाल, (3) श्री इंद्रजीत सिंह, (4) श्री महेन्द्र पाल सिंह, (5) श्रीमती सुरिंदर कौर लांबा के माध्यम से जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी (खून के रिश्ते), समझौता (एग्रीमेंट) और वसीयत (विल) दिनांक 20.03.2015 को खरीदी गई थी। इसके बाद, श्री हरविंदर पाल सिंह ने उक्त मंजिल को श्रीमती फूलवती को जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी, स्पेशल पावर ऑफ अटॉर्नी, समझौता (एग्रीमेंट) और वसीयत (विल) दिनांक 06.12.2019 को बेचा। उक्त संपत्ति को हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा NSP नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। यह नोट किया गया है कि निम्नलिखित दस्तावेज अनुपलब्ध, खोए हुए, या गुम हो गए हैं : मूल नोटराइज्ड जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 20.03.2015, मूल नोटराइज्ड म्यूचुअल एग्रीमेंट दिनांक 20.03.2015, और मूल नोटराइज्ड वसीयत दिनांक 20.03.2015 श्री हरविंदर पाल सिंह के पक्ष में, जिन्होंने उपरोक्त पीओए दस्तावेजों को 06.02.2019 को निष्पादित किया था। यह विवरण **BANK/NBFC** की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रदान किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को संबंधित संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया नोटिस की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें । उक्त आपत्ति को पंजीकृत डाक के माध्यम से निम्नलिखित पते पर और ई-मेल केमाध्यम सेभेजा जा सकता है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो उपर्युक्त के अनुसार दावा को संबंधित संपत्ति के संबंध में शून्य और अमान्य माना जाएगा।

अश्वनी कुमार (वकील)
चैंबर नंबर 122, तहसील कंपाउंड, गाजियाबाद, यूपी

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to public that the Mutation/Substitution letter no. SC (GP)/A-199/Kilo/844 dated 02.07.1959 in the name of Smt. Kuldip Kaur pertaining to property No. "A-199, Defence Colony, New Delhi-110024" admeasuring 282 Square Yards has been lost. An Information Report has been registered dated 27/08/2024 with LR no. 2061936/2024 with SO No. 430/2014 Delhi Police.

All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly informed the undersigned in writing on below mentioned address within 7 days from the date of publication of this notice at the address given hereinunder.

**20th Sept. 2024**

**Mr Paramjeet Singh**
**A-199 Defence Colony, New Delhi**
**Mob: +91 93110 73666**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Aman Gupta, Mr. Rahul Gupta, Mr. Ankur Arora, Mrs. Nirmala Devi and Mr. Mahender Gupta are joint owners of Entire First Floor of Property bearing No. B-127, (Block-B, Plot No.127), admeasuring 156.07 sq. mtrs., i.e. 186.67 sq. yds., situated in the layout plan of Ministry of Works Housing and Supply Co-op. House Building Society Ltd., Colony known as Nirman Vihar, Delhi "Said Property" by virtue of two separate Sale deeds (each of ½ undivided share) both dt. 27.07.2022, executed by Mr. Rohit Mahajan, All persons are hereby informed that above mentioned owners want to sale the first floor of the said property to someone who is taking home loan for purchase the same from our client. if anybody has any objection/s upon the said property/floor, its title its sale and mortgage, and ownership of Mr. Aman Gupta, Mr. Rahul Gupta, Mr. Ankur Arora, Mrs. Nirmala Devi and Mr. Mahender Gupta, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
**200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15**
**Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com**

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, UPENDRA TIWARI S/O VIRENDRA TIWARI R/O 4264, GALI NO-9, AJIT NAGAR, GANDHI NAGAR S O EAST DELHI, DELHI-110031 declare that name of my minor son has been wrongly written as SACHIN in my minor son namely SACHIN TIWARI aged 17 year in his 10th class educational documents and school record. The actual name of my minor son is SACHIN TIWARI which may be amended accordingly.

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर-23, शाल टावर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुखविंदर सिंह/ मनदीप कौर/ TBAMT00006312340 | घर का क्षेत्रफल- 3.10 मरला (5.5 फीट करम के साथ), खेवट नंबर 631 में शामिल, खतौनी नंबर 845, खसरा नंबर- मुरब्बा नंबर 161, किल्ला नंबर 23/1/1(0-9), मुरब्बा नंबर 178, किल्ला नंबर 7(8-0) 13/2 (3-16) 14(7-10) 15/1(4-7) 27(0-12) एवं खेवट संख्या 632 खतौनी संख्या 846 मुरब्बा संख्या 178 किल्ला संख्या 6/2(5-0) और खेवट नंबर 633 खतौनी नंबर 847, मुरब्बा नंबर 161, किल्ला नंबर 24(8-0) 25(6-6), मुरब्बा नंबर 178, किल्ला नंबर 4(8-0) 5(5-14), शांति नगर में स्थित, बस्ती भाटिया वाली के पास, फ़िरोज़पुर शहर, हदबस्त नंबर 108, तहसील और जिला फिरोजपुर, पंजाब- 152004/ सितंबर 17, 2024 | अप्रैल 19, 2024 रु. 30,01,192/- | फिरोजपुर/ गुरुग्राम |

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी ।

**दिनांक : सितंबर 20, 2024**
**स्थान : गुरुग्राम**

**भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए**

CENTRE FOR SIGHT
Every eye deserves the best

**सार्वजनिक सूचना**

सेन्टर फॉर साइट- आँखो का अस्पताल , इस नोटिस के माध्यम से सभी लोगों को सूचित करते हैं कि निम्नलिखित केन्द्रो के, 1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 तक के पुराने मेडिकल रिकॉर्ड (एमएलसी, अदालत के मामले और शिशु नेत्र विज्ञान को छोड़कर) नष्ट कर दिये जायेंगे । दिल्ली/एनसीआर: द्वारका, सफदरजंग एनक्लेव, अशोक विहार, फरीदाबाद, गुरुग्राम (सेक्टर-29, एन आर आर), प्रीत विहार, राजौरी गार्डन, रोहिणी, विकासपुरी । कोई भी मरीज जो अपने मेडिकल दस्तावेज एकत्र करना चाहते है, वह सेन्टर फॉर साइट, द्वारका, सेक्टर-9 में एमआरडी विभाग से संपर्क कर सकते है।

इस नोटिस के प्रकाशन के एक महीने के बाद, हम 1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 तक के सभी मेडिकल रिकॉर्ड (एमएलसी, अदालत के मामले और शिशु नेत्र विज्ञान को छोड़कर) नष्ट कर दिए जाएंगे और इसके लिए हम जिम्मेदार नहीं होंगे।

**चिकित्सा अधीक्षक - सेन्टर फॉर साइट**

TATA
**TATA POWER**
**(Corporate Contracts Department)**
**Sahar Receiving Station, Near Hotel Leela, Andheri (E), Mumbai 400 059, Maharashtra, India**
**(Board Line: 022-67173994) CIN: L28920MH1919PLC000567**

**NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST**

The Tata Power Company Limited hereby invites Expression of Interest from eligible parties for following Services:

1. **CC25FK060 - Security Services at Jojobera Plant, Jamshedpur, Jharkhand for a period of three years**
2. **CC25FK065 - Guest House Services at Tata Power Noida Office for a period of two years**
3. **CC25FK066 - Facility Management Services at Tata Power Noida Office for a period of two years**
4. **CC25FK067- Security Services at Tata Power Noida Office for a period of three years**

For details of pre-qualification requirements, purchasing of tender document, bid security, etc., please visit Tender section of our website **(URL: https://www.tatapower.com/tender)**. Eligible parties willing to participate may submit their expression of interest along with the tender fee on or before **30th September 2024.**

# आतिशी मंत्रिमंडल में दलित चेहरा होंगे मुकेश अहलावत

**● चार मंत्रियों को फिर मिली जगह, नए मुख्यमंत्री के साथ लेंगे शपथ**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली की नामित मुख्यमंत्री आतिशी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे जबकि चार मंत्री बरकरार रहेंगे। आप ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

दिल्ली की मुख्यमंत्री नामित की गईं आतिशी और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी 21 सितंबर को पद की शपथ लेंगे। आप ने कहा कि गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत और इमरान हुसैन को पुन: मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी। दिल्ली के सुल्तानपुर माजरा से विधायक अहलावत को समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद द्वारा इस्तीफा देने के बाद खाली हुए स्थान पर शामिल किया जाएगा। आनंद ने अप्रैल में केजरीवाल सरकार से इस्तीफा दे दिया था और आप से भी नाता तोड़ लिया था।

दिल्ली सरकार के मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री समेत सात सदस्य हैं। नई मुख्यमंत्री और नए सदस्यों का कार्यकाल संक्षिप्त होगा क्योंकि अगले साल फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे। दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल के सातवें सदस्य के नाम की घोषणा होना अभी बाकी है। नए मंत्रिमंडल को लंबित नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना, इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2.0 और घर तक सेवाओं की आपूर्ति जैसी योजनाओं पर तेजी से काम करना होगा और उन्हें मंजूरी देनी होगी। अहलावत सुल्तानपुर माजरा से विधायक हैं। वह 2020 में इस सीट से पहली बार विधानसभा का चुनाव जीतकर सदन में पहुंचे। अहलावत सुल्तानपुर माजरा से पहली बार विधायक बने हैं। उन्होंने 2020 में 48,000 से अधिक मतों के अंतर से इस सीट पर जीत हासिल की थी। अहलावत ने 12वीं तक की पढ़ाई की है और वह पेशे से व्यापारी रहे हैं। सुल्तानपुर माजरा से विधायक होने के अलावा अहलावत राजस्थान सह-प्रभारी का जिम्मा भी संभाल रहे हैं। अहलावत पार्टी के सबसे सक्रिय विधायकों में से एक हैं और लगातार अपने क्षेत्र में जनता के बीच दिखते हैं। अरविंद केजरीवाल के जेल में रहते हुए उन्होंने लगातार एक-एक मोहल्ले में जाकर सभाएं कीं और उन्हें केजरीवाल का संदेश दिया। मुकेश अहलावत से पहले इस सीट से विधायक रहे संदीप कुमार भी दिल्ली सरकार में मंत्री थे। माना जा रहा है कि अहलावत को सामाजिक न्याय विभाग का जिम्मा दिया जा सकता है, जो आम तौर पर किसी दलित चेहरे को सौंपा जाता रहा है।

दलित नेता राज कुमार आनंद के इस्तीफे के बाद से दिल्ली सरकार में एक मंत्री पद खाली था। मुकेश अहलावत को मंत्री बनाकर पार्टी ने उस डैमेज को कंट्रोल करने की कोशिश की है जो पहले राजकुमार आनंद और फिर बड़े दलित नेता राजेंद्र पाल गौतम के पार्टी से इस्तीफे से हुई है। दोनों ही नेताओं ने पार्टी में दलितों की उपेक्षा का आरोप लगाकर साथ छोड़ दिया।

दिल्ली में अगले कुछ महीने में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। राजधानी में करीब 12 प्रतिशत दलित वोटर्स हैं और 2020 विधानसभा चुनाव में पार्टी ने सभी आरक्षित सीटों पर जीत दर्ज की थी। केजरीवाल सरकार का दिल्ली के उपराज्यपाल के साथ शासन और विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के मुद्दों पर कई बार टकराव हुआ है।

दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत सात सदस्य हैं। नई मुख्यमंत्री और नए सदस्यों का कार्यकाल संक्षिप्त होगा क्योंकि अगले साल फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव होंगे। दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल के सातवें सदस्य के नाम की घोषणा होनी अभी बाकी है। नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह राज निवास में आयोजित किया जा सकता है। हालांकि, केजरीवाल ने जिन परिस्थितियों में इस्तीफा दिया है उसके मद्देनजर यह सादा समारोह हो सकता है। आतिशी ने खुद कहा है कि अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा बेहद दुखद क्षण था।

## आतिशी पूरी तरह असफल मंत्री रहीं: वीरेन्द्र सचदेवा

**● बोले: शेष चार माह में सरकार विकास कार्य पर नही चुनाव फंड एकत्र करने पर ध्यान देगी**

*पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली*



*दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि आतिशी एक पूरी तरह असफल मंत्री रही हैं, चाहें लोक निर्माण विभाग हो या जल मंत्रालय या कोई अन्य विभाग वह सब में असफल रहीं, ऐसे मे दिल्ली वाले उनसे एक मुख्य मंत्री के रूप में ज्यादा उम्मीद रखते हैं। सचदेवा ने कहा है इसी तरह केजरीवाल सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज एवं इमरान हुसैन यह सभी मंत्री अपने मंत्रालयों में विफल रहे हैं और वह दुबारा मंत्री बने तो उनसे दिल्ली वालों को कोई उम्मीद नही है। सचदेवा ने कहा है की वैसे भी सुश्री आतिशी सरकार केवल केजरीवाल सरकार का बदला चेहरा है और अब अपने शेष चार माह में सुश्री आतिशी सरकार विकास कार्य पर नही चुनाव फंड एकत्र करने पर ध्यान देगी।*

## ऑनलाइन संपत्ति कर रिटर्न 1 अप्रैल 2025 से अनिवार्य

**● एमसीडी के अनुसार कोई भी मैनुअल भुगतान को स्वीकार नहीं किया जाएगा**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी)1 अप्रैल, 2025 से ऑनलाइन संपत्ति कर रिटर्न दाखिल किए बिना आरटीजीएस/एनईएफटी/व ऑफलाइन माध्यम से किए गए कर भुगतान को स्वीकार नहीं करेगी

एमसीडी ने सभी करदाताओं से अनुरोध किया है कि वे संपत्ति कर रिटर्न ऑनलाइन दाखिल करें ताकि उनके कर का भुगतान ई-पासबुक में दिखाई दे सके। इसके अलावा करदाता द्वारा प्रस्तुत कोई भी मैनुअल पीटीआर संपत्ति कर विभाग द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

दिल्ली नगर निगम ने 1 अप्रैल, 2025 से ऑनलाइन संपत्ति कर रिटर्न दाखिल किए बिना आरटीजीएस/एनईएफटी व ऑफलाइन मोड के माध्यम से किए गए कर भुगतान को स्वीकार नहीं करने का निर्णय किया है। दिल्ली नगर निगम (संशोधन) अधिनियम, 2003 की धारा 123-ए व बी के प्रावधानों के अनुसार, एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में आने वाली संपत्तियों (भवन एवं खाली भूमि) के संबंध में संपत्ति कर रिटर्न (पीटीआर) दाखिल करने और संपत्ति कर के भुगतान की जिम्मेदारी संपत्ति के मालिक/कब्जाधारक की होती है। संपत्ति कर के भुगतान के लिए एमसीडी की ऑनलाइन प्रणाली सुचारू रूप से काम कर रही है, सभी करदाताओं को अनिवार्य रूप से संपत्ति कर रिटर्न ऑनलाइन दाखिल करना आवश्यक है, ताकि उनके कर का भुगतान सिस्टम में ही ई-पासबुक के रूप में दिखाई दे सके।

यह देखा गया है कि बड़ी संख्या में करदाता ऑनलाइन पीटीआर दाखिल करने के बजाय आरटीजीएस/एनईएफटी/ डीडी आदि के माध्यम से कर का एकमुश्त भुगतान कर देते हैं। ऐसे करदाताओं द्वारा ऑनलाइन पीटीआर दाखिल न करने के कारण, कर मिलान की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती है। इसके साथ ही विभाग द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि करदाता द्वारा प्रस्तुत कोई भी मैनुअल पीटीआर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# शहरीकृत गांवों के कृषि भूमि की दाखिल खारिज आज से होगी शुरू

**● 14 साल बंद थी प्रक्रिया, उत्तराधिकार के आधार पर एक बार फिर से किया जा रहा चालू**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अनुमति के बाद राजधानी दिल्ली के शहरीकृत गांवों में एक बार फिर से उत्तराधिकार के आधार पर कृषि भूमि के दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) होने की प्रक्रिया शुक्रवार (20 सितंबर 2024) से शुरू हो जाएगी। 14 वर्षों से बंद पड़ी इस प्रक्रिया के कारण,लाखों दिल्लीवासी अपने उत्तराधिकार के प्राकृति प्रदत्त अधिकारों से वंचित थे।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने, आम लोगों की लंबे समय से लंबित मांगों को देखते हुए, 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर, उत्तराधिकार के आधार पर दाखिल-खारिज की अनुमति देने की घोषणा की थी। राजधानी के सभी 11 राजस्व जिलों के 166 गांवों में आज (20 सितंबर) से 5 अक्टूबर के बीच राजस्व विभाग, दिल्ली सरकार द्वारा 74 शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य दिल्ली के शहरीकृत गांवों में उत्तराधिकार के आधार पर भूमि अभिलेखों को अपडेट करना है।

एलजी सक्सेना ने अधिकारियों और कर्मचारियों को लोगों के दरवाजे पर पहुंच और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का इस संबंध में निर्देश दिया है, ताकि दाखिल-खारिज के लिए, लोगों को डीएम/एसआर ऑफिस के चक्कर न लगाने पड़ें। एलजी के निर्देशों के बाद 18 सितंबर को एक विस्तृत आदेश जारी कर इसके लिए जिलों/गांवों में आयोजित किए जाने वाले शिविरों की संख्या सूचीबद्ध की गई है। सक्सेना ने डीएम/एसडीएम को शिविरों का दौरा कर प्रक्रिया की निगरानी करने और इसका सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है, ताकि लाभार्थियों को किसी तरह की परेशानी या उत्पीड़न का सामना न करना पड़े।

सक्सेना ने इससे पहले दिल्ली के शहरीकृत गांवों में कृषि भूमि के स्वामित्व अधिकारों को उत्तराधिकार केआधार पर दर्ज करने की घोषणा की थी। यह एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो दिल्ली के लाखों निवासियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। यह निर्णय उन लोगों की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करेगा, जो 2010 से उत्तराधिकार के अपने अधिकार से वंचित हैं।

दिल्ली के ग्रामीणों के साथ राजनिवास में आयोजित 'संवाद' में भी, दाखिल-खारिज नहीं होना, लोगों की सबसे बड़ी शिकायत थी। दिल्ली के सभी 7 सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी उपराज्यपाल से मुलाकात कर, इस संबंध में अपना पक्ष रखा था।

## डूसू चुनाव में पूरा हुआ नामांकन, आज तक वापस ले सकेंगे नाम

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को तीन बजे तक नामांकन करने का काम पूरा हो गया। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच शुरू हो गई और जिसके बाद उम्मीदवारों की पहली सूची जारी होगी। उम्मीदवार शुक्रवार (20 सितंबर) दोपहर 12 बजे तक नाम वापस ले सकेंगे

डीयू प्रशासन ने आखिरी दिन होने के चलते नामांकन प्रक्रिया के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। ताकि नामांकन के दौरान छात्र संगठनों द्वारा किसी भी तरह का हुड़दंग न किया जा सके। नामांकन केंद्र पर पुलिस और डीयू सुरक्षाकर्मियों का कड़ा पहरा रहा। बृहस्पतिवार को नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद भावी उम्मीदवारों को जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा कराना होगा।

वहीं बुधवार शाम को शहीद भगत सिंह कॉलेज के पास सैकड़ों छात्रों ने एकत्रित होकर अपने छात्र नेता के समर्थन में नारेबाजी की। वहीं भावी प्रत्याशियों ने भी छात्रों से मुलाकात कर उनका समर्थन मांगा। इस दौरान यसमीन कौर ने बताया कि मैं भावी प्रत्याशी के तौर पर तैयारी कर रही हूं कॉलेज और यूनिवर्सिटी के कई मुद्दे हैं, फीस बढ़ोतरी के मुद्दे हैं, हॉस्टल के मुद्दे हैं।

## राजधानी के कुछ इलाकों में पेयजल आपूर्ति रहेगी बाधित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के कुछ इलाकों में शुक्रवार को 12 घंटे तक पेयजल आपूर्ति नहीं होगी। दिल्ली जल बोर्ड ने यह जानकारी दी है।

इस संबंध में जारी बयान के मुताबिक प्रभावित इलाकों में सिविल लाइंस, हिंदू राव अस्पताल, कमला नगर, शक्ति नगर, करोल बाग, पहाड़ गंज, ओल्ड एवं न्यू राजेंद्र नगर, पटेल नगर (पूर्व और पश्चिम), बलजीत नगर, प्रेम नगर, इंद्रपुरी, छावनी क्षेत्र के कुछ हिस्से तथा नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के तहत आने वाले कुछ के इलाके एवं दक्षिण दिल्ली के इलाके शामिल हैं।

बयान के अनुसार, डॉ. आंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक, सिविल लाइंस के परिसर में चंद्रावल वाटर वर्क्स से निकलने वाली 500 मिलीमीटर व्यास वाली राइजिंग मेन में लीकेज की मरम्मत के चलते चंद्रावल वाटर वर्क्स के बंद रहने के कारण 20 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से 12 घंटे तक चंद्रावल वाटर वर्क्स से पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बयान में कहा गया है कि मरम्मत कार्य के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी और इसलिए प्रभावित इलाकों के निवासियों को पानी के विवेकपूर्ण उपयोग की सलाह दी जाती है। बयान के अनुसार, दिल्ली जल बोर्ड के हेल्पलाइन नंबर या केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से मदद की मांग पर पानी के टैंकर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## जीटीबी गोलीबारी मामले में शूटर समेत दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** जीटीबी अस्पताल में गोलीबारी की वारदात में कथित रूप से शामिल 18 वर्षीय एक युवक समेत हाशिम बाबा गिरोह के दो शार्प शूटरों को बृहस्पतिवार को मुजफ्फरनगर में एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अस्पताल में हुई गोलीबारी में एक मरीज की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली और उत्तर प्रदेश पुलिस ने अनस खान (18) और असद अमीम (21) को पकड़ने के लिए संयुक्त अभियान चलाया। मुठभेड़ में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि अनस जुलाई में जीटीबी अस्पताल में गलत पहचान के कारण हुई मरीज की हत्या समेत हत्या के दो मामलों में कथित रूप से शामिल था।

## कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी ने स्वच्छता ही सेवा न्यूजलेटर जारी किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


राजधानी में स्वच्छता ही सेवा न्यूजलेटर जारी करते केंद्रीय जयंत चौधरी।

कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने बहस्पतिवार स्वच्छता ही सेवा नामक एक विशेष न्यूजलेटर जारी किया। सुलभ इंटरनेशनल ने कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सहयोग से कौशल भवन में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत की।

यह अभियान स्वच्छ प्रधानमंत्री की अपील का सम्मान करने के उद्देश्य से विशेष स्वच्छता कार्यक्रमों और पहलों की एक श्रृंखला शामिल करता है। सुलभ स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़े के दौरान भारत के 260 स्थानों पर अभियान चलाने का लक्ष्य रखता है। 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम के तहत यह अभियान 17 सितंबर को शुरू हुआ और 2 अक्टूबर, 2024 को समाप्त होगा।

सुलभ इंटरनेशनल के अध्यक्ष कुमार दिलीप ने कहा, स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान अत्यंत प्रेरणादायक है। वह इस पहल का प्रभाव देशभर में लाखों लोगों के जीवन पर डालने का हर संभव प्रयास करेंगे। कुमार ने आगे कहा, इस तरह के अभियान प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत के दृष्टिकोण को पूरा करने की दिशा में एक कदम है।

## बिल्डिंग गिरने से हुई मौतों की जिम्मेदारी तय हो : देवेंद्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बृहस्पतिवार को करोल बाग के बापा नगर में ईमारत ढहने के हादसे की घटनास्थल का दौरा कर पीड़ितों से मिलें।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह चिंताजनक है कि प्रशासन को लगातार जर्जर मकानों को दोबारा बनाने के आवेदन देने के बावजूद निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण इजाजत नही मिली। जिसका परिणाम अम्बेडकर गली में ईमारत ढहने से 5 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि घायलों और मरने वालों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि दिल्ली में असंवेदनशील सरकार की नाकामियों के कारण दिल्ली में अलग-अलग कारणों से लगातार लोग मर रहे है।

उन्होंने कहा कि घायलों और मरने वालों को उचित मुआवजा दिया जाए, मरने वालों में प्रवासी मजदूर भी शामिल है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता ने जिन लोगों को चुनकर सत्ता सौंपी है वो नकारा साबित हो गए है। आम आदमी पार्टी की सरकार चौतरफा नाकाम साबित हुई है।

## पश्चिमी दिल्ली की बदहाली देख भड़के उपराज्यपाल

**● एलजी ने एजेंसियों की विफलता को अक्षम बताया**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



नांगलाई मेट्रो स्टेशन क बदहाली का जायजा लेते उपराज्यपाल।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पश्चिमी दिल्ली के दौरे के बाद वहां की सड़कों और हालात पर आक्रोश जाहिर करते हुए सरकारी एजेंसियों की विफलता को अक्षम्य बताया है।

उपराज्यपाल ने बुधवार शाम को मुंडका, नांगलोई, रानीखेड़ा, रन्होला, कराला और कंझावला तथा रोहतक रोड के निरीक्षण के दौरान जमीन स्तर पर खामियां और अव्यवस्था को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। एलजी ने अपने दौरे के बाद कहा कि सरकार की उपेक्षा और संबंधित प्रशासनिक जड़ता के कारण पश्चिमी दिल्ली के लाखों लोग नरक से भी बदतर जिंदगी जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी दिल्ली के कई स्थानों पर 2-2 फुट के गड्ढों और सीवर की पानी में डूबी सड़कें नदारद हैं, वर्षों से सफाई न होने से गाद भरे उफनते नाले, सीवर मिला घुटने भर बदबूदार पानी, सड़ते कूड़े, बैक फ्लो मारती सीवर लाइन, जहरीले कीड़े और मच्छरों के बीच उद्गार और रोष व्यक्त करते सैकड़ों बेबस लोग को देखा जा सकता है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, आईएंडएफसी, डीजेबी, डीएसआईआईडीसी द्वारा अपने कार्यो की विफलता अक्षम्य है। निरिक्षण के दौरान जगह-जगह स्थानीय लोग, स्कूल की शाम की शिफ्ट से लौटते बच्चे और बुजुर्गों की भीड़ ने अपने हालात और मजबूरी को साझा किया। उन्होंने कहा कि अधिकांश इलाके में सड़कें टूटी हुई थी स्ट्रीट लाइट नदारद थी। उपराज्यपाल ने कहा कि भारी उपेक्षा के कारण के कारण इलाके के लोग पिछले कई साल से सोशल मीडिया पर अपना कष्ट और रोष व्यक्त कर रहे हैं। निवासियों और नागरिक संगठनों तथा सांसद एवं पार्षद के अनुरोध पर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ निरीक्षण के बाद राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिसके बाद काम चालू है।

# सुविधा: राजधानी में अब दौड़ेगी ई-ग्रामीण सेवा

**● दिल्ली सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन में कन्वर्जन को मंजूरी दी**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अब ई ग्रामीण सेवा दौड़ेगी। इस संबंध में दिल्ली सरकार ने स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा ग्रामीण सेवा वाहनों को इलेक्ट्रिक विकल्पों में बदलने की मंजूरी दे दी है। मौजूदा ग्रामीण सेवा वाहनों के 15 साल पूरे होने को हैं और ज़्यादातर ग्रामीण सेवा वाहनों की हालत जर्जर हो चुकी है।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, दिल्ली सरकार राजधानी की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को बेहतर और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पुराने ग्रामीण सेवा वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलकर, हम न केवल प्रदूषण कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं, बल्कि दिल्लीवासियों के लिए यात्रा अनुभव को बेहतर और सुगम बना रहें हैं। परिवहन मंत्री ने कहा, ग्रामीण सेवा वाहन के मालिक जो नया इलेक्ट्रिक वाहन खरीदना चाहते हैं, वे दिल्ली परिवहन की फ़ेसलेस सेवा के ज़रिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आधार ज़रूरी है परंतु यदि आधार उपलब्ध नहीं है, तो एनरॉलमेंट आईडी का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा, एक बार आवेदन जमा हो जाने के बाद, पंजीकरण प्राधिकारी सात दिनों में नो ड्यूज सर्टिफिकेट (एनडीसी) जारी करेंगे। अथॉरिटी यह सुनिश्चित करेगा कि वाहन के साथ कोई कर, जुर्माना या कानूनी समस्या न हो और यह राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) डेटाबेस पर स्पष्ट हो। यदि कोई समस्या पाई जाती है, तो मालिक को सूचित किया जाएगा और उन्हें सात दिनों के भीतर हल करना होगा। कैलाश गहलोत ने कहा, एनडीसी प्राप्त करने के बाद, वाहन को 15 दिनों के भीतर अधिकृत स्क्रैपिंग सुविधा में ले जाना होगा। वाहन स्क्रैप होने पर मालिक को जमा प्रमाणपत्र (सीओडी) मिलेगा। परिवहन मंत्री ने कहा, एनडीसी और सीओडी के साथ, वाहन मालिक किसी भी अधिकृत डीलर से एक नया इलेक्ट्रिक ग्रामीण सेवा वाहन खरीद सकते हैं।

उन्होंने कहा कि नया वाहन खरीदने के बाद मालिक को उसके पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा। यह प्रक्रिया भी फेसलेस है और इसमें वाहन निर्माता से एनडीसी, सीओडी, आधार, टैक्स चालान और अन्य दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। इसके अलावा पंजीकरण प्राधिकारी सभी विवरणों को सत्यापित करेंगे और ग्रामीण सेवा योजना के तहत वाहन के पंजीकरण को अपडेट करेंगे। नए वाहन को पुराने वाहन के समान मार्ग का ही परमिट मिलेगा।

## नेता प्रतिपक्ष की शिकायत का सीवीसी ने लिया संज्ञान

**● विजेंद्र गुप्ता ने 24 अस्पतालों के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार का लगाया है आरोप**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र के 24 अस्पतालों के निर्माण कार्यों में किये गए भ्रष्टाचार की शिकायत का संज्ञान लेते हुए केंद्रीय सतर्कता आयुक्त से मामले की गहन जांच के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारी को कहा है।

इसी बीच विजेंद्र गुप्ता ने लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल परिसर में बनाये जा रहे ब्लॉक के निर्माण कार्य स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों से बात कर उन्होंने अस्पताल परिसर में अलग से बनाए जा रहे हैं ब्लॉक के निर्माण की जानकारी ली। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि इस ब्लॉक का निर्माण कार्य पिछले कई समय से ठप पड़ा हुआ है। इसके कारणों का खुलासा करते हुए गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने 2020 में एलएनजीपी अस्पताल में 1570 बेड वाले 22 मंजिला ब्लॉक को बनाने की योजना बनाई थी। शुरुआत में इसके निर्माण की अनुमानित लागत 710 करोड़ रुपए लगाई गई थी। इसका निर्माण नवंबर 2020 में शुरू करके 30 महीने में पूरा किया जाना था। पूरी कर जब टेंडर निकाला गया तो उसमें निर्माण की लागत 533 करोड़ रुपए बताइ गई।

## संक्षिप्त समाचार

### बिधूड़ी ने बुजुर्गों को फल किए वितरित



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़े के दौरान दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बदरपुर विधानसभा की गौतमपुरी कॉलोनी में स्थित गुरू विश्राम वृद्धाश्रम का दौरा किया और वहां रह रहे बुजुर्गों को फल वितरित किए और उनका हालचाल जाना। बुजुर्गों ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि अब 70 साल की उम्र के लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलेगा। यही वह उम्र है जब व्यक्ति को स्वास्थ्य की तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ता है। रक्तदान कैम्प में कुल 147 यूनिट रक्तदान हुआ सभी रक्तदान करने वाले लोगों को प्रमाण पत्र दिये गये। इस अवसर पर पश्चिमी जिला अध्यक्ष चन्दरपाल बक्शी, अमित कोहली, संजय भाटिया सुरेन्द्र चौधरी,हरिश ओबरॉय, अमरजीत सिंह अमर आदि मौजूद रहे।

### भाजपा सांसद ने दी केजरीवाल को चुनौती

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने अरविंद केजरीवाल को चुनौती दी है कि अगर उन्हें अग्निपरीक्षा देनी है तो फिर यह घोषणा करें कि जब तक अदालत से बरी नहीं हो जाते, तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। उन्होंने दावा किया कि ऐसा साहस केजरीवाल में नहीं है। ऐसा साहस व त्याग केवल भाजपा वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और मदन लाल खुराना ने पेश किया था।

### प्रोस्टेट कैंसर की पूरे माह होगी मुफ्त में जांच

**नई दिल्ली।** देश में प्रोस्टेट कैंसर के बढ़ते मामले को देखते हुए मैश अस्पताल ने जागरूकता माह के अंतर्गत पूरे माह तक निशुल्क जांच सुविधा उपलब्ध कराएगी। मैश अस्पताल के यूरोलॉजी, एंड्रोलॉजी और यूरो-ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख, डॉ. अंकित गोयल ने बताया कि यह सुविधा मैश के दिल्ली और नोएडा अस्पताल में लोगों को निशुल्क उपलब्ध होगी। 30 सितंबर 2024 तक निशुल्क प्रोस्टेट जांच शिविर आयोजित कर रहा है। इस शिविर में पीएसए (प्रोस्टेट-स्पेसिफिक एंटीजन) टेस्ट, यूरोफ्लोमेट्री, यूरिन कल्चर और सेंसिटिविटी, और नियमित डिजिटल रेक्टल एग्ज़ैमिनेशन जैसे कई निशुल्क डायग्नोस्टिक परीक्षण किए जाएंगे। इसके साथ ही, रोगियों को वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट से मुफ्त परामर्श भी मिलेगा।

# व्यय रजिस्टर में दर्ज करें रोज का खर्चः यादव

## मतदान से 48 घंटे पहले थम जाएगा प्रचार, 40 लाख रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए प्रत्याशी का चुनावी खर्च

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुड़गांव और सोहना विधानसभा क्षेत्र के चुनाव व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस अधिकारी कुंदन यादव ने कहा है कि उम्मीदवार अपने चुनाव व्यय रजिस्टर को प्रतिदिन के हिसाब से मैनटेन रखें। एक उम्मीदवार का चुनाव खर्च निर्वाचन आयोग द्वारा तय की गई निर्धारित सीमा 40 लाख रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए।

पर्यवेक्षक कुंदन यादव गुरुवार को लघु सचिवालय सभागार में गुड ?ांव विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार व उनके प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विधानसभा के निर्वाचन अधिकारी एसडीएम रविंद्र कुमार व सहायक निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार शिखा गर्ग भी उपस्थित रहे। चुनाव व्यय पर्यवेक्षक ने कहा कि खर्च रजिस्टर के तीन भाग है, जिसे सफेद, गुलाबी व पीले कागजों के रूप में ए, बी, सी पार्ट में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि सफेद ए पार्ट में रोजाना के खर्च को लिखा जाएगा। बी, गुलाबी पार्ट में नकद लेन-देन तथा सी, पीले कागजों वाले भाग में बैंक से किए गए लेन-देन को दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 23, 29 सितंबर और दो अक्तूबर को उम्मीदवारों के खर्च रजिस्टर को चेक किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवार स्वयं या उनके प्रतिनिधि अपना चुनाव खर्च रजिस्टर लेकर कार्यालय समय में उनके समक्ष उपस्थित होंगे।



उम्मीदवारों की बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव व्यय पर्यवेक्षक कुंदन यादव।

चुनाव व्यय पर्यवेक्षक ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होगा। इससे 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार को बंद कर दिया जाएगा। अतएव तीन अक्तूबर को चुनाव प्रचार के लिए झंडे, बैनर, पोस्टर लेकर कोई जुलूस या जलसा ना करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में वीडियो सर्विलेंस टीम उम्मीदवार के चुनाव प्रचार एवं व्यय की वीडियो रिर्कोडिंग कर रही हैं। जो भी खर्च इन वीडियो क्लिप में रिकार्ड होगा, उसे निर्धारित दरों के हिसाब से उम्मीदवार के शैडो रजिस्टर में दर्ज कर लिया जाएगा। यादव ने कहा कि उम्मीदवार मतदाताओं को लुभाने के लिए धार्मिकता का आडंबर करते दिखे तो इसे आचार संहिता की अवहेलना माना जाएगा।

### खर्च रजिस्टर चैक कराने का शेड्यूल निर्धारितः डीसी

**फरीदाबाद।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों द्वारा चुनावी खर्च से संबंधित गतिविधियों पर प्रशासन नजर रखे हुए है। चुनाव खर्च का ब्यौरा समयानुसार राजनीतिक दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों से लिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि खर्च पर्यवेक्षक ने खर्चा रजिस्टर चैक करवाने का शेड्यूल निर्धारित किया है। डीसी ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान 85-पृथला, 86 एनआईटी व 87-बड़खल विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त खर्च पर्यवेक्षक आईआरएस विवेक कुमार उपाध्याय व उनकी टीम द्वारा उक्त विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों अथवा चुनाव अभिकर्ताओं से 20 सितंबर, 26 सितंबर तथा 02 अक्टूबर को प्रात: 10:30 बजे से सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय की छठी मंजिल पर कमरा नं. 603 में उपस्थित होकर चुनाव खर्च से संबन्धित खर्चा रजिस्टर चैक करेंगे। इसी प्रकार 88-बल्लभगढ़, 89-फरीदाबाद, 90-तिंगाव विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त खर्च पर्यवेक्षक आईआरएस समता मुल्लमुडि व उनकी टीम द्वारा उक्त विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों अथवा चुनाव अभिकर्ताओं से 20 सितंबर, 26 सितंबर तथा 2 अक्टूबर को प्रात:10:30 बजे से सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय की पहली मंजिल पर कमरा नं. 106 में चुनाव खर्च से संबन्धित खर्चा रजिस्टर चैक करेंगी।

# आयकर विभाग ने तीन गाड़ियों से जब्त किए 2 करोड़, 84 लाख रुपये

- जिला प्रशासन की सजगता से अब तक पकड़ी जा चुकी है 5.35 करोड़ की नगदी

दयाराम वशिष्ठ। फरीदाबाद

हरियाणा विधानसभा चुनाव के चलते जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। हर पहलू पर चुनाव आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता से पालना की जा रही है। जिला प्रशासन की सक्रियता व शहर में नाके लगाकर गहन सघन चैकिंग अभियान के चलते गुरूवार को दो नाकों पर 3 गाड़ियों से 2 करोड़ 84 लाख 65 हजार रुपए जब्त किए गए हैं। जिला प्रशासन की सजगता से अब तक 5.35 करोड़ की नगदी सीज की जा चुकी है। इसं संबंध में आयकर विभाग की संबंधित टीम द्वारा आगामी कार्यवाही की जा रही है।


जांच के दौरान बरामद की गई नगदी

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि प्रशासन की पूरी टीम दिन रात अपनी ड्यूटी पर सक्रियता से कार्य कर रही है और इसी के परिणामस्वरूप इतनी बड़ी राशि को सीज करने में सफलता हासिल की है। ऐसे में फरीदाबाद जिला में हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आचार संहिता की पालना करते हुए चल रहे जांच अभियान में अब तक कुल करीब 5 करोड़ 35 लाख रूपए सीज हुए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन की ओर से जिला में अंतर राज्यीय व अंतर जिला सीमाओं पर लगाए गए नाकों पर स्टेटिकल सर्विलेंस टीम 24 घंटे तैनात हैं जोकि निरंतर वाहनों की चैकिंग कर रही है। इसी चैकिंग प्रक्रिया के दौरान प्रशासन की टीम ने सराय टोल और सूरजकुंड की शूटिंग रेंज दिल्ली सीमा पर लगे नाके पर चेकिंग के दौरान तीन अलग-अलग वाहनों से 2.84 करोड़ रुपए की नगदी बरामद की है जिसमें सराय टोल नाके पर एक वाहन से 2 करोड़ 51 लाख 65 हजार रूपए व इसी नाके पर दूसरे वाहन से 20 लाख रुपए की नगदी कब्जे में ली। वहीं सूरजकुंड क्षेत्र में शूटिंग रेंज के नाके पर एक अन्य वाहन से 13 लाख रुपए नगद काबू किए। उक्त धनराशि बारे संबंधित वाहन चालकों द्वारा कोई साक्ष्य नहीं बताए गए और टीम ने उक्त राशि को सीज करने उपरांत आयकर विभाग को नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी।

# 'आचार संहिता की पालना सुनिश्चित कराएं आरओ'

- रिटर्निंग अधिकारियों संग समीक्षा बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी के स्तर पर की जा रही तैयारियों का समीक्षा के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला की चारों विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बैठक में विधानसभावार सीजर रिपार्ट, पोस्टल बैलेट, 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले वोटर्स के होम वोटिंग, ईटीपीबीएस, पोलिंग पार्टी को दिए जाने वाले प्रशिक्षण, फार्म-6/7/8 के किसी लंबित मामले की स्थिति, मुद्रित ईपीआईसी के वितरण की स्थिति, ईवीएम कमीशनिंग के संबंध में तैयारियां, सभी स्ट्रांग रूम में व्यवस्थाएं, राजनीतिक दलों को मतदाता सूची की आपूर्ति, मतदाता सूची के अंकन की स्थिति, मतपत्रों और ब्रेल मतपत्रों की छपाई की स्थिति, माइक्रो-ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण, डाक मतपत्रों के संबंध में तैयारियां के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में चुनाव को सुचारू तरीके से संचालन के लिए रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) व उनकी टीम के बीच बेहतर समन्वय होना आवश्यक है।


रिटर्निंग अधिकारियों संग बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव।

# रसीद पर स्टैंप लगाकर मतदान के प्रति जागरुक कर रहे बैंक

- 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य किया हैं निर्धारित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मतदाता जागरूकता के लिए चलाए जा रहे स्वीप अभियान के अंतर्गत अब जिला की विभिन्न बैंक शाखाओं में उपभोक्ताओं को बैंक की रसीद मतदान की अपील वाली स्टैंप लगाकर दी जा रही है। बैंक उपभोक्ता पांच अक्टूबर का दिन वोट डालने के लिए याद रखें, इसी मकसद से यह स्टैंप लगाई जा रही है।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने गुरुवार को बताया कि गुरुग्राम जिला में इस बार के विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कम से कम 75 प्रतिशत होना चाहिए। इसी लक्ष्य को लेकर मतदाता जागरुकता का अभियान स्वीप शुरू किया गया है। गांवों में जहां आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, विद्यार्थी तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मतदान की भागीदारी बढ़ाने के लिए जनचेतना रैली निकाल रहे हैं, वहीं शहर में सेमीनार का आयोजन कर लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।


मतदाता जागरुकता के लिए बैंक की रसीद पर लगाई गई स्टैंप।

# मतदान के संकल्प के लिए उठे लाखों हाथ

- डीसी विक्रम सिंह की सकारात्मक पहल में भागीदार बना हर वर्ग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

चुनाव का पर्व-प्रदेश का गर्व थीम के साथ मतदान के संकल्प के लिए लाखों हाथ उठे। बच्चों, युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक और बेटियों से लेकर महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने सहित अन्य लोगों को भी मतदान करने में भागीदार बनाने का संकल्प लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह द्वारा की गई इस सकारात्मक पहल में सरकारी, गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक इकाईयों, स्वास्थ्य केंद्रों सहित सभी विभागों से जुड़े हर वर्ग के लोग इस अभियान में सहभागी बने। पं.जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विक्रम सिंह बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं एडीसी डा.आनंद शर्मा की देखरेख में सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन-स्वीप के माध्यम से जिला प्रशासन का लक्ष्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के महत्व को सुदृढ़ करना है। नेहरू राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जिला में चल रही स्वीप गतिविधियों के ब्रांड एंबेस्डर एवं फिटनेस मॉडल लोकेश राजपूत ने युवा शक्ति को चुनाव के पर्व में अपने वोट के बल पर अपनी शक्ति का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता कार्यक्रम में सीएसआर के एसीईओ गौरव सिंह, प्राचार्य डा.चंद्रशेखर वशिष्ठ ने भी युवा शक्ति को मतदाधिकार का उपयोग करने का संदेश दिया।



# पूरा ओबीसी समाज भाजपा के साथः सतीश बघेल

- भाजपा प्रत्याशी गौरव गौतम को 73 जातियों के प्रधानों ने दिया समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

पलवल से भाजपा उम्मीदवार गौरव गौतम को ओबीसी समाज की 73 जातियों के प्रधान ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया है। सभा को संबोधित करते हुए सतीश बघेल प्रधान बघेल समाज हरियाणा एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भाजपा ने बताया पूरा ओबीसी समाज आज भाजपा के साथ है प्रदेश हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है और पलवल विधानसभा से भारी मतों से भाई गौरव गौतम जीतने जा रहे हैं क्योंकि पलवल विधानसभा में जनता ने गौरव गौतम का इलेक्शन अपने हाथ में ले लिया है जब जनता किसी के इलेक्शन को अपने हाथ में ले लेती है तब टक्कर किसी से नहीं होती है भाई गौरव गौतम की टक्कर किसी से नहीं है एक तरफ जीत होगी और भारी मतों से जीत होगी ओबीसी समाज हरियाणा एवं अति पिछड़ी जाति है एवं घुमंतू जातियां सभी भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।




आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करने पहुंची अमृतसर ईस्ट की विधायक जीवन ज्योत कौर, साथ में मौजूद प्रत्याशी डा. निशांत आनंद।

# दिल्ली, पंजाब के बाद अब हरियाणा में लहराएगा आप का परचमः जीवन ज्योत

- आप प्रत्याशी का प्रचार करने पहुंची अमृतसर ईस्ट की विधायक कौर
- हरियाणा में पूर्ण बहुमत के साथ आम आदमी पार्टी की सरकार बनने का किया दावा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डा. निशांत आनंद (एडवोकेट) के समर्थन में चुनाव प्रचार करने के लिए आम आदमी पार्टी की अमृतसर ईस्ट से विधायक जीवन ज्योत कौर पहुंची। उन्होंने गुड़गांव की जनता से शिक्षित उम्मीदवार डा. निशांत आनंद (एडवोकेट) को विजयी बनाकर हरियाणा विधानसभा में भेजने की बात कही। पुराना वार्ड-20 (वर्तमान वार्ड-28) स्थित ओमनगर में बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर धर्मशाला में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए जीवन ज्योत कौर ने कहा कि दिल्ली, पंजाब के बाद अब हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। पूर्ण बहुमत की सरकार हरियाणा में बनेगी।

**भाजपा-कांग्रेस का सपना होगा धराशायीः डा. निशांतः** गुड़गांव से आप के प्रत्याशी डा. निशांत आनंद ने दावा किया कि भाजपा-कांग्रेस के झांसे में इस बार हरियाणा की जनता नहीं आएगी। दोनों ही दलों का सरकार बनाने का अपना-अपना दावा और सपना धराशायी होगा। क्योंकि जनता इन पार्टियों का कुशासन झेल चुकी है।

# भाजपा ने गुरुग्राम के लोगों से किया खिलवाड़ः मोहित ग्रोवर

- 5 अक्टूबर को बीजेपी को सत्ता से बेदखल कर देंगे गुरुग्राम के लोग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुड़गांव विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी मोहित ग्रोवर ने बृहस्पतिवार को भाजपा पर हरियाणा में उसके 10 साल के शासन के दौरान गुरुग्राम के लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। निर्वाचन क्षेत्र में जनसभाओं को संबोधित करते हुए ग्रोवर ने कहा कि 5 अक्टूबर को गुरुग्राम और हरियाणा के लोग भाजपा को सत्ता से बेदखल कर देंगे और राज्य की खुशहाली के लिए कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। गुड़गांव सीट पर भाजपा के मुकेश शर्मा को चुनौती दे रहे ग्रोवर ने कहा कि किसी भी शहर के हालत बदलने के लिए 10 साल काफी होते हैं, लेकिन भाजपा ने लोगों की आकांक्षाओं के मुताबिक काम नहीं किया। उन्होंने कहा, भाजपा ने गुरुग्राम के हर वर्ग को धोखा दिया। आम नागरिक पांच साल तक संपत्ति पहचान पत्र के लिए लाइन में खड़ा रहा, गरीबों के बीपीएल कार्ड काट दिए गए। परिवार पहचान पत्र के नाम पर लोगों को परेशान किया गया तथा व्यापारियों का भी शोषण किया गया।

ग्रोवर ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास का नारा देने वाली भाजपा ने सबका साथ तो लिया, लेकिन गुरुग्राम में विकास की जगह विनाश का प्रयास किया।

# 'शहर को सिंगापुर बनाने वाले सीवर भी साफ नहीं करा पाए'


चुनाव प्रचार के दौरान सभा में मंचासीन प्रत्याशी मोहित ग्रोवर, मीडिया कोर्डिनेटर पंकज डावर व अन्य नेतागण।

- लोकसभा चुनाव में ट्रेलर दिखा चुकी है जनता अब दिखाएगी पूरी फिल्म
- शहर की साख पर धब्बा लगाने वाली भाजपा को माफ नहीं करेंगे लोग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुड़गांव से कांग्रेस के प्रत्याशी मोहित मदनलाल ग्रोवर ने कहा कि गुरुग्राम को सिंगापुर बनाने वाले शहर के सीवर की सफाई तक नहीं कर पाए। शहर में जल भराव विकराल रूप ले चुका है। बरसात हो या सर्दी, भाजपा ने लोगों को एक तरह से हाउस अरेस्ट कर दिया है।

वे पटेल नगर, ओम नगर, शिवाजी पार्क, सुशांत लोक -1, लक्ष्मी गार्डन सहित विभिन्न स्थानों पर अपनी चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष नरेश सहरावत, पार्टी के मीडिया कोऑर्डिनेटर पंकज डावर, सुबह सिंह बोहरा, चौधरी राज सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि 10 साल में भाजपा ने शहर की साख को धब्बा लगाने के अलावा कुछ नहीं किया। लोगों को सिवाय समस्याओं के कुछ नहीं मिला। गुरुग्राम की जनता भाजपा की करगुजारियों को भुला नहीं सकती। लोकसभा चुनाव में जनता ट्रेलर दिखा चुकी है, विधानसभा में पूरी की पूरी फिल्म भाजपा के सामने होगी। इस चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। शहर में चारों ओर समस्याओं का अंबार लगा है। इससे बड़ी दुगर्ति और क्या होगी कि एक शहर का कूड़ा उठवाने के लिए स्वयं मुख्यमंत्री और चीफ सेक्रेटरी को आना पड़ा, 20 अधिकारी लगाने पड़े। फिर भी हालात बद से बदतर हैं।

# कुवि के विद्यार्थियों ने किया एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ स्थित गवर्नमेंट म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी का शैक्षणिक भ्रमण किया व प्रख्यात फोटोग्राफर गुरदीप धीमान की फोटोग्राफी प्रदर्शनी एनकाउंटर विद ए मोमेंट का अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी धीमान द्वारा लद्दाख की यात्रा के दौरान ली गई अद्भुत फोटोग्राफी पर आधारित थी, जिसमें प्राकृतिक दृश्यों के साथ वहां की सांस्कृतिक धरोहर और जनजीवन का गहरा चित्रण किया गया था।

इस शैक्षणिक भ्रमण में ललित कला विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मोनिका गुप्ता, शोधार्थी जगदीप सिंह व उनके साथ विभाग के विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया और फोटोग्राफी के तकनीकी और कलात्मक पहलुओं को समझा।

# कांग्रेस की 7 गांरटी, भाजपा के 20 प्रमुख संकल्प पर भारीः अशोक

- कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र की नकल है भाजपा के संकल्प पत्र में
- भाजपा अब हाशिये पर जा चुकी है, इस बार परिवर्तन तयः बुनीवाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा कांग्रेस कमेटी औद्योगिक सैल के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल 7 गारंटी को हरियाणा के लिए खुशहाली करार दिया है। साथ ही भाजपा के 20 प्रमुख संकल्प को उन्होंने ढकोसला बताते हुए कहा कि भाजपा पर कांग्रेस की 7 गारंटी भारी हैं।

बुवानीवाला ने कहा कि हरियाणा के कर्मचारियों की वर्षों से पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने की मांग को कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है। कर्मचारियों के लिए यह बहुत बड़ा तोहफा होगा। भाजपा सरकार से कर्मचारियों की उम्मीद खत्म हो चुकी थी और वे कांग्रेस से आस लगाए हुए थे। बुढ़ापा, दिव्यांग व विधवा पेंशन 6 हजार रुपये और दो कमरों का मकान दिया जाएगा। साथ ही 500 रुपये का गैस सिलेंडर दिया जाएगा, जिसे भाजपा ने एक हजार के पार पहुंचा दिया।

बुवानीवाला ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों के लिए एमएसपी को कानूनी गारंटी बनाने की भी घोषणा को घोषणा पत्र में शामिल किया है। दिव्यांगों को भी 6 हजार रुपये पेंशन दी जाएगी। क्रीमी लेयर की सीमा को बढ़ाकर10 लाख रुपये किया जाएगा। गरीबों को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज भी सरकार सुविधा देगी। महिलाओं को हर महीने 2000 रुपये भी दिए जाएंगे। युवाओं की 2 लाख पक्की भर्ती की जाएगी। नशा मुक्त हरियाणा बनाया जाएगा। हर परिवार को 300 यूनिट फ्री बिजली भी दी जाएगी। गरीबों को 100 गज का प्लॉट भी दिया जाएगा। किसानों को तत्काल फसलों का मुआवजा भी जारी किया जाएगा। बुवानीवाला ने भाजपा के घोषणा पत्र पर कहा कि भाजपा ने महिलाओं को लुभाने के लिए 2100 रुपये देने की बात कही है, जो कि कांग्रेस के घोषणा पत्र की नकल है। भाजपा ने 10 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की बात कही है, जो कांग्रेस ने 25 लाख रुपये किया है। युवाओं को 2 लाख नौकरी, सिलेंडर के 500 रुपये दाम भी कांग्रेस की ही नकल है।


अशोक बुवानीवाला।

# आबकारी विभाग ने सील की शराब की दो दुकानें

- डीसी विक्रम सिंह ने दिए आबकारी नीति की पालना सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर फरीदाबाद जिला प्रशासन एक्टिव मोड में आदर्श चुनाव आचार संहिता की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित कर रहा है। हर स्तर पर विभागीय टीमें पूरी संजीदगी के साथ भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना कर रही हैऔर जो नियमों की अवहेलना करता है उस पर तत्परता से कार्रवाई भी प्रशासन कर रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में आबकारी विभाग के अंतर्गत अलॉट शराब की दुकानों को समयावधि की अनुपालना प्रभावी रूप से करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि नियमों के अनुरूप रात्रि 11 बजे तक ग्रामीण क्षेत्र के व रात्रि 12 बजे तक शहरी क्षेत्र में स्थित शराबकी दुकानें खुल सकती हैं, उक्त निर्धारित समयावधि के उपरांत सभी शराब की दुकानें पूर्णतया बंद होनी चाहिएं। यदि कोई शराब विक्रेता नियमों की अवहेलना करता है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। डीसी के आदेश के तहत आबकारी विभाग की टीम निरंतर मॉनिटरिंग कर रही हैं और उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित शराब के ठेकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने निर्धारित समयावधि की पालना न करने पर मोहना-1 व सराय टोल के शराब ठेकों को तीन दिन के लिए सील कर दिया है। इसी प्रकार दिन रात टीमें सक्रियता से कदम बढ़ा रही हैं और किसी भी रूप से नियमों को तोड़ने वालों पर प्रशासन पूरी सक्रियता से कार्यवाही कर रहा है।






# भाजपा महिलाओं को हर माह ₹2100, छात्राओं को स्कूटी देगी

## चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत हर परिवार को मिलेगा 10 लाख तक का मुफ्त इलाज

● पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जारी किया संकल्प पत्र

शिखा शर्मा। चंडीगढ़



हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा का घोषणा पत्र जारी करते हुए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा व अन्य नेता।

भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। संकल्प पत्र का विमोचन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने रोहतक में जारी किया। संकल्प पत्र में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, सैनिकों सहित सभी वर्गों को ध्यान में रखा गया है। उद्योग, सड़कें, रेलवे, शिक्षा, स्वास्थ्य किसान, कृषि, छात्र, खेल, ओबीसी सभी को भाजपा के संकल्प पत्र में विशेष रूप से तरजीह दी गई है।

महिलाओं के लिए बड़ी बात संकल्प पत्र में यह है कि सभी महिलाओं को 'लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत प्रतिमाह 2100 रुपये दिए जाएंगे। इसके साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास बनाने का लक्ष्य, सभी ओबीसी वर्ग के उद्यमियों की, मुद्रा योजना के अतिरिक्त, 25 लाख रुपये तक के ऋण की गारंटी, चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत जहां पहले साल में 5 लाख रुपये तक का इलाज करवा सकते थे, अब हर परिवार को 10 लाख तक का मुफ्त इलाज और परिवार के 70 वर्ष से अधिक हर बुजुर्ग को अलग से 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा भी दी जाएगी। इनके अलावा भी बहुत से संकल्प भाजपा ने हरियाणा के लिए हैं। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि हमने अपने 2014 और 2019 के घोषणापत्र के सभी वादों को पूरा किया है और पिछले 10 सालों में हरियाणा में फर्क साफ देखा जा सकता है। हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए संकल्प पत्र जारी करने के दौरान जेपी नड्डा के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, संकल्प पत्र समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, राव इंद्रजीत सिंह, कृष्णपाल गुज्जर, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, कुलदीप बिश्नोई, सुधा यादव, रामचन्द्र जांगड़ा, अशोक तंवर, रामबिलास शर्मा मौजूद रहे।

पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस में से किसानों के हित का ध्यान किस ने रखा है, इसका विश्लेषण पत्रकार और जनता स्वयं कर सकते हैं।

किसानों की हितैषी बनने वाली कांग्रेस पार्टी के नेता इतने सालों तक शासन करने के बाद भी 8 से अधिक फसलों पर एमएसपी नहीं देते थे, जबकी भाजपा की सरकार ने 24 फसलों पर एमएसपी देना सुनिश्चित किया है। कांग्रेस के घोषणापत्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस ने जो रिवायत चलाई उसने संकल्प पत्र या मेनिफेस्टो को 'डाइल्यूटेड डॉक्यूमेंट' बना दिया और उसकी प्रासंगिकता को खत्म कर दिया।

### भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख संकल्प

- महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2,100 रुपये
- आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर 10 औद्योगिक शहरों बनाए जाएंगे, इनमें प्रति शहर और आसपास के गांवों के 50,000 स्थानीय युवाओं को नौकरी देंगे
- 24 फसलों की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद जारी रहेगी
- 2 लाख युवाओं को 'बिना पर्ची बिना खर्ची' पक्की सरकारी नौकरी देंगे
- 5 लाख युवाओं के लिए अन्य रोजगार के अवसर एवं नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन योजना से मासिक स्टाइपेंड
- शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास
- सरकारी अस्पतालों में डायलिसिस और सभी अस्पतालों में डायग्नोसिस मुफ्त
- हर जिले में ओलंपिक खेलों की नर्सरी
- हर घर गृहणी योजना तहत 500 में सिलेंडर मिलेगा
- हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी
- भारत सरकार के सहयोग से केएमपी के ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर का निर्माण एवं नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत
- भारत सरकार के सहयोग से विभिन्न रैपिड रेल सेवाओं एवं फरीदाबाद से गुरुग्राम के बीच इंटरसिटी एक्सप्रेस मेट्रो सेवा की शुरुआत होगी
- छोटी पिछड़े समाज की जातियों (36 बिरादरियों) के लिए पर्याप्त बजट के साथ अलग-अलग कल्याण बोर्ड होगा
- डीए और पेंशनों को जोड़ने वाले साइंटिफिक फॉर्मूले के आधार पर सभी सामाजिक मासिक पेंशनों में वृद्धि की जाएगी
- किसी भी सरकारी कॉलेज से मेडिकल और इंजीनियरिंग पढ़ने वाले ओबीसी एवं एससी जातियों के विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति दी जाएगी
- सभी ओबीसी वर्ग के उद्यमियों की, मुद्रा योजना के अतिरिक्त, 25 लाख रुपए तक के ऋण की गारंटी राज्य सरकार उठाएगी
- हरियाणा को वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनाकर आधुनिक स्किल का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे
- दक्षिण हरियाणा में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का अरावली जंगल सफारी पार्क बनाएंगे

# भाजपा के घोषणा पत्र में पहले से लागू हैं कई वादे

● कर्मचारियों की ओपीएस से बनाई दूरी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरुवार को जारी किए गए घोषणा पत्र में शामिल कई घोषणाएं हरियाणा में पहले से की जा चुकी हैं या लागू हो चुकी हैं। इनमें से कुछ घोषणाएं ऐसी हैं जो कांग्रेस द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र से पूरी तरह मेल खाते हैं।

इस पत्र में पार्टी की ओर से 20 वादे किए हैं। इनमें से 5 ऐसे संकल्प हैं, जो कांग्रेस के वादों जैसे ही हैं। इसमें सूबे की 18 से 59 साल की 78 लाख महिलाओं को हर महीने आर्थिक मदद, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब लोगों को आवास, हर घर गृहणी योजना तहत 500 रुपए में सिलेंडर, 2 लाख युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी और सामाजिक-आर्थिक आधार पर बुढ़ापा, दिव्यांग और विधवा पेंशन में वृद्धि शामिल हैं। इन वायदों में कांग्रेस की तरह बीजेपी को भी पूरा करने के लिए हजारों करोड़ रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इसके अलावा 15 ऐसी गारंटियां हैं, जो कांग्रेस के वायदों से पूरी तरह से अलग है।

बीजेपी ने अपने संकल्प पत्र में ओल्ड पेंशन स्कीम से दूरी बनाई है, जबकि कांग्रेस ने सरकार बनने पर इसे हरियाणा में बहाल करने का वायदा किया। बीजेपी ने अपने इस संकल्प पत्र के जरिए हरियाणा के 78 लाख महिला वोटरों को साधने की कोशिश की है। हालांकि कांग्रेस की ओर से भी महिलाओं को साधने के लिए अपने वायदों में 2000 रुपए प्रति महीना देने का वायदा किया गया है। बीजेपी ने इसे 100 रुपए बढ़ाकर 2100 रुपए प्रति माह कर दिया है। बीजेपी के इस संकल्प पत्र से सूबे के खजाने पर करीब 20 हजार करोड़ रुपए सालाना का खर्च आएगा।

कांग्रेस ने अपने 7 वायदों में 49 लाख के करीब महिला वोटरों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर का वायदा किया है। बीजेपी ने भी अपने संकल्प पत्र में इसे शामिल किया है। इस योजना के जरिए गैस सिलेंडर पर 334 रुपए सरकार को अपने खजाने से भरने होंगे। इससे सालाना 2000 करोड़ के करीब खजाने पर वित्तीय बोझ पड़ेगा। हरियाणा बीजेपी के संकल्प पत्र में 5 लाख गरीबों को आवास देने का संकल्प लिया है।

# समर्थकों का साथ ही मेरी असली ताकतः सुभाष

पायनियर समाचार सेवा। थानेसर



थानेसर से भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा अपने विजन को लेकर चुनावी प्रचार के लिए निकल पड़े हैं। वीरवार को सुभाष सुधा ने थानेसर हलके के पूर्वांचल क्षेत्र में पहुंचे जहां पर पूर्वांचल से भाजपा के पुराने साथी रहे उमेश साहनी ने भाजपा प्रत्याशी को पूर्ण सहयोग करने का वादा किया। सुभाष सुधा ने कहा कि अपने साथी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का साथ ही उनकी असली ताकत है। आज क्षेत्र का एक- एक व्यक्ति भाजपा की योजनाओं व नीतियों से प्रभावित है और फिर से प्रदेश में भाजपा की सरकार को बनाने के लिए उत्सुक है। भाजपा प्रत्याशी ने पूर्वांचल क्षेत्र के लोगों से आगामी 5 अक्टूबर को भाजपा को ज्यादा से ज्यादा वोट देने का आह्वान किया। भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा ने कहा कि जनता का प्यार-समर्थन है अपार, कमल खिलाने को तैयार है पूरा थानेसर परिवार।

प्रखर राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत यहां की सुशासन प्रिय जनता का अपार उत्साह और श्री राम पवित्र व उनके साथियों का अपार समर्थन थानेसर में भाजपा की ऐतिहासिक विजय का उद्घोष है। अब थानेसर विधानसभा के हर बूथ पर कमल का फूल खिलना तय है।

वहीं, भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा ने विधानसभा क्षेत्र के 50 फूटा रोड पर भरत लाल जी की अध्यक्षता में आयोजित जनसभा में जनसंपर्क किया और जनता जनार्दन से वोट की अपील की। इस दौरान सुभाष सुधा ने अपने विजन को भी मतदाताओं के सामने पेश किया जिसमें विकास, समर्पण और जनता के बेहतर भविष्य का संकल्प शामिल है।

# हाईकोर्ट की अवमानना में फंसे हरियाणा के मुख्य सचिव

● नायब तहसीलदार की पदोन्नति परीक्षा कराने का दिलाया था विश्वास

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

कानूनगो से नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नति हेतु विभागीय परीक्षा दो माह में करवाने का दिसंबर में आश्वासन देना हरियाणा के मुख्य सचिव को भारी पड़ गया। हाईकोर्ट ने इसे प्रथम दृष्टया न्यायालय की अवमानना का मामला मानते हुए मुख्य सचिव को कोर्ट में तलब किया है। मुख्य सचिव अपने आश्वासन के अनुरूप यह परीक्षा निर्धारित समय अवधि में नहीं करा पाए हैं।

याचिका दाखिल करते हुए रेशम सिंह ने हाई कोर्ट को बताया कि वह कानूनगो है और 31 मार्च 2024 को रिटायर होने जा रहा है। वह नायब तहसीलदार के तौर पर पदोन्नति के लिए योग्य है, लेकिन हरियाणा सरकार विभागीय परीक्षा आयोजित नहीं करवा रही है। दिसंबर 2023 में हाई कोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए दो माह में परीक्षा आयोजित करने का आदेश दिया था। इसके बाद याची रिटायर हो गया, लेकिन परीक्षा आयोजित नहीं की गई। इसके चलते अवमानना याचिका दाखिल की गई।

अवमानना याचिका पर सरकार ने जवाब दाखिल करते हुए बताया कि पहले 18 और 22 मार्च को परीक्षा का निर्णय लिया गया था, लेकिन विभागीय कारणों से परीक्षा आयोजित नहीं की जा सकी।

# चुनावी रण में आज उतरेंगे केजरीवाल

● जगाधरी में रोड शो से शुरू करेंगे प्रचार, प्रदेश के 11 जिलों में होंगे 13 कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



राज्यसभा सांसद संदीप पाठक

दिल्ली में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आने के बाद अब हरियाणा में चुनाव प्रचार करेंगे। अरविंद केजरीवाल आज से हरियाणा में प्रचार शुरू करने जा रहे हैं। केजरीवाल यमुनानगर जिले के जगाधरी विधानसभा हलके से रोड शो की शुरुआत के साथ हरियाणा में दाखिल होंगे।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ संदीप पाठक ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अब अरविंद केजरीवाल हरियाणा में चुनाव प्रचार के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अरविंद केजरीवाल जी 20 सितंबर से हरियाणा में चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। अरविंद केजरीवाल यमुनानगर के जगाधरी विधानसभा में अपना पहला रोड शो करेंगे। जगाधरी के बाद अरविंद केजरीवाल डबवाली, रानिया, भिवानी, महम, पूंडरी, कलायत, रेवाड़ी, दादरी, असंध, बल्लभगढ़ और बाढरा में भी चुनाव प्रचार करेंगे। फिलहाल अरविंद केजरीवाल जी 11 जिलों में चुनाव प्रचार करेंगे, जहां पर उनके 13 कार्यक्रम होंगे। इसके बाद का उनका शेड्यूल आने वाले कुछ दिनों में मीडिया के साथ शेयर कर दिया जाएगा।

राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा कि अगर आप हरियाणा की राजनीति को देखेंगे तो यह बड़ा स्पष्ट है कि भाजपा इस बार पूर्ण रूप से हरियाणा से साफ होने वाली है। पिछले 10 सालों से भाजपा की सरकार हरियाणा में चल रही है। भाजपा को खुद ही अपने मुख्यमंत्री पर भरोसा नहीं था इसलिए उन्होंने मनोहर लाल खट्टर जी को मुख्यमंत्री पद से हटाकर नायब सिंह सैनी को नया मुख्यमंत्री बनाया।

# अपनी सेवाओं का दायरा बढ़ाएं सामाजिक संगठनः भारती

● एफपीए इंडिया ने की एमआईएसपी व ह्यूमैनिटेरियन वर्क विषय पर कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। पंचकूला



सामाजिक संगठनों को चाहिए कि वह अपनी सेवाओं का दायरा विशाल करें। जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। सामाजिक संगठनों को भविष्य में होने वाली प्राकृतिक आपदाओं को ध्यान में रखकर अपनी योजनाएं बनानी चाहिए। उक्त विचार हरियाणा राज्य स्वास्थ्य रिसोर्स सेंटर की कार्यकारी निदेशक एवं डीएचएस डॉ. रत्ना भारती ने आज पंचकूला में यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश में वर्ष 1949 से कार्य कर रहे अग्रणी संगठन फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा यौन प्रजनन स्वास्थ्य के विषय पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेकर व्यक्त किया।

कार्यशाला का विषय था यौन प्रजनन स्वास्थ्य के लिए न्यूनतम प्रारंभिक सेवा पैकेज और भारत में मानवीय संकट के दौरान एफपीए इंडिया के प्रयास। इस अवसर पर डॉ.रत्ना भारती ने कहा कि वैश्विक मानवीय संकट हर दिन प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन, सशस्त्र संघर्ष, महामारी और अन्य जटिल आपात स्थितियों के कारण लगभग 34,000 लोगों को विस्थापित करता है। संकट के दौरान महिलाओं और लड़कियों की प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता बनी रहती हैं। संकटों से प्रभावित एक चौथाई लोग 15-49 वर्ष की महिलाएं और लड़कियां होती हैं। हर पांच में से एक महिला के गर्भवती होने की संभावना होती है और हर पांच प्रसवों में से एक में जटिलताएं हो सकती हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए एफपीए इंडिया, पंचकूला शाखा की चेयरपर्सन अनीता बतरा ने बताया कि प्राकृतिक आपदा व अन्य संकटों के दौरान यौन संचारित संक्रमणों और एचआईवी के संक्रमण की दर भी बढ़ जाती है। किशोर भयभीत, तनावग्रस्त, ऊबे हुए या निष्क्रिय महसूस कर सकते हैं।

# कांग्रेस सरकार बनी तो दोगुनी होगी वृद्धा पेंशनः अशोक अरोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

थानेसर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा ने गांव हथीरा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर बुढ़ापा पेंशन, दिव्यांग पेंशन तथा विधवा पैंशन दोगुनी करके 6 हजार रूपए प्रति माह की जाएगी।

महिलाओं को रसोई खर्च चलाने के लिए दो हजार रूपए महीना तथा 500 रूपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। प्रत्येक परिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली और हर व्यक्ति का 25 लाख रूपए तक का मुफ्त ईलाज करवाया जाएगा। गरीब लोगों को 100 वर्ग गज का प्लाट तथा उसपर साढे तीन लाख रूपए की लागत से दो कमरों का मकान बनाकर दिया जाएगा। किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देने के साथ-साथ प्राकृतिक प्रकोप से फसल खराब होने पर तत्काल मुआवजा दिया जाएगा।

कर्मचारियों के लिए पुरानी पैंशन योजना लागू की जाएगी। युवाओं को दो लाख पक्की नौकरियों पर भर्ती किया जाएगा और प्रदेश को नशा मुक्त किया जाएगा। हर वर्ग का पूरा मान सम्मान किया जाएगा। पिछड़े वर्ग की क्रीमी लेयर की सीमा 10 लाख की जाएगी और जातीय सर्वे करवाया जाएगा।


**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार दीपक दत्ता,फ्लैट नंबर 19 एजीएफ, पाकेट-बी,सेक्टर-26द्वारका,नई दिल्ली की मालिक हैं और दीपिका दत्ता तथा दीपिका दत्ता के पास 1. आवंटन पत्र डीडीए द्वारा श्रीमती जोनी के पक्ष में का ओरिजिनल नहीं है,तथा,यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार,बिक्री,बंधक आदि सिवाय दीपक दत्ता के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न.पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न.760,द्वारका कोर्ट,सेक्टर-10,द्वारका,नई दिल्ली-75
मोबाइल : 9899013918

**PUBLIC NOTICE**

I, Virpal Chauhan, S/o Chaman Singh, R/o 156, Gijhor, Sector-53, Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh 201301, hereby declare that I am also known by other names. My correct and actual name is Virpal Chauhan as per my Aadhaar card (No. 7973 8114 2932), and my father's correct and actual name is Chaman Singh.
Additionally, I am known by the following names:
- **Virpal Chauhan** in my Driving License (No. UP1620120028717)
- **Vir Pal Chauhan** in my Pan Card (No. AEPPC7938C)
- **Veerpal Chauhan** in my Voter ID (No. ZYH5136536)
- **Birpal Singh Chauhan** in my Ration Card and LIC Policy.

My father is also known by **Chaman Singh** and **Chaman Singh Chauhan**. I declare that all these names refer to me and my father, and henceforth, I shall be known only as **Virpal Chauhan**. Any objections to this name change may be submitted to the concerned authorities within 30 days of this notice.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल श्री सुनील कुमार लोहिया पुत्र श्री राम करण निर्मित संपत्ति जिसका क्षेत्रफल 80 वर्ग गज है, के मालिक हैं, जो खसरा नंबर 298/33/2, 298/64, 298/36, ग्राम घिटोरनी, तहसील वसंत विहार, नई दिल्ली के लाल डोरा की आबादी में शामिल है। पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 31.08.2023 के माध्यम से श्री राम करण पुत्र श्री हरियंत द्वारा श्री सुनील कुमार लोहिया पुत्र श्री राम करण के पक्ष में पंजीकरण संख्या 5026, SR-VII-A दिल्ली द्वारा निष्पादित किया गया।, उपरोक्त संपत्ति फेड बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के साथ बंधक होने जा रही है। यदि किसी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्थान के पास उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा/ग्रहणाधिकार, अधिकार, कोई आपत्ति है, तो उसे दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर पंजीकृत अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी/**एडवोकेट विशाल मेहन**, ई-713, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली- 110092 के पते पर सूचित किया जाना चाहिए। ऐसा न करने पर किसी भी दावे, ग्रहणाधिकार या आपत्ति को माफ कर दिया गया माना जाएगा। **एडवोकेट विशाल मेहन**, ई-713, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली- 110092, मोबाइल - 9811215181

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to public at large that my client **Mrs. Pinki Kumari** who is purchasing Second Floor, LHS, built on Plot no. 07, area measuring 75 Sq. Yards, out of khasra no. 844 & 845, situated in the abadi of Extended Lal Dora Village Burari, Delhi-110084 from **Ajay Sons HUF through it Karta Mr. Ajay Kumar Jain** who is the owner of the abovementioned property vide Sale Deed dated 21.04.2022 and intend to get the financial assistance from Motilal Oswal Home Finance Limited. That the Original Sale Deed dated 07.01.2009 as doc no. 113 is lost/missplaced & Death Certificate and SMC of Late Mr. Vijay Goel & Probate Order of Regd. Will date 13.12.2019 is not available. If any person(s) /Institution has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 7 days from the date of this notice on the address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

Khaitan & Khaitan
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048, Ph. No: 011-49774545

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

**I, Champa Sachdeva, W/o,** Yashpal Sachdeva, A-6, Majlis Park Adarsh Nagar Delhi-33 have changed my name to Anita Sachdeva, for all purposes.
PD(767)C

**I, Shelly, Shelly Bansal, Shally** Bansal, Shaily Bansal, W/o Jalaj Gupta, D/o Sandeep Kumar Bansal, R/o B-347, Third Floor, Street No 04, Majlis Park, Adarsh Nagar, Delhi-110033 have changed my name to Shaily Gupta for all purposes
PD(768)C

**I, Vidhya Sagar S/o Shri** Mataru Ram R/o Khalispur Kalan, Trilochan Mahadev, Chhatari, Jaunpur, U.P.-222136 hereby declare that my wife's name is Raj Kumari and my son's name is mentioned in his school certificate as Suryakant Pal and I want his name Suryakant to be registered for the board registration of 10th class.
PD(769)C

**I, Bharat Kumar S/o Sh sanjay** kumar R/o H-44 Adhyapak Nagar Nangloi Delhi-110041 declare that name of minehas been wrongly written in 10th and 12th marksheet is Bharat, it is notify that my actual name is Bharat Kumar which may be amended accordingly
PD(770)C

**LOST & FOUND**

**I, Meenakshi Puri W/o Late** Shri Sanjeev Puri, R/o A-701, Hindon CGHS Ltd, Plot No.25, Vasundhara Enclave, Delhi-110096, have lost the Share Certificate, Membership No.98, Issued in the name of Smt. Sheila Bhargava Original allottee of Flat No.A-701, Hindon CGHS Ltd, Plot No.25, Vasundhara Enclave, Delhi-110096. Any person finds please contact: 8588833840.
PD(766)A


# भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में लौटेगीः किरण चौधरी

● हरियाणा में पार्टी के पक्ष में चल रही लहर

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता किरण चौधरी ने कहा है कि हरियाणा में सत्ता समर्थक लहर है और मतदाता महसूस कर रहे हैं कि सत्तारूढ़ पार्टी ने पिछले 10 वर्ष में उनके जीवन को बदल दिया है। किरण कांग्रेस से तीन दशक तक जुड़े रहने के बाद इस वर्ष जून में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई थीं। किरण ने विश्वास जताया कि उनकी बेटी श्रुति चौधरी पारिवारिक गढ़ तोशाम से कांग्रेस के उम्मीदवार और अपने चचेरे भाई अनिरुद्ध चौधरी के खिलाफ चुनाव जीत जाएंगी। श्रुति पूर्व सांसद हैं और किरण के साथ वह भी भाजपा में शामिल हुईं थीं। राज्य की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होना है।

किरण चौधरी (69) हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पुत्रवधू और राज्य के पूर्व मंत्री दिवंगत सुरेन्द्र सिंह की पत्नी हैं। किरण चौधरी को हरियाणा से राज्यसभा उपचुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार बनाया गया था जिसमें वह निर्विरोध जीत गईं। वहीं उनकी बेटी को तोशाम से टिकट दिया गया है। किरण चौधरी ने पीटीआई-भाषा से कहा, भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी और लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी... लोग पिछले 10 वर्ष में हुए राज्य के समग्र विकास के आधार पर वोट देंगे।

सत्ता विरोधी लहर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, इसके विपरीत, हरियाणा में सत्ता समर्थक लहर है और लोगों को एहसास है कि पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने उनके जीवन को बदल दिया है और राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों की ओर ले गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों से हर वर्ग खुश है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए कई कल्याणकारी पहल की गई हैं और योजनाएं लाई गई हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि हरियाणा 24 फसलों की एमएसपी पर खरीद कर रहा है। पिछले महीने मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कम बारिश के मद्देनजर खरीफ फसलों के लिए किसानों को 2,000 रुपए प्रति एकड़ बोनस देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

# पूर्व आईएएस के घर से 12 करोड़ के हीरे बरामद

चंडीगढ़। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने गुरुवार को चंडीगढ़ में एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी के घर छापा मारकर एक करोड़ रुपए की नकदी, 12 करोड़ रुपए के हीरे, 7 करोड़ रुपए के सोने के आभूषण और कई संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए हैं।

यह छापा लग्जरी फ्लैट बनाने वाली कंपनी होसिंडा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के एक प्रोजेक्ट लोटस-300 से जुड़े पूर्व अधिकारी मोहिंदर सिंह के घर पर मारा गया। मोहिंदर सिंह साल 2011 में नोएडा विकास प्राधिकरण के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रह चुके हैं। मोहिंदर सिंह का नाम बसपा सरकार में नोएडा और लखनऊ में महापुरुषों के नाम पर बने स्मारकों व पार्कों के निर्माण में 14 अरब रुपए के घोटाले में भी सामने आया था। उस समय विजिलेंस ब्यूरो ने मोहिंदर से पूछताछ के लिए नोटिस भी जारी किया था, लेकिन आस्ट्रेलिया में होने की वजह से वह पेश नहीं हुए। सूत्रों के अनुसार ईडी ने बीते दो दिनों के अंदर दिल्ली, मेरठ और नोएडा समेत चंडीगढ़ में करीब एक दर्जन जगहों पर छापे मारे हैं। जो दर्शाते हैं कि प्रोजेक्ट लोटस-300 को पूरा करने के दौरान घोटाला किया गया है। इसलिए प्रोजेक्ट में शामिल रहे प्रत्येक व्यक्ति की संपत्ति खंगालने की कोशिश की जा रही है। सूत्रों की मानें तो यह करीब 300 करोड़ रुपए के घोटाले का मामला है।

# प्रधानमंत्री का कार्यक्रम बदला, अब 25 को गोहाना में होगी नरेंद्र मोदी की रैली

● ताऊ देवीलाल व दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस पर कई वर्गों को साधेगी भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



हरियाणा में विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली का कार्यक्रम बदल गया है। अब यह रैली एक दिन पहले 25 सितंबर को होगी। रैली के कार्यक्रम तथा स्थल में बदलाव करके भाजपा हरियाणा को बड़ा संदेश देना चाहती है। पहले प्रधानमंत्री मोदी को 26 सितंबर को सोनीपत के राई स्थित राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में रैली को संबोधित करना था। इसके लिए भाजपा की हरियाणा इकाई द्वारा तैयारियां शुरू की जा चुकी थी।

करीब एक सप्ताह पहले रैली के कार्यक्रम में बदलाव कर दिया गया है। अब यह रैली 26 की बजाए 25 सितंबर को होगी। 25 सितंबर को पूर्व उपप्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल के जन्म के उपलक्ष्य में सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय का भी जन्म दिवस होता है। हरियाणा में पूर्व सरकारों के समय में ताऊ देवीलाल के नाम पर ढेरों योजनाएं चलाई गई। पिछले दस वर्षों में भाजपा के कार्यकाल के दौरान हरियाणा समेत पूरे देश में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर कई योजनाएं चलाई गई। 25 सितंबर को अब प्रधानमंत्री सोनीपत की बजाए गोहाना में आएंगे। 25 सितंबर को हरियाणा की धरती पर प्रधानमंत्री को बुलाकर भाजपा दो बड़े नेताओं के माध्यम से हरियाणा में एक साथ कई जातियों को साधने का काम करेगी। अब यह रैली गोहाना में रोहतक-पानीपत हाईवे के बाईपास के पास हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की खाली जगह में होगी। लोकसभा चुनाव में भी प्रधानमंत्री मोदी ने इसी जगह रैली को संबोधित किया था।

भाजपा नेताओं का तर्क है कि पहले 26 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी की रैली के लिए राई विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी को चिह्नित किया था। यह जगह जिले के अंतिम छोर से है और दिल्ली से सटी है। यहां पर 22 विधानसभा क्षेत्रों से कार्यकर्ताओं को पहुंचने के लिए अधिकतर दूरी तय करनी पड़ती। जिसमें काफी समय और कार्यकर्ताओं को दिक्कत हो रही थी। जब इस समस्या पर गौर किया गया तो केंद्रीय नेताओं की राय पर रैली स्थल में बदलाव कर दिया गया। गोहाना रैली के माध्यम से प्रधानमंत्री 22 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 सितंबर, 2024


# केजरीवाल की रणनीति

## आतिशी मुख्यमंत्री

**आतिशी** को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनाना केजरीवाल की रणनीति का हिस्सा है जिससे वह महिला मतदाताओं को आकर्षित करना चाहते हैं। एक आश्चर्यजनक, पर रणनीतिक राजनीतिक कदम के रूप में उत्साही तथा शिक्षा सुधारवादी के रूप में सुपरिचित आतिशी दिल्ली की सबसे युवा मुख्यमंत्री बन गई हैं। यह परिवर्तन न केवल दिल्ली के राजनीतिक इतिहास, बल्कि भारतीय राजनीति के व्यापक संदर्भ में भी महत्वपूर्ण है। आतिशी को जिम्मेदारी सौंपने के अरविंद केजरीवाल के निर्णय को सुनियोजित कदम बताया जा रहा है जिससे 'पीढ़ीगत परिवर्तन' तथा प्रशासन के प्रति नए दृष्टिकोण का संकेत मिलता है। आतिशी को केजरीवाल द्वारा पसंद करने के अनेक कारण हैं जिनमें से प्रत्येक के अपने राजनीतिक और प्रशासनिक तर्क हैं। आतिशी आम आदमी पार्टी-आप के गठन के समय से उसका सबसे चमकदार चेहरा रही हैं। उनको खासकर शिक्षा के क्षेत्र में अपने खोजी विचारों तथा प्रशासन से सीधे संबंधों के लिए जाना जाता है। शिक्षा मंत्री के रूप में उनके काम पर पूरे देश का ध्यान गया क्योंकि उनके नेतृत्व में दिल्ली के सरकारी स्कूलों में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया। केजरीवाल द्वारा उनको पदोन्नत करने का फैसला ऐसे समय आया है जब 'आप' अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। दिल्ली की बढ़ती शहरी ढांचागत संरचना के प्रबंधन के साथ केन्द्र सरकार के साथ नाजुक संबंधों में संतुलन की आवश्यकता को देखते हुए शहर को नई ऊर्जा तथा खोजी समाधानों की आवश्यकता है। अपनी प्रशासनिक क्षमता तथा सुधारवादी सार्वजनिक छवि के चलते आतिशी ऐसा व्यक्तित्व हैं जो दिल्ली को जटिल मुद्दों से बाहर निकाल सकती हैं। केजरीवाल के इस कदम से 'आप' नेतृत्व में युवा पीढ़ी को शामिल करने की इच्छा प्रकट होती है। आतिशी की पदोन्नति से वे न केवल दिल्ली का तात्कालिक भविष्य, बल्कि पार्टी का दीर्घकालीन दृष्टिकोण भी तैयार कर रहे हैं जिसमें भारतीय राजनीति में 'आप' को एक प्रगतिशील व युवा-केन्द्रित शक्ति के रूप में पेश किया जाएगा।



आतिशी के मुख्यमंत्री बनने के बाद उम्मीदों की नई लहर पैदा हुई है। उनके रिकार्ड से स्पष्ट होता है कि शिक्षा और सार्वजनिक कल्याण उनकी प्रमुख प्राथमिकतायें होंगे। दिल्ली के निवासी उन पहलों के विस्तार की उम्मीद कर सकते हैं जो पहले ही लाभकारी रही हैं। इनमें 'मुहल्ला क्लीनिकें', जल एवं बिजली योजनायें तथा स्वास्थ्यरक्षा और शिक्षा पर ध्यान देना शामिल हैं। आतिशी के नेतृत्व का सर्वाधिक प्रमुख आयाम ऐसे प्रशासन का नया दृष्टिकोण पेश करने की क्षमता है जो कम टकराव वाला तथा ज्यादा सहयोगी हो। दिल्ली के सर्वोच्च पद तक आतिशी की पदोन्नति एक महत्वपूर्ण अवसर है, लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं कि असली शक्ति अरविंद केजरीवाल के पास बनी रहेगी। पार्टी के सभी प्रमुख निर्णय वही करेंगे, लेकिन आतिशी की पार्टी में पदोन्नति भी वास्तविक है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे केवल कुछ महीनों तक मुख्यमंत्री रहेंगी क्योंकि दिल्ली में मतदान थोड़े ही दिन में होने वाला है, लेकिन इसके बावजूद उनका कार्यकाल महिलाओं में चर्चा का विषय रहेगा। दिल्ली के साथ ही यह कार्यकाल पिछले दशक में हुए सुधारों की निरंतरता प्रदर्शित करेगा। आतिशी के मुख्यमंत्री बनने के बाद इसमें शहर के भविष्य के लिए नए विचारों और नई ऊर्जा का भी समन्वय होगा। यह आतिशी की नेतृत्व गुणवत्ता की परीक्षा होगी क्योंकि उन पर लगातार समर्थक व विरोधी अपनी नजर बनाए रखेंगे। दबावों से बाहर निकलने की उनकी क्षमता पर केजरीवाल के इस साहसी निर्णय की सफलता निर्भर करेगी।

# जल संकट से निपटने के उपाय

भारत की झीलें व दलदली क्षेत्र एक समय में शहरों की जीवनरेखा होते थे, पर आज वे खतरनाक गति से गायब हो रहे हैं। इसका कारण व्यापक भ्रष्टाचार तथा बेलगाम निर्माण है।



**कोटा श्रीराज**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



भारत की झीलें व दलदली क्षेत्र एक समय में शहरों की जीवनरेखा होते थे, पर आज वे खतरनाक गति से गायब हो रहे हैं। इसका कारण व्यापक भ्रष्टाचार तथा बेलगाम निर्माण है। शहरी झीलें व दलदली क्षेत्र हमारी परिस्थितिकी का अभिन्न अंग हैं। वे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक भूमिका निभाते हैं क्योंकि वे पेयजल का स्रोत हैं, भूमिगत जल का पुनर्भरण करते हैं तथा आजीवका के साथ ही जैव-विविधता बनाए रखने में सहायक हैं। लेकिन देश की जनसंख्या में लगातार वृद्धि, भ्रष्ट प्रशासकों तथा निर्माण माफिया के कारण इन जल भंडारों का जीवन संकट में पड़ गया है। दुनिया भर में दलदली भूमियों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली संस्था 'वेटलैंड्स इंटरनेशनल' द्वारा किए एक अध्ययन के अनुसार, पिछले 30 साल में भारत में हर पांच वेटलैंड में से दो नष्ट हो गए हैं और बाकी वेटलैंड जल भंडारों में क्षमता का केवल 40 प्रतिशत जल है जिससे वे जल की गुणवत्ता नष्ट होने के कारण जलीय जीवों के उपयुक्त नहीं रह गए हैं।

विडंबना है कि देश की आर्थिक प्रगति होने के साथ ही भारत में शहरों, ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में बेलगाम निर्माण तथा खेती और आवास के लिए जल भंडारों को लगातार नष्ट किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां तालाब जनजीवन का अभिन्न अंग होने के साथ ही अनेक लोगों की आजीविका का साधन होते थे, पर अब वे लगभग विलुप्त हो रहे हैं। तालाबों के नष्ट होने के कारण अधिकांश गांवों में जल-चक्र असंतुलित हो गया है जिसका प्रभाव अनेक प्रकार से दिखाई देता है।

भारत के इन जल भंडारों की लूट रातोंरात होने के बजाय काफी समय में हुई है। इस मामले में बैंगलुरू का उदाहरण दिया जा सकता है। 18वीं शताब्दी के अंत में गवर्नर जनरल लार्ड कार्नवालिस द्वारा कराए एक ब्रिटिश खोज से पता चला था कि मद्रास और श्रीरंगपटना के बीच वैकल्पिक मार्ग बैंगलुरू के कारण संभव नहीं हुआ था जो झीलों और जल भंडारों से भरा था। इस खोज का नेतृत्व करने वाले कैप्टेन ने इसके बाद अपनी रिपोर्ट में इसे 'हजार झीलों वाली भूमि' बताया था। लेकिन आज बैंगलुरू अपने स्वर्णिम अतीत की धुंधली छाया भर रह गया है। 1960 में बैंगलुरू में 262 झीलें थीं, पर आज उनमें से केवल 10 में ही पानी है।

जनसंख्या बढ़ने और जल का उपयोग बढ़ने के कारण आज शहर में जल भंडार सिकुड़ रहे हैं। शहर और राज्य के स्तर पर भी झीलें और जल भंडार खतरनाक गति से गायब हो रहे हैं। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, कर्नाटक में 2021 और 2022 के बीच केवल एक साल में 13,000 जल भंडार समाप्त हो गए हैं।

भारत में हर शहर की लगभग यही स्थिति है। उदाहरण के लिए, अहमदाबाद में 2001 में 137 झीलें थीं, पर हालिया रिपोर्ट के अनुसार निर्माण के कारण अब उनमें से केवल 65 बची हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी जल भंडार नष्ट हुए हैं। दिल्ली सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के आधिकारिक जल भंडारों में से 49.1 का अब कोई अस्तित्व नहीं है। वे या तो 'गायब' हैं या उन पर कब्जा कर लिया गया है। पूरे देश में कमोबेश यही निराशाजनक स्थिति है। लेकिन हाल में राज्य सरकार ने इस स्थिति पर गौर कर कार्रवाई शुरू की है। तेलंगाना राज्य सरकार की 'हैदराबाद डिजास्टर रिस्पांस एंड असेट प्रोटेक्शन एजेंसी'-हाइड्रा ने हैदराबाद तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में कब्जा किए जल भंडारों को मुक्त कराने का अभियान छेड़ा जो राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में स्थान प्राप्त कर सका। इस वर्ष जुलाई में गठित हाइड्रा टीम की अध्यक्षता एक आईपीएस अधिकारी कर रहे हैं।

उनको राज्य के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने स्पष्ट आदेश किदया है कि शहर के जल भंडारों को अवैध कब्जों और निर्माणों से मुक्त कराया जाए। हाइड्रा ने 'फुल टैंक लेविल'-एफटीएल को मानक बनाया है। इसके अनुसार एफटीएल के आधार पर 30 मीटर के क्षेत्र में किसी निर्माण या कब्जे को गिरा दिया जाना है।

इस हाइड्रा एजेंसी को कामकाज की पूरी स्वतंत्रता दी गई है और वह राजनीतिक दबावों से पूरी तरह मुक्त होकर पूर्ण असहिष्णुता के साथ काम कर रही है। इसने शहर के प्रमुख राजनेताओं व बिजनेसमैनों के अवैध निर्माणों को भी ध्वस्त किया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के भाई को भी विध्वंस करने की नोटिस दी गई थी। इस अभियान को पूरी दृढ़ता के साथ बिना किसी दबाव के चलाया गया और वह जल भंडारों, सरकारी जमीनों, शहरी नहरों तथा पार्कों से शहर के 23 स्थानों से 262 अवैध कब्जे हटाने में सफल रहा। इससे अब तक 112.72 एकड़ जमीन वापस प्राप्त की जा सकी है। राज्य सरकार ने यह आदेश भी दिया है कि झीलों के निकट कोई निर्माण करने के पहले हाइड्रा से एनओसी लेना जरूरी हो गया है। हाइड्रा की कार्रवाई से न केवल तेलंगाना, बल्कि पूरे भारत में पर्यावरणविदों में विश्वास की भावना पैदा हुई है। इसे पर्यावरण संरक्षण तथा जल भंडारों की रक्षा के लिए खास प्रशासनिक अध्ययन की तरह देखा जा रहा है। लेकिन जैसा हर पहल के साथ होता है, हाल ही में तेलंगाना सरकार द्वारा की जा रही इस असाधारण पहल की व्यापक आलोचना हो रही है। गरीबों तथा घरों के कर्ज की अदायगी करने वालों के घर नष्ट होने के कारण इसे अमानवीय बताया जा रहा है। इस स्थिति के कारण राज्य सरकार ने स्पष्टीकरण दिया है कि उन घरों को नष्ट नहीं किया जाएगा जिनमें लोग रह रहे हों।

हाइड्रा की पहल एक उदाहरण तथा पूरे देश के लिए आह्वान है कि वह अपने जल भंडारों की सुरक्षा तथा उनकी बहाली के लिए काम करे। संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा नीति आयोग की रिपोर्टों को देखते हुए स्पष्ट है कि पानी की मांग उपलब्ध सप्लाई से दूनी हो जाएगी। इसके कारण वर्ष 2030 तक भारत की 40 प्रतिशत जनसंख्या को स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पाएगा। निराशाजनक और सूखे भविष्य से बचने के लिए केन्द्र सरकार को राज्य सरकारों तथा स्थानीय पर्यावरण समूहों के साथ सहयोग कर हर राज्य में एक 'वेटलैंड टास्क फोर्स' का गठन करना चाहिए। राज्य-विशिष्ट टास्क फोर्स को स्पष्ट आदेश मिलना चाहिए कि वह अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले हर जल भंडार को सारे कब्जे हटा कर बहाल करे, अवैध निर्माणों को ध्वस्त करे तथा भूमि प्रयोग में परिवर्तन को रोके।

टास्क फोर्स को नियम लागू कराने के साथ ऐसी सक्षमकारी भूमिका भी अदा करनी चाहिए जिसका उद्देश्य अपने क्षेत्राधिकार की सभी दलदली भूमियों व जल भंडारों को भरना और पुनर्जीवित करना हो। उदाहरण के लिए, टास्क फोर्स शहरी परिवारों और बिजनेसों को अपने परिसरों में वर्षाजल संरक्षण व्यवहार अपनाने को प्रेरित कर सकती है। इस प्रकार संरक्षित जल भूमिगत जल का स्तर सुधारने तथा जल स्रोतों को समृद्ध करने का काम कर सकता है। इसके साथ ही सरकार टास्क फोर्स को शहरी क्षेत्रों में बोरवेल नियंत्रित करने को भी कह सकती है। महानगरीय क्षेत्रों में बेलगाम और अनियंत्रित ढंग से पानी निकालने के कारण भूमिगत जल सूख रहा है। टास्क फोर्स बोरवेल बनाने के पहले पूर्व अनुमति अनिवार्य बना कर भूमिगत जल भंडारों को सुरक्षित कर सकती है।

इसके साथ ही टास्क फोर्स टीम यह सुनिश्चित करने के लिए पानी के मीटर लगा सकती है कि जल का प्रयोग और उसकी गुणवत्ता मापी जा सके। वर्तमान समय में इस बात के अनेक उदाहरण हैं कि राजनीतिक संपर्कों वाले स्थानीय नेता उनको संरक्षण करने के नाम पर झीलों और जल भंडारों को 'गोद लेते' हैं और धीरे-धीरे उन पर कब्जा कर लेते हैं।

इसके बाद बिल्डर माफिया से मिलीभगत कर निर्माण किया जाता है और इस संपत्ति को मासूम नागरिकों को बेच दिया जाता है। वेटलैंड टास्क फोर्स इस दुष्चक्र को रोक सकती है तथा यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है कि संरक्षण के नाम पर झीलों व जल भंडारों का प्रबंधन करने वाला कोई व्यक्ति या वाणिजियक कंपनी इसका दुरुपयोग न कर सके। जल भंडार भारत की जीवनरेखा हैं। इसे देखते हुए समाप्त हो गए जल भंडारों और झीलों को पुनर्जीवित करना तथा बचे हुए भंडारों और झीलों की सुरक्षा करना देश के भविष्य के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। केवल ऐसी कठोर, निष्पक्ष तथा त्वरित कार्रवाई से ही देश का भविष्य सुनिश्चित हो सकता है कि उसे जल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# भारत की अप्रयुक्त समुद्री ऊर्जा क्षमता

> भारत की आठ हजार किलोमीटर लंबी तटरेखा में प्रतिवर्ष 9.2 लाख ट्रिलियन वाट प्रति घंटा स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने की क्षमता है।

**कुमार चेलप्पन**
(लेखक दिपायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



8000 किलोमीटर लंबी भारतीय तटरेखा में प्रतिवर्ष 9.2 लाख ट्रिलियन वाट प्रति घंटा बिजली उत्पन्न करने की क्षमता है, जो आज की तारीख में उत्पादित बिजली से कई गुना अधिक है। यह ऐसे समय में है जब भारत ऊर्जा उत्पादन के सभी स्रोतों का उपयोग करके 4.5 लाख मेगावाट बिजली की अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है।

हैदराबाद स्थित भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र द्वारा तैयार महासागर ऊर्जा एटलस के अनुसार, जो पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत एक प्रमुख अनुसंधान और विकास संगठन है, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर देश के ऊर्जा के अक्षयपात्र हैं। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के भीतर स्थित विशेष आर्थिक क्षेत्र में प्रतिवर्ष 9.2 लाख ट्रिलियन वाट प्रति घंटा की समुद्री ऊर्जा क्षमता है। आईएनसीओआईएस के समूह निदेशक और प्रमुख वैज्ञानिक डॉ टी एम बालकृष्णन नायर ने द पायनियर को बताया, भारत के इतिहास में यह पहली बार है जब समुद्री ऊर्जा क्षमता का आकलन किया गया है और इस तरह का एक एटलस तैयार किया गया है। अपतटीय नवीकरणीय, अपतटीय सौर, अपतटीय पवन, तरंग, ज्वार, महासागर तापीय ऊर्जा रूपांतरण और लवणता ढाल का एक गुलदस्ता नवीकरणीय ऊर्जा की अब तक अप्रयुक्त क्षमता का प्रतिनिधित्व करता है।

भारत का महासागर ऊर्जा एटलस अंतरराष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी के इस निष्कर्ष के बाद जारी किया गया है कि जी-20 देश सामूहिक रूप से कुल नवीकरणीय ऊर्जा का 81 प्रतिशत और लगभग 100 प्रतिशत महासागर ऊर्जा के लिए जिम्मेदार हैं। भारत की अपतटीय पवन ऊर्जा का दोहन नहीं हुआ है, जबकि



डेनमार्क, ब्रिटेन और चीन जैसे देशों ने इस क्षेत्र में विशाल प्रगति की है। डॉ नायर का कहना है कि लवणता ढाल का दोहन करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा बिजली स्टेशन स्थापित करने की व्यापक गुंजाइश है। आईएनसीओआईएस के निदेशक डॉ. टी. श्रीनिवास कुमार ने कहा कि एटलस ऊर्जा क्षेत्र में नीति और निवेश संबंधी निर्णय लेने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में काम करेगा। ऊर्जा उत्पादन के इस रूप में एक महत्वपूर्ण तत्व यह है कि लोगों के मन में भूमि अधिग्रहण, प्रदूषण और अपशिष्टों के निर्वहन के बारे में किसी भी तरह की आशंका नहीं होगी। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने कहा, यह ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप है और कई सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उद्यमों ने अक्षय ऊर्जा इकाइयां स्थापित करने में अपनी रुचि दिखाई है। आईएनसीओआईएस मछुआरों को संभावित मछली पकड़ने के क्षेत्रों और मौसम के सटीक पूर्वानुमानों के बारे में जानकारी प्रदान करके देश के ब्लू इकोनॉमी क्षेत्र में एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है। डॉ. श्रीनिवास कुमार और उनकी टीम ने एक अत्याधुनिक सुनामी चेतावनी प्रणाली विकसित की है, जिसके साथ वे हिंद महासागर के किनारे के देशों को सचेत करते हैं। 1999 में अपनी स्थापना के बाद से, इनकाइस अपने प्रमुख कार्यक्रमों जैसे संभावित मछली पकड़ने के क्षेत्र, महासागर की स्थिति का पूर्वानुमान और सुनामी प्रारंभिक चेतावनी सेवाओं के माध्यम से भारत की नीली अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहा है। इनकाइस इन-सीटू प्लेटफार्मों, उपग्रह सेंसर और मॉडल-सिम्युलेटेड उत्पादों में फैले समुद्र विज्ञान संबंधी डेटा का राष्टीय और क्षेत्रीय भंडार भी रहा है।

ऐसे दीर्घकालिक वैज्ञानिक डेटासेट की उपलब्धता का लाभ उठाते हुए, इनकाइस ने भारतीय तटों से महासागर ऊर्जा क्षमता का अनुमान लगाने की चुनौती ली है और देश में पहली बार एक एटलस तैयार किया है। जिन क्षेत्रों में अच्छी पकड़ है, उनके बारे में हाई-टेक सेंसर के माध्यम से एकत्र किए गए उपग्रह डेटा को मछुआरों तक पहुंचाया जाता है और इससे मछुआरों का काम काफी आसान हो गया है। उन्हें बस इतना करना है कि द्वठ्ठष्थद्बह्य के वैज्ञानिकों द्वारा मछली पकड़ने के क्षेत्रों के रूप में पहचाने पुणे स्थित वर्ल्ड इंस्टीट्यूट ऑफ सस्टेनेबल एनर्जी के महानिदेशक जी एम पिल्लई कहते हैं कि आज की तारीख में, बारिश के पैटर्न में बदलाव के कारण सौर ऊर्जा का उत्पादन उत्साहजनक नहीं है। पिल्लई ने कहा, राजस्थान के रेगिस्तान राजस्थान, पंजाब, गुजरात जैसे राज्यों के लिए बिजलीघर हो सकते थे, लेकिन सौर ऊर्जा की क्षमता कम हो गई है और रेगिस्तान सदाबहार उद्यान बनते जा रहे हैं।

थोरियम आधारित परमाणु रिएक्टर अभी तक शुरू नहीं हुआ है और परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों की तस्वीर निराशाजनक है। एक समय था जब कलपक्कम में इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र के पूर्व निदेशकों ने दावा किया था कि भारत फास्ट ब्रीडर रिएक्टर तकनीक में दुनिया का अग्रणी है, यह सब छाती पीटने के रूप में समाप्त हुआ। एकमात्र उम्मीद एकीकृत समुद्री ऊर्जा है

# आप की बात

## सिंधु संधि की समीक्षा

**भारत** ने 6 दशक पुरानी सिंधु जल संधि की समीक्षा को बेहद जरूरी बताते हुए पाकिस्तान को अपनी ओर से नोटिस भेजा है। किशनगंगा और रातले जल विद्युत परियोजनाओं के संबंध में अरसे से चल रहे विवाद के मद्देनजर अब यह नोटिस पाकिस्तान को भेजा गया है। भारत का तर्क है कि परिस्थितियों में मौलिक और अप्रत्याशित परिवर्तनों के कारण समझौते की समीक्षा करना बेहद जरूरी है। भारत ने प्रमुख तौर पर तीन चिंताएं व्यक्त की है जिसमें जनसंख्या में परिवर्तन, पर्यावरणीय मुद्दे एवं भारत के उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के विकास में तेजी की जरूरत शामिल है। सीमापार से लगातार जारी आतंकवाद के प्रभाव को भी समीक्षा का कारण बताया गया है इन सब मुद्दों पर भारत में दोनों देशों के बीच जल्द आधिकारिक बातचीत शुरू करने की जरूरत बताई गई है। विडंबना है कि भारतवर्ष आजादी के बाद से ही अपने देश में समुचित ढांचागत संरचना निर्माण न होने के कारण सिंधु जल का अपने हिस्से का पानी भी पाकिस्तान में जाने देता था। मोदी सरकार ने अब नहरों का व्यापक निर्माण कर यह कमी पूरी कर दी है। इससे भारत सिंधु से अपने हिस्से का पानी लेकर जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए समीक्षा की बात कर रहा है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

## मायावती का दृष्टिकोण

**बसपा सुप्रीमो** सुश्री मायावती अपनी राजनीति में आमतौर से देश को प्रथम स्थान पर रखती दिखाई देती हैं। भारत का विपक्ष सरकार के हर निर्णय का विरोध ही करता आया है, चाहे वह निर्णय देशहित में ही क्यों न हो। परन्तु राजनीतिक संकट का सामना करते हुए भी बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपनी इस राजनीति में बदलाव नही किया और हमेशा तटस्थ व न्यायोचित दृष्टिकोण अपनाया। भारत सरकार लिए देशहित के निर्णयों का मायावती ने समर्थन किया है। हाल ही में भारत सरकार ने एक देश एक चुनाव के बिल को केबिनेट में मंजूरी दी तो पूरा विपक्ष उसके विरोध में आ गया, लेकिन मायावती ने खुलकर इस बिल का समर्थन करते हुए कहा है कि यह कदम देश के हित में है। सेना द्वारा की गई सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक का सुश्री मायावती ने समर्थन किया था। सुश्री मायावती ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का खुला समर्थन किया था क्योंकि इसके कारण वहां एससी एसटी को आरक्षण समेत अनेक सुविधाओं से वंचित रखा गया था। देश हित के मामलों पर दलगत राजनीति को दूर रखने वाली सुश्री मायावती से विपक्ष को सीखना चाहिए। इस प्रकार मायावती ने स्वयं को बाबा साहेब अंबेडकर की ईमानदार अनुयायी सिद्ध किया है।

– **ललित शंकर,** गाजियाबाद

## हॉकी टीम की विजय

**भारतीय** हॉकी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एशिया चैंपियन हॉकी खिताब के लिए फाइनल में चीन को हराकर भारत को एशिया हॉकी का सिरमौर बना दिया है। इस शानदार उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है। भारतीय हॉकी टीम एवं टीम के कप्तान सरपंच हरमनप्रीत सिंह ने सभी भारतवासियों का दिल जीत लिया है। इस शानदार उपलब्धि के पीछे खिलाड़ियों की एकजुटता और उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन है जिसने पांचवीं बार भारत को यह खिताब दिलाया है। यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि दिग्गज भारतीय गोलकीपर श्रीजेश के बिना जीत दर्ज की है। भारत इस पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारा है। इस टूर्नामेंट के लीग मैच में भारत ने चीन को 3-0, जापान को 5-1, मलेशिया को 8-1 और पाकिस्तान को 2.1 से हराया था। साउथ कोरिया के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत ने 4-1 से शानदार जीत हासिल की थी। भारतीय हॉकी टीम की उपलब्धि इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने ब्रोंज मेडल जीता था। भारत में हाकी समेत सभी खेलों को और बढ़ावा देने की जरूरत है ताकि देश 2036 में देश में ओलम्पिक प्रतियोगिता आयोजित करने का सच्चा दावेदार सिद्ध हो सके।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

## अफगान महिलायें

**तालिबान** ने अफगानिस्तान हथियाने के बाद से ही महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ व्यापक पाबंदियां लागू कर दी थी। इसके बावजूद जो थोड़े बहुत क्षेत्र महिलाओं के सांस लेने के लिए छोड़े गए थे, वहां भी अब पाबंदियां लगा दी गई हैं। इससे अफगान महिलाओं और लड़कियों की स्थिति गुलामों जैसी बना दी गई है। मगर आश्चर्य है कि स्वयं को मानवाधिकारों व महिला अधिकारों का संरक्षक बताने वाले अमेरिका और यूरोपीय देश तथा एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसी संस्थाएं दूर खड़े होकर तमाशा देख रही है। अफगान महिलाओं को नारकीय जीवन से मुक्ति दिलाने के लिए तालिबान पर दबाव डाला जाना जरूरी है। मगर दुनिया के अधिकांश देश अपने फायदे के सौदे तालिबान के साथ कर रहे हैं। तालिबान ने सरकार बनाने के बाद महिलाओं और लड़कियों को इस्लामी कानून-कायदों के अंतर्गत अधिकार देने का वादा किया था, लेकिन आज किसी भी अन्य इस्लामी देश की तुलना में अफगान महिलायें और लड़कियां गुलामी की शिकार हैं। विडंबना है कि इस पर इस्लामी देश तथा मुस्लिम संगठन खामोश हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# अयोध्या में नहीं हुआ जमीन घोटाला, गुर्गों पर कार्रवाई की तो सरगना को हो रही तकलीफः मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने अयोध्या में एक हजार करोड़ से अधिक की 83 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ विद्या इंटर कॉलेज मिल्कीपुर में आयोजित जनसभा में सपा पर आक्रामक रहे। समाजवादी पार्टी के नेताओं को आईना दिखाते हुए सीएम ने कहा कि हर जिले का बड़ा माफिया व गुंडा सपा से जुड़ा था। इनका पदाधिकारी या शागिर्द था। वहां संगठित अपराध, पशु, वन, खनन, भूमाफिया थे। माफिया समानांतर सरकार चलाकर अराजकता व गुंडागर्दी का तांडव करते थे तो बबुआ घर से बाहर नहीं निकलता था। बबुआ 12 बजे सोकर उठता था। जनता पिसती थी। मुस्लिम तुष्टिकरण की हद को पार करते हुए पर्व व त्योहारों में इन लोगों ने अराजकता फैलाई थी। होली, दीवाली, रक्षाबंधन-शिवरात्रि, रामनवमी-जन्माष्टमी को बैन कर दिया था। जन्माष्टमी के आयोजनों पर इन्होंने थाना, पुलिस लाइन, जेलों में रोक लगा दी थी। कहते कि जन्माष्टमी में भजन न गाओ। हरे रामा, हरे कृष्णा की धुन कुछ लोगों को पसंद नहीं थी, इसलिए सपा इसे बैन करती थी। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाती थी। दुर्गा पूजा में अयोध्या का दंगा हर किसी ने देखा। सपा सरकार में देवकाली मंदिर में मूर्ति चोरी हो गई थी। बतौर सांसद गोरखपुर से आकर मैंने आंदोलन किया था। मिशन मिल्कीपुर में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को रामनगरी अयोध्या को विकास की नई सौगात दी। उन्होंने यहां एक हजार करोड़ से अधिक की 83 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी चेक, चाबी, प्रमाण पत्र, सिलाई मशीन आदि प्रदान किया। सीएम ने मिल्कीपुर में कराए जाने वाले विकास कार्यों को भी गिनाया। बताया कि मिल्कीपुर में मिनी स्टेडियम बनने जा रहा है। 30 मार्गों का शिलान्यास हो रहा है। रेवना में ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण के लिए 9 करोड़ रुपये दिए हैं।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के आर्थिक विकास का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश भारत के विकास का बैरियर माना जाता था। अराजकता चरम पर थी। विकास योजनाओं में भेदभाव व महापुरुषों का अपमान होता था। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने साढ़े सात वर्ष में विकास के कार्यों को तेज गति से बढ़ाया। आज फोरलेन, टू लेन सड़कें, गांव की बेहतर कनेक्टिविटी, गांव-मजरे में बिजली-पानी की व्यवस्था दिखती है। उत्तर प्रदेश में 2.62 करोड़ परिवारों को शौचालय व 56 लाख गरीबों को आवास दिया गया। 1.20 लाख मजरों तक बिजली, 1.56 करोड़ से अधिक परिवारों को फ्री बिजली कनेक्शन, 1.83 करोड़ परिवारों को उज्ज्वला योजना में फ्री सिलेंडर दिए गए। पिछले वर्ष से इन परिवारों को होली-दीवाली पर फ्री सिलेंडर दे रहे हैं। यूपी में 15 करोड़ लोग फ्री में राशन पा रहे हैं, लेकिन 2017 के पहले सपा के गुंडे गरीबों का राशन हजम कर जाते थे।

सीएम ने कहा कि सपा के लोग गोतस्करी, वनों की कटान, जमीन कब्जा कराते थे, लेकिन आज जमीनों से कब्जे हट चुके हैं। हमारी सरकार ने 2017 के बाद एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाया और सपा के भूमाफिया-गुंडों से 64 हजार हेक्टेयर लैंड को मुक्त कराया। भदरसा में भी जमीनों को कब्जामुक्त कराया गया है। गुर्गों से जमीन मुक्त कराने पर परेशानी हुई तो सरगना कहता है कि अयोध्या में जमीन घोटाला हुआ है। यहां जमीन घोटाला नहीं हुआ, बल्कि किसानों को 1700 करोड़ रुपये मुआवजा बांटा गया है। यह लोग अपने गुर्गों के काले कारनामों के पक्ष में बोल रहे हैं। एक भी मामला ऐसा नहीं है, जहां पीड़ित को मुआवजा न मिला हो। जिस अयोध्या को इन्होंने रामभक्तों के लहू से सींचा था, वहां 22 जनवरी से अब तक तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालु भगवान रामलला के दर्शन कर चुके हैं।

सीएम ने कहा कि दीपोत्सव पर अयोध्या के मंदिरों पर जब दीप जलते हैं तो सिर्फ सपा मुखिया और पाकिस्तान को परेशानी होती है।

## बूथ जीतिए, चुनाव जीतिएः सीएम योगी

● मिल्कीपुर में मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों संग की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**मिशन** मिल्कीपुर में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधकारियों संग बैठक की। सीएम ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि बूथ जीतिए, चुनाव जीतिए। सीएम ने मंडल स्तर के पदाधिकारियों से भी सांगठनिक रिपोर्ट ली और कहा कि अधिक से अधिक सदस्य बनाकर पार्टी को मजबूत कीजिए। योगी ने कहा कि हमें चुनाव बूथ पर लड़ना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्र दिया है कि बूथ जीतेंगे तभी चुनाव जीतेंगे। हमें हर बूथ पर जीत दर्ज करनी है। पदाधिकारी बूथों की कटेगरी निर्धारित कर लें। ए कैटेगरी के बूथ पर बड़ी जीत दर्ज करनी है। बी कैटेगरी के बूथों को ए कैटेगरी तथा सी कैटेगरी के बूथों को बी कैटेगरी में लाना है। पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस (25 सितंबर) पर पार्टी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि बूथों पर जाएं और स्थानीय लोगों से संपर्क कर उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से चल रही प्रदेश, अयोध्या व मिल्कीपुर में चल रहीं विकास योजनाओं के बारे में अवगत कराएं। कार्यकर्ताओं से संवाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संगठन की योजना के अनुसार किसान, अधिवक्ता प्रबुद्ध वर्ग, व्यापारी सहित सभी वर्गों के सम्मेलन आयोजित किए जाएं। 30 सितम्बर तक यसभी प्रकोष्ठों, विभागों की बैठक तथा सभी मोर्चा के सम्मेलन आयोजित हों। इसके उपरांत सभी को मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए जिम्मेदारी सौंप दी जाए।

## मनरेगा योजना में राज्य स्तर से सभी जनपदों को जल्द पहुंचेगी सामग्री मद की धनराशि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महात्मा** गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत निर्माण सामग्री मदद में शीघ्र ही और धनराशि जिलों को भेजी जायेगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मनरेगा अंतर्गत राज्य सरकार को सामग्री मद हेतु जारी की गयी धनराशि के सापेक्ष राज्यांश की धनराशि को मिलाकर जिलों को भेजा जाय। महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को सामग्री मद के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय सहायता के पहली किस्त का चौथा भाग जारी कर दिया गया है। आगे की कार्यवाही को पूरी कर जल्द ही जनपदों तक यह धनराशि पहुंचेगी। इस धनराशि से बकाये का भुगतान भी किया जा सकेगा। गांवों में योजना के अंतर्गत किये जा रहे विकास कार्यों को भी तेजी मिलेगी। बता दें कि इस धनराशि से जल्द ही निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता एजेंसियों के बकाये का भुगतान किया जाएगा। बता दें कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में सामग्री मद हेतु अब तक 2526.10 करोड़ धनराशि केंद्रीय सहायता के रूप में जारी की जा चुकी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के साथ-साथ निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मों के हितों की रक्षा के लिए भी लगातार काम कर रही है। श्रमिकों की मजदूरी हो या निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता एजेंसी सभी का योजनांतर्गत ससमय भुगतान किया जाए, यह सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय सहायता के पहली किस्त के चौथे भाग के रूप में 1102.45 करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई है। केन्द्रांश के सापेक्ष राज्यांश की धनराशि मिलाकर पूरी पारदर्शिता के साथ जनपदों को धनराशि अवमुक्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

## यूग्रो कैपिटल व राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के बीच एमओयू, सूक्ष्म उद्योगों को बनाएंगे सशक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एमएसएमई** ऋण पर केंद्रित एक अग्रणी डेटा-टेक एनबीएफसी यूग्रो कैपिटल ने गुरुवार को लखनऊ में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन द्वारा आयोजित एमएसएमई उद्योग संवाद में भारत के एमएसएमई क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए दो महत्वपूर्ण पहलों की घोषणा की। इस कार्यक्रम में यूग्रो कैपिटल और राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

यूग्रो कैपिटल के संस्थापक और प्रबंध निदेशक शचिंद्र नाथ और राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। भारत में सूक्ष्म उद्यमों को शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान की शुरुआत को चिन्हित करता है। यह सहयोग छोटे व्यवसायों के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने, डिजिटल क्रेडिट के लाभों को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक वातावरण में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए रणनीतियाँ प्रदान करने पर केंद्रित होगा।

इस मौके पर शचिंद्र नाथ ने सूक्ष्म उद्यमों की क्रेडिट आवश्यकताओं को पूरा करने और उन्हें डिजिटल क्रेडिट समाधानों से सशक्त बनाने के यूग्रो कैपिटल के मिशन पर जोर दिया। उन्होंने कहा, सूक्ष्म उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, और हम उन्हें डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से क्रेडिट तक पहुँचने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमित गुप्ता ने भी इस भावना को दोहराते हुए कहा, हम इस महत्वपूर्ण पहल में यूग्रो कैपिटल के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं। भारत में सूक्ष्म उद्यमों को अक्सर आवश्यक संसाधनों तक सीमित पहुँच होती है, जिनमें सरकारी समर्थन और क्रेडिट सुविधाओं की जानकारी शामिल है। इस अभियान के माध्यम से हम इस अंतर को पाटने का लक्ष्य रखते हैं जिससे उन्हें आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी और वे भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में योगदान दे सकेंगे।

## सड़क सुरक्षा की बैठक प्रत्येक माह आयोजित की जाएः एल. वेंकेटेश्वर लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● अपर मुख्य सचिव परिवहन ने की विभाग के कार्यों की समीक्षा

**अपर** मुख्य सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में सभी स्टेक होल्डर्स विभागों एवं परिवहन, पुलिस, परिवहन निगम, पीडब्ल्यूडी विभाग के फील्ड अधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पीपीटी के आधार पर समीक्षा की गई। अपर मुख्य सचिव ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक नई एसओपी के आधार पर प्रत्येक माह आयोजित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक्शन टेकेन प्लान जनपद स्तर पर बनाया जाय तथा उसे लागू किया जाए। कई मण्डलों एवं जनपदों में जहां पर मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति एवं जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें नियमित रूप से नहीं हो रही हैं वहां के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण मांगा। ऐसी सड़क दुर्घटनाएं जहां 3 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई हैं, उन दुर्घटनाओं की जांच हेतु त्रिस्तरीय समिति गठित की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि एक निश्चित संख्या में चालान होने पर वाहन पंजीयन एवं ड्राइविंग लाइसेन्स के निलम्बन की कार्यवाही प्रभावी रूप से की जाये। अंत में मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन हेतु निर्देशित करते हुए सभी को दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाने हेतु प्रभावी कदम उठाने हेतु निर्देशित किया।

लू ने निर्देश दिए कि विश्वकर्मा ऐप को अपग्रेड किया जाए। सीएम डैशबोर्ड की तरह एक प्रदेश व्यापी सड़क सुरक्षा का डैशबोर्ड बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर काफी गंभीर है। सरकार का प्रयास है कि सड़क दुर्घटनाओं में उल्लिखित कमी लाई जाए। इसके लिए ब्लैक स्पॉट का सुधारीकरण तय समय में किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाइवेज पर एन्ट्री प्वाइंट पर ही ओवरलोड वाहनों की चेकिंग की जाए एवं इंटरसेप्टर द्वारा ओवरस्पीड वाहनों की भी जांच की जाए। साथ ही अनधिकृत संचालन वाहनों की भी जांच की जाए। ड्राइवर की ब्रीथ एनलाइजर के माध्यम से जांच की जाए। वाहनों पर सड़क सुरक्षा संबंधी उपकरण लगे हैं कि नहीं इसकी भी जांच की जाए।

परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिवहन निगम के चालकों/परिचालकों का ब्रेथ एनलाइजर टेस्ट नियमित रूप से कराया जाये एवं स्वास्थ्य परीक्षण तथा नेत्र परीक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाये।

## भाजपा, इंडिया के घटक दलों ने जनता का विश्वास खो दिया हैः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश के लोगों का भाजपा और विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों से विश्वास उठ गया है और उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे राज्य के आगामी उपचुनाव में इस स्थिति का लाभ उठाने के लिए जमीनी स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएं।

मायावती ने बृहस्पतिवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदेश इकाई के सभी पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की बैठक को संबोधित किया। पार्टी के एक बयान के अनुसार बैठक में राज्य के 10 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों की रणनीति पर चर्चा की गई। इन उपचुनावों की तारीखों की घोषणा अभी नहीं हुई है। मायावती ने कहा, जनहित और जनकल्याण आदि के ज्वलंत मुद्दों को उठाने के बजाय वे (भाजपा सरकार तथा विपक्षी दल) जातिवादी, साम्प्रदायिक और जाति-बिरादरी पर आधारित संकीर्ण राजनीति में लिप्त हैं, जिसके कारण जनता में उनके प्रति विश्वास में कमी आई है। बसपा प्रमुख ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, इसलिए बसपा को बहुत तेजी से जनता के बीच अपनी पैठ बनाने की जरूरत है ताकि इसका लाभ जल्द ही 10 विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भी मिल सके। बसपा ने हाल में हुए लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 सीट पर अकेले चुनाव लड़ा था लेकिन उसका खाता भी नहीं खुला था। इसी तरह 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को 423 सीट में से केवल एक सीट मिली थी। बसपा भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) या इंडिया गठबंधन में शामिल नहीं हुई है। इंडिया के घटक दलों में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) शामिल हैं। मायावती के हवाले से बयान में कहा गया है, उत्तर प्रदेश सरकार गरीबों, बेरोजगारों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों और मेहनतकश नागरिकों को पर्याप्त राहत, सुविधाएं और सुरक्षा देने में विफल रही है। इनके खोखले वादों और दावों के कारण जनता का जीवन त्रस्त है। उन्होंने कहा, चूंकि जनता अब इन खोखले वादों पर भरोसा नहीं करती, इसलिए भाजपा सरकार में जनता के विश्वास में भारी कमी आई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, यदि पार्टी के सदस्य जमीनी स्तर पर पूरी ईमानदारी और निष्ठा से काम करते रहेंगे तो बसपा को इस मौजूदा स्थिति से काफी लाभ मिल सकता है। इस बैठक के दौरान 11 अगस्त को आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने तथा समाज के सभी वर्गों में जनाधार बढ़ाने के लिए जारी किए गए महत्वपूर्ण निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई। मायावती ने कहा कि अत्यधिक गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ापन, मजबूरी में पलायन और जबरदस्त महंगाई जैसे मुद्दे ज्वलंत हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर महज आरोपों और दावों से उत्तर प्रदेश की लगभग 25 करोड़ जनता को न तो कोई फायदा हुआ है और न ही आगे कुछ बेहतर होने वाला है। उन्होंने कहा, स्थिति बिगड़ रही है और इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। बुलडोजर मुद्दे और इसे रोकने के उच्चतम न्यायालय के हाल के आदेश पर, बसपा प्रमुख ने कहा कि यह बढ़ती प्रवृत्ति बहुत चिंता का कारण है और केंद्र तथा राज्य सरकारों दोनों को संवैधानिक और कानूनी शासन का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना चाहिए। केंद्रीय मंत्रिमंडल के एक देश, एक चुनाव प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि बसपा लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव एक साथ कराने की पहल को सकारात्मक रूप से देखती है लेकिन इसका उद्देश्य देश और जनहित में होना जरूरी है। उत्तर प्रदेश की करहल, मिल्कीपुर, कटेहरी, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर मीरापुर, फूलपुर, मझवा और सीसामऊ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। हालांकि अभी उपचुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं हुआ है।

## मठाधीश मुख्यमंत्री हैं योगी आदित्यनाथः अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### सपा मुखिया ने वन नेशन वन इलेक्शन को बताया बड़ी साजिश



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मठाधीश मुख्यमंत्री हैं। सन्यासी क्रोध नहीं करता है लेकिन जबसे भाजपा लोकसभा चुनाव हारी है तबसे उनका संतुलन कुछ गड़बड़ा गया है। उनके बयान कुछ अलग तरह के आ रहे हैं। वे ध्यान हटाने के लिए इस तरह के बयान दे रहे हैं। एक मठाधीश मुख्यमंत्री से आप क्या उम्मीद कर सकते हैं? उन्होंने कहा कि हमने या समाजवादियों ने कभी संतो, महंतों, साधुओं के बारे में कभी कुछ नहीं कहा। अगर मुख्यमंत्री अपने ऊपर लेते हैं तो हम उन्हें मठाधीश मुख्यमंत्री कहेंगे।

अखिलेश गुरुवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। यादव ने मुख्यमंत्री योगी के भस्मासुर वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को पता है कि उसका भस्मासुर कौन है? भाजपा अपने भस्मासुर को खोज रही है। भाजपा अभी हरियाणा, कश्मीर और फिर महाराष्ट्र के चुनाव भी हारेगी। कम से कम भाजपा को अपने भस्मासुर को तो ढूंढ़ना चाहिए। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री पर कई गंभीर मुकदमे हैं। ये पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने अपने इतने गंभीर मुकदमों को वापस लिया है। सरकार को प्रदेश के टॉप टेन माफियों की सूची जारी करनी चाहिए। पता चल जाएगा कि माफिया किस दल के साथ हैं। मुख्यमंत्री के बयानों पर कहा कि प्रदेश की जनता उन्हें हटाने जा रही है। अभी भी वे पुराने डायलॉग बोल रहे हैं। इसी से पता चलता है कि उनका संतुलन कितना बिगड़ गया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सपा को बदनाम करने के लिए तमाम हथकंडे अपना रही है। जनता सब समझती है। वन नेशन वन इलेक्शन को बड़ी साजिश बताते हुए अखिलेश ने कहा कि महिला आरक्षण की बात हुई थी, क्या महिला आरक्षण लागू हो जाएगा, क्या सरकार इसके लिए तैयार है? उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन की रिपोर्ट भाजपा की रिपोर्ट है। बता रहे हैं कि रिपोर्ट 18626 पेज की है इसे 191 दिनों में तैयार किया गया है। यानी लगभग सौ पेज प्रतिदिन तैयार हुए। इसी से पता चलता है कि कितनी सतही रिपोर्ट है। कितनी चर्चा हुई होगी? वन नेशन वन इलेक्शन वन डोनेशन हैं। अखिलेश ने कहा कि जनता को सावधान रहना चाहिए। भाजपा वन नेशन-वन इलेक्शन की बात कर रही है, इसमें अधिकारी और कर्मचारी लेटरल इन्ट्री से लाए जाएंगे। सबको पता है कि यूपी में जहां-जहां उपचुनाव है सभी जगह साजिश के तहत जाति और धर्म विशेष के बीएलओ हटा दिए गए हैं। वन नेशन-वन इलेक्शन के बाद कल को ये चुनाव आयोग भी हटा देंगे।

कहेंगे हम पांच साल तक इनको वेतन क्यों दें। अगर भाजपा चुनाव खर्च घटाना चाहती है तो इतनी रैलियां क्यों करती है। भाजपा अपनी पार्टी का जिलाध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव एक साथ क्यों नहीं कराती। अखिलेश ने कहा कि भाजपा हमेशा दोहरा मापदंड अपनाती है। जब राम नाईक गवर्नर थे हर समय लिखते थे कि कौन अधिकारी कहां पोस्ट है। आज देखिए टाप पदों पर कौन पोस्ट हैं।

## भेड़िया के हमलों में मारे गए 7 बच्चों के परिजनों को अखिलेश ने दी 50-50 हजार की सहायता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राज्य मुख्यालय में जनपद बहराइच के महसी क्षेत्र में भेड़िया के हमलों से जिन वयस्क-बच्चों समेत 10 जाने गईं, उनमें सात शोक संतप्त परिवारीजनों को अखिलेश यादव ने 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी। घायलों को 25-25 हजार रुपए की मदद दी गई। मृतकों में शायरा पुत्री साकिम उल्ला और छोटू पुत्र शकील को शासन की ओर से कोई मदद नहीं मिली उन्हें पीड़ित भी नहीं माना जा रहा हैं। अखिलेश यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जबसे भाजपा की सरकार बनी है तबसे जानवरों का आतंक बढ़ा है। भाजपा सरकार ने वादे तो कई बार किए कहा इसका रोडमैप भी तैयार है। परन्तु छुट्टा पशुओं और वन्य जीवों से बचाव में कुछ नहीं हुआ। इस काम के लिए दिया गया अरबों के फंड का क्या हुआ? भाजपा सरकार अगर भेड़िये को पकड़ नहीं पा रही है तो ठोको नीति के तहत यह जिम्मेदारी एसटीएफ को सौंप देना चाहिए। जिन्होंने वादे किए उनकी भी जवाबदेही होनी चाहिए और वादाखिलाफी पर सवाल भी उठने चाहिए। यादव ने कहा कि जंगली जानवरों के आतंक से लोग बहुत डरे हुए है।

## हर साल हृदयाघात से लगभग 7 लाख लोगों की होती है मौत

**लखनऊ।** योजना भवन में गुरुवार को प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार नियोजन एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन आलोक कुमार के नेतृत्व में सीपीआर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संजय गांधी पीजीआई के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर आदित्य कपूर ने बताया कि हालांकि एससीए पीड़ितों को जनता के सदस्यों द्वारा बचाया जा सकता है, लेकिन ऐसे 95 फीसद पीड़ित न्यूनतम जन जागरूकता और ऐसी आपात स्थितियों से निपटने के ज्ञान के कारण बच नहीं पाते हैं। आसपास खड़े लोगों द्वारा जीवन रक्षक उपाय शुरू करने में हर एक मिनट की देरी से बचने की संभावना 10 फीसद कम हो जाती है। यदि आम जनता को कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) करने के तरीके के बारे में जागरूक किया जाए, तो वे तुरंत इसे शुरू कर सकते हैं और जीवन बचाने में मदद कर सकते हैं। सीपीआर एक सरल जीवन रक्षक कौशल है और इसे आसानी से सीखा जा सकता है।

## काशी व प्रयागराज में होगा वाटर लेजर शो, आयोजन के लिए 39.17 करोड़ रुपए स्वीकृत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**काशी** एवं प्रयागराज में श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों के मनोरंजन के लिए लेजर शो का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए प्रयागराज के लिए 21.86 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृति की गयी है। इस धनराशि में से प्रथम किश्त के रूप में 8 करोड़ रुपए जारी किये जा चुके हैं। यमुना नदी के बीच में लेजर शो सिस्टम लगाए जाएंगे, जिसमें वाटर स्क्रीन डिस्प्ले सहित अन्य उपकण शामिल होंगे। इसी प्रकार बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में वाराणसी घाट पर वाटर लेजर शो के लिए 17.31 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं, जिसके सापेक्ष 3 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह न बताया कि यूरोपीय देशों में वाटर लेजर शो काफी लोकप्रिय है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए काशी एवं प्रयागराज में वाटर लेजर शो की तैयारी की गयी है। पर्यटक गंगा, यमुना की लहरों के साथ विजुअल एवं साउण्ड का आनन्द ले सकेंगे। प्रयागराज में पर्यटक यमुना के दर्शन के साथ महाकुंभ के बारे में भी बेहतर जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि वाटर लेजर शो आधे-आधे घंटे का होगा, जिन स्थलों पर वाटर लेजर शो की व्यवस्था की गयी है। उसमें कालीघाट, नमामिगंगे घाट, मौजागिरी घाट, बोट क्लब व त्रिवेणी दर्शन घाट हैं। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक शो का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि पर्यटन के क्षेत्र में प्रयागराज विदेशों में भी लोकप्रिय है। यहां संगम के साथ अनेक धार्मिक अध्यात्मिक स्थल हैं। जहां सालभर पर्यटक आते रहते हैं।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि चार महीने बाद विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम महाकुंभ-2025 का आयोजन होगा, इस बार लगभग 50 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इस हेतु स्नान, ध्यान, भ्रमण व ठहरने की उत्तम व्यवस्था की जा रही है। वाटर लेजर शो भी इसका हिस्सा है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार काशी में बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं, जो विश्वनाथ मंदिर, गंगा आरती, गंगा घाट, सारनाथ सहित अन्य स्थलों का भ्रमण करते हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि इन शहरों में पर्यटकों को विशेष अनुभूति प्रदान करने के लिए वाटर लेजर शो का आयोजन किया जा रहा है।

## महाकुंभ में इस बार स्नानार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था होगी हाईटेक

**लखनऊ/ प्रयागराज।** त्रिवेणी के पावन तट पर जनवरी 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ को प्रदेश की योगी सरकार दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के साथ इसकी सुरक्षा पर भी पूरा ध्यान दे रही है। सम्पूर्ण कुंभ मेला क्षेत्र में कल्पवासियों के साथ ही आने जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। त्रिवेणी की पावन जल धारा में पुण्य की डुबकी लगाते समय श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर इस बार योगी सरकार बार कई नए कदम उठा रही है। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद का कहना है कि कुंभ मेला में आगंतुकों की सुरक्षा प्रशासन की पहली प्राथमिकता है । इसके लिए घाटों और नदियों में सामान्य परिस्थितियों से लेकर किसी भी दुर्घटना की स्थिति में विशेष सुरक्षा सतर्कता रहेगी।

# जिलाधिकारी ने दिव्यांग शिविर का फीता काटकर किया शुभारंभ

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**एस** एन साध ट्रस्ट के बैनर तले दिव्यांग शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी बी के सिंह ने फीता काटकर किया। सेवा केंद्र एन ए के पी डिग्री के निकट शुभारंभ के बाद डीएम बी के सिंह ने कहा कि राकेश एवम् चमकेश साध दिव्यांग शिविर के माध्यम से गरीबों की सेवा कर रहे हैं। दिव्यांगों को सैकड़ो की संख्या में उपकरण दिए जा रहे हैं, पैर के अलावा हाथ भी बनाकर दिव्यांगो को लगाए जा रहे हैं। प्रथम बार मैने देखा गरीब मरीजों की सेवा लगातार इस ट्रस्ट के माध्यम से की जा रही है। जिलाधिकारी ने कैंप का बारीकी से निरीक्षण किया।

प्रथम दिन दिव्यांगो को 25 रिक्शा,10 व्हील चेयर,60 कान की मशीन,20 स्टिक प्रदान की गई। इसके अलावा दिव्यांगो को दवाइयां एवम् प्रोटीन पाउडर भी दी गई। डा. शिखर सक्सेना ने नाक,कान,गला रोग विशेषज्ञ ने कान से कम सुनने वालों की आधुनिक मशीनों द्वारा स्वय जांच की। उसके बाद पात्र मरीजों को कान की मशीन दी गई।जयपुर से आई टेक्निकल टीम ने पैर और हाथ के उपकरण तैयार किए। जो दिव्यांगो को हाथ, पैर में लगाए जाएंगे। राकेश साध, चमकेश साध, संयोजक डा.रजनी सरीन, रितेश साध, राहुल साध, सुबोध साध मल्लू, रोबिन साध, मधु साध, प्रिया साध, रोहित गुप्ता, उदय बाथम, अनुभव सारस्वत आदि ने सेवा कार्य में भाग लिया।

# आधी अधूरी निर्मित सड़क का हुसैनगंज विधायक ने किया लोकार्पण

**फतेहपुर।** विधायक निधि से बनी सड़क का बिना निर्माण पूरा हुए ही हुसैनगंज विधायक द्वारा लोकार्पण किए जाने व नवनिर्मित सड़क के तीन माह में ही जर्जर हो जाने से ग्रामीणों ने हुसैनगंज विधायक ऊषा मौर्या के प्रति नाराज़गी दिखाई। ऐरायां ब्लाक के उमरपुर गौंती काजीपुर में हुसैनगंज विधायक ऊषा मौर्या द्वारा अपनी विधायक निधि से सड़क का निर्माण कराया गया था। निर्माणाधीन सड़क का मड़वा-प्रेम नगर रोड से मस्जिद तक निर्माण किया जाना था लेकिन लापरवाह ठेकेदार द्वारा बिना पूरा निर्माण के ही सड़क पूर्ण निर्मित दिखा दिया गया। हुसैनगंज विधायक ऊषा मौर्या द्वारा बिना निरीक्षण के ही अर्द्धनिर्मित सड़क का लोकार्पण भी कर दिया गया। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा अर्द्धनिर्मित सड़क पर हुसैनगंज विधायक के लोकार्पण का पत्थर भी लगाया गया है। जिसे अब भी देखा जा सकता है। नवनिर्मित सड़क के तीन माह में ही जर्जर हो जाने पर ग्रामीणों में विधायक को लेकर जबरदस्त नाराज़गी है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के ठेकेदार एवं हुसैनगंज विधायक के सिपहसालारों द्वारा खेल करके बिना निर्माण के ही अर्द्धनिर्मित सड़क का विधायक द्वारा लोकार्पण करा दिया गया। यही नही बल्कि बनाई गई सड़क भी गुणवत्ताहीन है जो कि तीन माह में ही जर्जर हो गयी। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही को लेकर हुसैनगंज विधायक के प्रति जमकर नाराज़गी दिखाई। इसे सरकारी धन का बंदरबांट बताते हुए जिलाधिकारी से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग किया। हुसैनगंज विधायक ऊषा मौर्या से जब इस विषय पर बात की गई तो उनका कहना रहा कि विधायक निधि से दो सौ मीटर सड़क निर्माण का ही बजट पास हुआ था। दो सौ मीटर सड़क निर्मित करा दी गई है। जबकि प्रधान की ओर से साढ़े तीन सौ मीटर सड़क निर्मित कराए जाने की बात की जा रही थी। शेष डेढ़ सौ मीटर सड़क का निर्माण अगला बजट आने पर किया जाएगा।

# बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद में मारपीट, पिस्टल तानी, पुलिस से भी जमकर धक्का मुक्की

**फर्रुखाबाद।** बाइक खड़ी करनें के विवाद में महाभारत हो गया। दंबग मेडिकल स्टोर संचालक ने दूसरे पड़ोसी मेडिकल स्टोर संचालक और उसके परिजनों को जमकर पीट दिया। मौके पर पकड़नें गयी पुलिस के साथ भी आरोपी और उसके गुर्गों नें जमकर धक्का-मुक्की कर दी। फिलहाल पुलिस कड़ी मसक्कत के बाद आरोपी को थानें लायी। थाना कादरी गेट क्षेत्र के कादरी गेट निवासी पंकज अवस्थी का श्रीराम मेडिकल है। पंकज नें बताया कि कादरी गेट में उनके पड़ोस में डा. विपुल अग्रवाल का वेदांता अस्पताल है। जिसके मेडिकल पर आवास विकास निवासी जयवीर सिंह बैठता है। गुरुवार को अस्पताल आये एक व्यक्ति नें बाइक पंकज के मेडिकल के सामने खड़ी कर दी। जिस पर पंकज नें आपत्ति जाहिर कर बाइक को हटानें का दबाब बनाया। जिस पर वेदांता अस्पताल से जयवीर सिंह बाहर आ गया और उसने पंकज अवस्थी के साथ मारपीट कर दी। पंकज का आरोप है कि उसके ऊपर जयवीर नें पिस्टल तान दी। मामले की तहरीर पंकज नें थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर गयी तो जयवीर नें पंकज के भाई मनोज अवस्थी व भाभी विमलेश के साथ भी मारपीट कर दी।

प्रभारी निरीक्षक अबध नारायण पाण्डेय भारी पुलिस बल के साथ वेदांता अस्पताल पंहुचे और दबिश दी। आरोपी जयवीर को चलने को कहा तो वह विवाद करने लगा। उसने पुलिस के साथ जमकर विवाद और धक्का मुक्की कर दी। पुलिस को उसको गाड़ी में बैठाने में पसीने छूट गये। पुलिस आरोपी जयवीर को थाने लायी। पीड़ित पंकज अवस्थी छात्रसंघ महामंत्री 2005 में बद्री विशाल कालेज में रहा है।

## डा. विपुल पर भी मारपीट करानें का आरोप

पीड़ित पंकज अवस्थी ने तहरीर में डा. विपुल अग्रवाल पर भी मारपीट कराने का आरोप लगाया। पंकज का कहना है कि डा. विपुल की सह पर ही आरोपी जयवीर नें मारपीट की।

## अस्पताल के बाहर नही पर्किंग दिन भर लगता जाम

वेदांता अस्पताल के बाहर पार्किंग की व्यवस्था नही है। पीड़ित पंकज ने आरोप लगाया। पार्किंग न होने से अस्पताल में आने वाले वाहन उसके मेडिकल के सामने खड़े होते हैं। सड़क पर लाइनें लगती है। डा. विपुल अग्रवाल का पक्ष जानने के लिए उन्हें फोन किया गया उनका फोन नही उठा। प्रभारी निरीक्षक अबध नारायण पाण्डेय ने बताया कि मामले की जाँच की जा रही है।

# चेतावनी बिंदु गंगा खतरे के निशान से 15 सेमी व रामगंगा 20 सेमी से ऊपर

**फर्रुखाबाद।** गंगा व रामगंगा खतरे के निशान से ऊपर चल रहीं हैं । दोनों नदियों के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हैं। सड़कों का आवागमन प्रभावित हो गया है। ज्यादातर सम्पर्क मार्गों पर पानी भरा है। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहें हैं। अमृतपुर तहसील क्षेत्र के गांव भावन, हीरानगर, गुडेरा, रुलापुर, अमैयापुर, खखिन, बड़ा गांव, परतापुर, हरपालपुर, कोला सोता, मियां पट्टी, बेच पट्टी, डांडीपुर, मोकूलपुर, महोलिया, लभेड, अलादपुर भटौली, वीरपुर, मोहद्दीपुर, राजेपुर, हमीरपुर, माखन नगला, फखरपुर, करनपुर घाट, असमपुर, आसमपुर, बगिया, कलेक्टरगंज, भावपुर चौरासी, कुतलूपुर, कुबेरपुर, कुसमापुर, सैदपुर, बदनपुर, कनकपुर, शेरखार, गोटिया, दहेलिया, किरचन, रामप्रसाद नगला, रतनपुर, रम्हुआ, बलीपट्टी रानी गांव, मंझा तोफिक्र आदि गांव में पानी पहुंच गया है। बाढ़ से संपर्क मार्ग टूट चुके हैं। ग्रामीण बाजार से सब्जी जानवरों के लिए चार ले जाने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। गांव माखन नगला जाने वाले रोड बाढ़ के पानी से कट गया है।

अमैयापुर पुलिया, खाखिन जरूरतमंद लोगों को निकालनें के लिए पीएसी के जवान स्टीमर के साथ तैंनात किये गये है। गुरुवार को पीएसी जबान लोगों को स्टीमर से निकालनें का कार्य कर रहें थे उसी दौरान स्टीमर पंचर हो गया । गनीमत रही कि उस समय कोई ग्रामीण स्टीमर में बैठा नही था। थाना प्रभारी मिनेश पचौरी नें बताया कि स्टीमर पंचर हुई थी उसे ठीक कराया गया।

## नही हुआ दवाओं का वितरण

बीते दिन जिलाधिकारी डा.वीके सिंह ने निर्देश दिए थे कि स्वास्थ्य टीम बाढ़ क्षेत्र में हर गांव में दो-दो घंटे रुक कर दवा का वितरण करेगी, लेकिन किसी भी गांव में दवा का वितरण नहीं हो रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड से संबंधित बैठक सम्पन्न



**बाँदा।** जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवासों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए खण्ड विकास अधिकारियों को आवासों के निर्माण कार्य में प्रगति लाये जाने तथा शीघ्रता से आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप शत.प्रतिशत आवेद दीदी ठीक नहीं कों को बैंको से ऋष्ण स्वीकृत कराकर वितरण की कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में महा प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र को निर्देश दिये। उन्होंने पंचायतीराज विभाग के द्वारा आरसीसी सेन्टर का निर्माण कार्य शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया।

उन्होंने नयी सड़कों के निर्माण कार्य को वर्षा के बाद शीघ्र निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन विकास योजना के अन्तर्गत भूरागढ़ एवं कालिंजर तथा रनगढ़ में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाये जाने के साथ उप जिलाधिकारी को निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत माध्यमिक विद्यालयों में कराये जाने वाले कार्यों में प्रगति लाने के सम्बन्ध में जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढाये जाने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार कराते हुए निपुण विद्यालय बनाये जाने के सम्बन्ध में बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल.जीवन मिशन के अन्तर्गत किये गये कार्यों का गहनता से निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को सिंचाई योजना के अन्तर्गत स्प्रिंक्लर हेतु आवेदनों का निस्तारण शीघ्र किये जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कृषि रक्षा रसायन का शत.प्रतिशत रूप डीबीटी के माध्यम से भुगतान कराये जाने तथा बेसिक शिक्षाधिकारी को प्राथमिक विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाये जाने हेतु अध्यापकों के द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करते हुए निपुण टेस्ट के अन्तर्गत बच्चों की क्लास टेस्ट भी कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजलए शौचालय निर्माण तथा मल्टीपर्पज हॉल के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अन्तर्गत पात्रों को समय से लक्ष्य के अनुरूप लाभान्वित कराये जाने व नये पेंशन प्रपत्रों का निस्तारण करने के सम्बन्ध में समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया।

## क्विक न्यूज

### जनपद में 24 व 25 सितंबर तक वर्षा एवं आकाशीय विद्युत की सम्भावना, आम जनमानस हेतु दिशा.निर्देश जारी

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के मार्गदर्शन में एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता ने बताया कि भारतीय मौसम विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार कानपुर देहात में 24.09. 2024 व 25.09.2024 तक वर्षा एवं आकाशीय विद्युत की सम्भावना व्यक्त की गयी हैए जिसके दृष्टिगत वर्षा एवं आकाशीय विद्युत से सूरक्षा एवं बचाव के लिए आम जनमानस हेतु दिशा.निर्देश जारी किये जाते है। मौसम की जानकारी अवश्य रखें। छोटे बच्चों को वर्षा के पानी में खेलने रोके। वर्षा के दौरान बिजली से चलने वाले उपकरणों का प्लग निकाल दें। वर्षा के दौरान कच्चे मकानए जर्जर छत के नीचे शरण न लें। वर्षा के दौरान घर से बाहर न निकलें। विद्युत तार, पोल के समीप न खड़ें हो।वर्षा के दौरान सफर न करें।तैराकी या नौकायान न करें। धातु से बने छाता का प्रयोग न करें। ऊचे पेड़ों के नीचे शरण न लें। आकाशीय विद्युत से होने वाली दुर्घटना से बचाव एवं पूर्व चेतावनी हेतु दामिनी ऐप का प्रयोग करें। अन्य प्राकृतिक आपदओं से सूरक्षा एवं बचाव तथा क्या करें क्या न करें के बारे में अधिक जानकारी हेतु सचेत मोबाइल ऐप का प्रयोग करें।आपदा की स्थिति होने पर आपदा टोल फ्री नम्बर 1077 पर सम्पर्क कर सकते है।

### दो कर्मचारियों को वेतन न देने पर पुलिस ने की कार्रवाई

**संडीला (हरदोई)।** एक प्राइवेट नर्सिंग होम के दो गार्डो को काम कराने के बाद भी वेतन न दिए जाने के मामले की शिकायत पुलिस से की गयी है। पुलिस ने मामला दर्ज किए जाने की मांग कही है। हरदोई रोड पर बाबा हजारा बाग स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग होम का संचालन होता है। इसमें पीआओ के तौर पर ज्ञानेन्द्र कुमार सिह पुत्र रामकुमार सिंह निवासी दुबग्गा लखनऊ तथा देवेन्द्र कुमार पुत्र श्रवण कुमार निवासी ग्राम शिवपुरी थाना अतरौली ने काम किया। जब इन लोगों ने नियत तिथि के बाद संचालक डॉक्टर से वेतन मांगा तो पहले तो यह लोग टाल मटोल करते रहे और बाद में वेतन देने से साफ़मना कर दिया। दोनों कर्मचारियों ने पुलिस को लिखित रूप से घटना की जानकारी दी। एफ़आईआर दर्ज करने की बात कही है।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**संडीला (हरदोई)।** काम के लिए औद्योगिक इकाई जा रहे एक श्रमिक की बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम अटुका निवासी 30 वर्षीय अवधेश कुमार औद्योगिक क्षेत्र स्थित किसी औद्योगिक इकाई में कार्यरत थे। वह घर से सुबह लगभग 7030 बजे अपनी बाइक लेकर औद्योगिक इकाई जा रहे थे। जब संडीला मल्लावां मार्ग पर ग्राम गौसगंज के पास उनकी बाइक पहुंची तो किसी अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको गंभीर अवस्था में लेकर लोग सीएचसी पहुंचे लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।

### कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग के प्रशिक्षण का हुआ शुभारम्भ

**कानपुर देहात।** 19.09.2024 को बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान आलमचंद्रपुर कानपुर देहात में कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग के 30 दिवसीय निःशुल्क एवं आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उपायुक्त स्वतः रोजगार गंगारामए अग्रणी जिला प्रबंधक राकेश कुमार एवं निदेशक आरसेटी मयंक कटियार के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित करके शुभारम्भ किया गया। जिला रोजगार अधिकारी शशि तिवारी के द्वारा प्रशिक्षर्थिओं का सेवामित्र पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन भी कराया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 17.09.2024 से 19.10.2024 तक संस्थान में चलेगा। इस अवसर पर संस्थान के संकाय पंकज कुमार, निखिल मिश्रा, कार्यालय सहायक योगेंद्र सिंह, हर्षित मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### कांम्बिंग के साथ ही लगाये गये कैमरों के माध्यम बाघ की उपस्थिति का आंकलन किया

**लखीमपुर।** दिनांक 19.09.2024 को मोहम्मदी रेंज के अन्तर्गत बाघ प्रभावित क्षेत्र ग्राम मूड़ा अस्सी, मूड़ा जवाहर घरथनियां, बघमरा, पिपरिया, मड़िया जवाहर एवं इमलिया में कांम्बिंग करायी गयी। कांम्बिंग के साथ ही लगाये गये कैमरों के माध्यम बाघ की उपस्थिति का आंकलन किया गया। बाघ प्रभावित क्षेत्र में वनकर्मियों की टीमें निरन्तर निगरानी बनाये हुयें हैं। बाघ विचरण मार्ग में मचान बनाकर बाघ को ट्रैंक्यूलाइज करने का प्रयास किया जा रहा है। कैमरा ट्रैप के माध्यम से मिल रहे फोटो एवं पगमार्क की निशानदेही पर रेस्क्यू करने हेतु डाण् नितेश कुमार कटियार पशुचिकित्सक कानपुर प्राणि उद्यान एवं डा. दया शंकर, पशुचिकित्सक अपनी टीम के साथ क्षेत्र में उपस्थित हैं। रेस्क्यू आपरेषन में कैमरों, मचान एवं पगमार्को का निरीक्षण संजय कुमार बिश्वाल, प्रभागीय वनाधिकारी दक्षिण खीरी वन प्रभाग द्वारा किया गया। मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के दृष्टिगत रानी लक्ष्मीबाई इंटर कालेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# आईटीआई में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी संस्थान के कार्यालय में आवेदन प्रपत्र करें जमा

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के निर्देशन में नोडल, प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोगनीपुर ने बताया कि जनपद कानपुर देहात के ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा आईटीआई में प्रवेश हेतु आवेदन किया गया है परन्तु उनका चयन प्रथम, द्वितीय, तृतीय चरण में नहीं हो सका है एवं ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा चतुर्थ चरण में नवीन आवेदन किया है उक्त अभ्यर्थी रिक्त सीटो का विवरण जनपदवार वेवसाइट पर उपलब्ध है तथा वेबसाइट से रैंक विवरण निकाल कर अपना रैंक के अनुसार प्रपत्र एवं प्रार्थना पत्र ध् विकल्प राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोगनीपुर, पुखरायां, अकबरपुर, सिकन्दरा, रसूलाबाद, कानपुर देहात में 23.09.2024 की अपराह्न 01 बजे तक संस्थान के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगें उक्त के उपरान्त दिनांक 25.09.2024 तक चयनित अभ्यर्थियों के प्रवेश सम्बन्धी समस्त कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।

# विद्युत अधिकारियों ने छह माह में लाइन हटाने का भरोसा दिलाया



विद्युत उच्चाधिकारियों से वार्ता करते नागरिक व घायलों को देखते एसडीएम।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** बीती शाम नगर के मोहल्ला सीमांत नगर में घरों के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन टूट कर छतों पर जा गिरी जिससे करीव तीन दर्जन बच्चे एवं जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। मोहल्ला सीमांत नगर में करंट की चपेट में आए लोगों के परिजनों सहित सभासदों आजम सिद्दीकी, धर्मेंद्र गुप्ता उर्फ बड़े, भाजपा नेता सुमित सक्सेना, सपा नेता उत्कर्ष गुप्ता, अमन खान, मुकीम खान, शादाब खान ने विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर एचटी लाईन हटवाये जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। विद्युत उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार सिरोही द्वारा उच्चाधिकारियों को घटनाक्रम से अवगत कराया गया जिस पर ए.सी. नंदलाल एक्सईएन राजीव कुमार व एसडीएम छिबरामऊ ने मौके पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा बूझकर शांत किया। प्रदर्शनकारियों ने विद्युत उपकेंद्र से सीमांत नगर से होती हुई पट्टी मटेना तक जाने वाली एचटी लाइन के नीचे करीब 800 मीटर लाइन के नीचे घनी बस्ती बस जाने के कारण लाइन टूटने पर जान माल का खतरा बना रहता है।

# सामूहिक विवाह योजना में गड़बड़झाले की शिकायत मुख्यमंत्री योगी से

- शिकायतकर्ता ने लगाए गंभीर आरोप, विभागीय अधिकारियों और संस्था पर कार्यवाही की मांग
- घटिया उपहारों का मामला, योजना के प्रति गंभीर नहीं विभाग व प्रशासन

**फतेहपुर।** उप्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के उपहारों की गुणवत्ता की जांच की मांग एक बार फिर परवान चढ़ने लगी है। संबंधित विभाग के साथ साथ आयोजन का ठेका लेने वाली संस्था राहुल इण्टर प्राइजेज पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जनपद के धाता विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पड़री डेंडासई निवासी शारदा प्रसाद पुत्र बूंदी लाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत शासन प्रशासन के उच्चाधिकारियों को शिकायतीपत्र भेजकर आरोप लगाया है कि उपरोक्त योजना के अन्तर्गत विगत 29 फरवरी को ठा. युगराज सिंह महाविद्यालय में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें उसकी पुत्री का विवाह भी हुआ था। बताया कि समारोह में नव दंपत्तियों को जो उपहार स्वरुप सामाग्री दी गई थी वह बिल्कुल घटिया/निम्न श्रेणी की थी तथा भोजन आदि की व्यवस्था न सिर्फ घटिया थी बल्कि सिर्फ औपचारिकता निभाई गई थी।

समारोह में व्यवस्था के नाम पर ठेकेदार व संबंधित विभाग के जिम्मेदारों द्वारा घपलेबाजी की गई और सरकारी धनराशि का बंदरबाट करके गबन किया गया है। यह भी आरोप है कि इस घपलेबाजी की उसके द्वारा पर्व में भी शिकायत की गई किन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई। सीएम से अनुरोध किया गया है कि डीएम को आदेशित करें कि इस मामले की गंभीरता से जांच कराई जाए और जो दोषी मिले उसके खिलाफ़कानूनी कार्रवाई की जाए।

इस अति महत्वाकांक्षी योजना के संचालन और क्रियान्वयन पर पहले भी गड़बड़ झाले के आरोप लगते रहे हैं किन्तु कभी भी कोई कार्यवाही न होने से इस पर कोई सुधार नहीं हो पाया है। संबंधित फर्म के संचालक दबी जुबान कहते रहे हैं कि मुंह मांगा कमीशन देने के बाद गुणवत्ता में सुधार कैसे संभव है। वहीं संबंधित फर्म के बाबत प्रकाश में आया है कि कौशाम्बी की इस फर्म पर योजनाओं के साथ गड़बडी करने के आरोप पहले भी लग चुके हैं किन्तु मोटा कमीशन खाने वाले अधिकारी प्राय: इस बाबत कोई कार्यवाही करने से बचते रहे हैं। देखना यह है कि इस बार क्या कुछ सुधार होता है या पूर्ववत प्रक्रिया चलती रहती हैं।

# सीएम के पुतला दहन की आशंका पर सपाई हिरासत में

- चौराहे बने रहे छावनी चप्पे-चप्पे पर खाकी रही मुस्तैद
- राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर भाजपाइयों पर कार्रवाई की मांग



**फतेहपुर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अपमान पर सपा कार्यकर्ताओं द्वारा सीएम के पुतला दहन की अफवाह पर पुलिस ने दर्जनों सपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत से सपाइयों को रिहा किया गया। सीएम के पुतला दहन की सूचना पर जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। पटेलनगर चौराहा समेत अन्य चौराहों को पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया व अन्य जगह भी भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस लाइन में ही सपा कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर सपा प्रमुख का अपमान करने व पुतला फूंकने वाले भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की मांग किया।

गुरुवार को सपा यूथ ब्रिगेड द्वारा पूर्व सीएम व सपा प्रमुख का पुतला दहन करने वाले भाजपाइयों पर कार्रवाई के लिए डीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन दिए जाने का कार्यक्रम था। खूफिया विभाग को सपा कार्यकर्ताओं द्वारा सीएम के पुतला फूंकने की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन एलर्ट मोड़ पर आ गया। पुलिस ने बुधवार की देर रात्रि यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष अमित मौर्या समेत अन्य सपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले आयी। बिंदकी व खागा तहसील में भी सपा नेताओं को हिरासत में ले लिया गया। सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, हुसैनगंज विधायक ऊषा मौर्या, नगर पालिका चेयरमैन राजकुमार मौर्या, सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव समेत सपा के अन्य बड़े नेताओ में घरों में नज़रबंद करके घरों के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। हिरासत में लिये गये विभिन्न फ्रंटल संगठनों के कार्यकर्ताओं को शाम 05 बजे रिहा किया गया। सपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस लाइन में उप जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला फूंकने व अपमान करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की मांग किया।

# सामाजिक बुराईयों को दूर करने व जन जागरूकता में पत्रकारों का योगदान महत्वपूर्णः मनोज सिंह

**संडीला ( हरदोई )।** पत्रकारों द्वारा की जा रही समाजसेवा के प्रति आभार व्यक्त करत हुए संक्षिप्त समारोह में कई पत्रकारों को सम्मानित किया गया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में समाजसेवी मीना सिंह तथा एक अन्य सामाजिक संस्था के संस्थापक अध्यक्ष मनोज सिंह अर्कवंशी ने मुकेश सिंह के अलावा पत्रकार विमलेश कुमार अर्कवंशीए प्रियदर्शी गुप्ताए आशीष गुप्ताए अरुणेन्द्र कुमार तिवारीए शशिकांत मौर्यए चन्द्रकांत मौर्य शानूए सुचित द्विवेदीए सूरज गुप्ताए विवेक मिश्रा विराट को पटका पहनाकर सम्मानित किया। इव अवसर पर मनोज सिंह अर्कवंशी ने कहा कि पत्रकार समाज की अद्वितीय सेवा करते हैंए वे सामाजिक कुनीतियों के विरुद्ध मजबूती से आवाज़ उठाते हैं तथा जनसामान्य में जागरूकता उत्पन्न करते हैं। इसके अलावा समाज में व्यापक भ्रष्टाचार और अन्य समस्याओं पर कलम के माध्यम से अपने दयित्वों का निर्वाहन करते हैं। निश्चित रूप से यह एक सराहनीय प्रयास है। इसी अवसर पर समाजसेविका मीना सिंहए रामशंकर सिंहए नरेन्द्र सिंह अर्कवंशीए सियाराम कन्नौजियाए विमलेश अर्कवंशीए काजल सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## च्यवन ऋषि आश्रम में विशाल वार्षिक भंडारा कल

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** पौराणिक तपो भूमि च्यवन ऋषि आश्रम में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक एवं किसान नेता धर्मेंद्र सिंह राजपूत उर्फबबलू ठाकुर ने कहा कि प्रति वर्ष की भांति शनि महाराज की पूजा अर्चना के उपरांत विशाल वार्षिक भंडारा करवाया जाता है। इस वर्ष भी 21 सितंबर 2024 शनिवार को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नगर क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहेंगे।

# ग्रामीणों ने लाश को मार्ग पर रखकर किया चक्का जाम

- एक घंटे तक ढखेरवा लखीमपुर मार्ग रहा अवरुद्ध

**संवाददाता।** ढखेरवा



**शारदानगर** मार्ग पर बुधवार दोपहर बाद सड़क हादसे में मारे गए गांव महादेव निवासी अरविंद कुमार की लास को उसके परिजनों ने पोस्टमार्टम के पश्चात गुरुवार दोपहर बाद लखीमपुर से लाकर गांव मल्लबेहड़ के सामने रखकर चक्का जाम कर दियास मृतक अरविंद के परिजनों के साथ बड़ी तादाद में पहुंचे अन्य ग्रामीणों की मांग थी कि मैं हादसे में शामिल दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए और हादसे के दौरान मृतक अरविंद का एक पैर कहीं कटकर गायब हो गया था उसे बरामद किया जाएस

बता दें कि बुधवार दोपहर बाद ढखेरवा शारदानगर मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गांव महादेव सोहरिया निवासी अरविंद कुमार और हल्लू गौतम व लखाही निवासी राजकुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए थेस हादसे के दौरान अरविंद का एक पैर कट कर कहीं गायब भी हो गया था स तीनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी रमियां बेहड़ भेजा गया जहां पर चिकित्सकों ने अरविंद को मृत घोषित कर दिया जबकि हल्लू गौतम और राजकुमार को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया थास दूसरे दिन गुरुवार सुबह उपचार के दौरान राजकुमार की भी मृत्यु हो गईस गुरुवार को अरविंद का पोस्टमार्टम कराने के पश्चात जिला मुख्यालय से शव लेकर आए परिजनों ने मल्लबेहड़ के सामने मार्ग पर रखकर जाम लगा दिय स इस संदर्भ में एसओ हरिकेश राय ने बताया कि हादसे में शामिल अल्टो कार देर रात बरामद कर ली गई है परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## स्वच्छता से ही भारत स्वस्थ और विकसित बनेगा: राष्ट्रपति मुर्मू

**उज्जैन (मध्यप्रदेश)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को लोगों से स्वच्छता की दिशा में आगे आने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता से ही भारत स्वस्थ और विकसित बनेगा। साथ ही उन्होंने यह भी याद किया कि उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत अपने गृहनगर में स्वच्छता से की थी। यहां सफाई मित्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुर्मू ने स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार सातवीं बार शीर्ष पर रहने के लिए मध्यप्रदेश के इंदौर शहर और देश में सबसे स्वच्छ राज्य की राजधानी होने के लिए भोपाल की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, सफाई मित्रों (सफाई कर्मचारियों) को सम्मानित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। स्वच्छता से ही देश स्वस्थ और विकसित बनेगा। सफाई मित्रों को सम्मानित करके हम खुद को सम्मानित कर रहे हैं। मुर्मू ने लोगों से देश को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित बनाने के लिए एक कदम आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने उम्मीद जताई कि देश के गांवों और गलियों में रहने वाले लोग स्वच्छ भारत मिशन के तहत काम करने के लिए आगे आएंगे और ऐसा करने से ही देश महात्मा गांधी के स्वच्छता के आदर्शों को लागू कर पाएगा। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि स्वच्छता की ओर एक कदम देश को साफ रखने में मदद करेगा। हम सभी को देश को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित बनाने के लिए आगे बढ़ना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) पिछले 10 वर्षों में एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गया है और इसके परिणामस्वरूप देश में व्यापक बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के कारण लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है और इस संबंध में उनके व्यवहार में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा, इससे मुझे बहुत खुशी होती है। मुर्मू ने यह भी याद किया कि उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत ओडिशा में अपने गृहनगर में स्वच्छता से की थी, वहां उन्होंने अधिसूचित क्षेत्र परिषद की उपाध्यक्ष के रूप में काम किया था।



उन्होंने कहा, मैं सफाई कार्यों का निरीक्षण करने और सफाई मित्रों और अन्य लोगों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए एक वार्ड से दूसरे वार्ड में जाती थी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ मिशन के तहत, खुले में शौच की समस्या से निपटने के लिए 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया तथा 2.25 लाख से अधिक सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण किया गया है जिन्होंने महिलाओं के सम्मान, उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने में प्रमुख भूमिका निभाई है।

राष्ट्रपति ने स्कूलों में छात्राओं के लिए, शौचालय की व्यवस्था करने के लिए सरकार को बधाई दी और कहा कि इसके परिणामस्वरूप बालिकाओं की साक्षरता का स्तर बढ़ा है। एक प्रतिष्ठित सर्वेक्षण के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन के कारण देश में बाल मृत्यु दर में कमी आई है और ग्रामीण परिवारों की वार्षिक स्वास्थ्य लागत में औसतन 50,000 रुपए की कमी आई है। स्वच्छता अभियान में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए, मध्यप्रदेश के लोगों की प्रशंसा करते हुए, उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर लगातार सातवीं बार सबसे स्वच्छ शहर के रूप में शीर्ष पर रहा है, जबकि भोपाल देश की सबसे स्वच्छ राज्य की राजधानी के रूप में उभरा है।

राष्ट्रपति ने सफाई कर्मचारियों की भूमिका की भी सराहना की और उन्हें अग्रिम पंक्ति के योद्धा बताया, क्योंकि उन्होंने शहर को साफ रखने और नागरिकों को गंदगी से जुड़ी विभिन्न बीमारियों से बचाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, वे राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं और उन्हें सम्मानित करके हम वास्तव में अपना गौरव बढ़ा रहे हैं। मुर्मू ने पांच महिलाओं सहित पांच सफाई मित्रों को सम्मानित किया और1,692 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली उज्जैन-इंदौर छह लेन सड़क की आधारशिला भी रखी।

सम्मानित होने वालों में अनीता चावरे, किरण खोड़े, शोभा घावरी, रश्मि टंकले और शीतल खरे शामिल हैं। राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके बाद राष्ट्रपति ने देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर का दौरा किया और गर्भगृह में भगवान के समक्ष प्रार्थना की। 17 सितंबर (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन) से 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) तक देश में मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ मुर्मू ने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई भी की। महाकाल मंदिर में दर्शन के बाद राष्ट्रपति ने उज्जैन के श्री महाकाल लोक में पत्थर की मूर्तियां बना रहे कारीगरों से बातचीत की और उन्हें उत्कृष्ट बताया। मुर्मू ने त्रिवेणी सभा मंडपम में ओडिशा के पुरी जिले के मूर्तिकारों ईश्वर चंद्र महाराणा, आदित्य महाराणा, सुरेश कुमार ओझा और अक्षय कुमार महाराणा से बात की। विज्ञप्ति के अनुसार उन्होंने कारीगरों से कहा कि पढ़ाई तो सभी करते हैं, लेकिन सभी को कला नहीं आती। उन्होंने कहा कि आप जो काम कर रहे हैं, वह बहुत सराहनीय है। विज्ञप्ति में बताया गया कि कारीगरों ने राष्ट्रपति को पत्थर का शिवलिंग भेंट किया। इस अवसर पर राज्यपाल पटेल और मुख्यमंत्री यादव भी मौजूद थे।

## पश्चिम बंगाल: चिकित्सकों ने आंदोलन कल से आंशिक रूप से समाप्त करने की घोषणा की

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा अधिकतर मांगें मान लिए जाने के बाद आंदोलनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों ने घोषणा की है कि वे शनिवार से अपना आंदोलन आंशिक रूप से खत्म करके राज्य द्वारा संचालित अस्पतालों में आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं में अपनी ड्यूटी आंशिक रूप से शुरू करेंगे। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के बाद पिछले 41 दिनों से काम से दूर चिकित्सकों ने घोषणा की है कि वे शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन के बाहर अपना धरना समाप्त कर देंगे। धरना समाप्त करने से पहले वे राज्य स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय स्वास्थ्य भवन से साल्ट लेक क्षेत्र में सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई कार्यालय तक एक मार्च निकालेंगे। यह निर्णय पश्चिम बंगाल में बाढ़ की स्थिति और राज्य सरकार द्वारा कुछ मांगों पर सहमति जताए जाने के बाद लिया गया है।

## राहुल के खिलाफ टिप्पणी पर बोंडे और गायकवाड़ अड़े, कांग्रेस का प्रदर्शन

**मुंबई, भुवनेश्वर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी कर सुर्खियों में आए शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ और भाजपा के राज्यसभा सदस्य अनिल बोंडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि वे अपने बयान पर अडिग है। इस बीच, कांग्रेस द्वारा इस मुद्दे पर आयोजित देशव्यापी प्रदर्शन के तहत पार्टी की महाराष्ट्र और ओडिशा इकाइयों ने भी बृहस्पतिवार को विरोध प्रदर्शन किया। गायकवाड़ ने इस सप्ताह की शुरुआत में राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी। उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों से परेशान नहीं हैं।

बोंडे ने भी आरक्षण को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की टिप्पणी के लिए उनके (राहुल के) खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने बृहस्पतिवार को मुंबई, नागपुर सहित महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन किया और विपक्षी दलों से गायकवाड़ और बोंडे की कथित विवादित टिप्पणियों के लिए दोनों नेताओं को निष्कासित करने की मांग की। मुंबई के निकट भयंदर में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के एक सांसद, विधायक और एक केंद्रीय मंत्री ने गांधी को धमकी दी है। उन्होंने डर गई भाजपा और उसके सहयोगियों की आलोचना की।

केरल विधानसभा के सदस्य चेन्निथला ने कहा, इन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। राहुल गांधी की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता भारत और विदेश दोनों में बढ़ी है। वह देश में (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी और आरएसएस के खिलाफ लड़ने वाले एकमात्र नेता हैं। वह भाजपा के लिए एक बड़ी चुनौती बन गए हैं। यही कारण है कि डरी हुई भाजपा और उसके सहयोगी लगातार उन्हें धमकियां दे रहे हैं। हालांकि, राहुल गांधी ऐसी धमकियों से नहीं डरते। इस अवसर पर महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा, राहुल गांधी देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए यात्रा पर निकले हैं। राहुल गांधी एक शांत नेता हैं, लेकिन भाजपा उन्हें निशाना बना रही है और उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं। कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी और इसका पुरजोर जवाब देगी।

विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वालों में महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार, कांग्रेस की मुंबई इकाई प्रमुख वर्षा गायकवाड़ और विधायक असलम शेख शामिल थे। ओडिशा में पार्टी इकाई के नेताओं ने बृहस्पतिवार को भुवनेश्वर में विरोध प्रदर्शन किया और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ कथित विवादास्पद टिप्पणी करने वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)के चार नेताओं के खिलाफ कार्वाई की मांग की। पोस्टर बैनर लेकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मास्टर कैंटीन स्क्वायर के नजदीक स्थित कांग्रेस भवन से विरोध मार्च निकाला। कांग्रेस कार्यकर्ता जब राज्य भाजपा कार्यालय की ओर बढ़े, तो पुलिस ने उन्हें खारवेलनगर में रोक दिया, जिससे पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना ने कहा, राहुल गांधी की हत्या की साजिश रचने वाले लोग खुलेआम घूम रहे हैं। पुलिस ने अभी तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया है। न तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अब तक इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी की है। हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों से कहा था कि भारत में जब सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे तब कांग्रेस आरक्षण समाप्त करने के बारे में सोचेगी। उन्होंने कहा कि अभी ऐसा नहीं है। विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए गायकवाड़ ने कहा, हम इसकी परवाह नहीं करते। मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता।

## आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य घोष का चिकित्सा पंजीकरण रद्द

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल चिकित्सा परिषद (डब्ल्यूबीएमसी) ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष का पंजीकरण बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घोष, आरजीकर अस्पताल में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित दुष्कर्म के बाद हत्या के मामलें में इस समय केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में हैं। डब्ल्यूबीएमसी द्वारा तैयार की जाने वाली पंजीकृत चिकित्सकों की सूची से घोष का नाम हटा दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि घोष का लाइसेंस बंगाल चिकित्सा अधिनियम 1914 के विभिन्न प्रावधानों के तहत रद्द किया गया। उन्होंने बताया कि घोष ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं और बिना लाइसेंस वह इलाज नहीं कर सकेंगे।

घोष को दो सितंबर को सीबीआई ने अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं में कथित संलिप्तता के मामले में गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी ड्यूटी पर तैनात महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के विरोध के बाद हुई। बाद में उन पर मामले में सबूतों से छेड़छाड़ करने का आरोप भी लगाया गया।

महिला चिकित्सक की मौत के बाद विरोध प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों में प्रमुख चेहरे के रूप में उभरे अनिकेत महतो ने इस कदम को जीत करार दिया। उन्होंने कहा, यह हमारी मृत बहन के लिए जीत है। घोष का चिकित्सा पंजीकरण उनकी गिरफ्तारी के साथ ही रद्द कर दिया जाना चाहिए था। हम खुश हैं कि पश्चिम बंगाल चिकित्सा परिष ने अंतत: यह कदम उठाया है। घोष को फरवरी 2021 में आरजी कर चिकित्सा महाविद्यालय का प्रधानाचार्य नियक्त किया गया था। विरोध प्रदर्शन के बीच उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

## लोकप्रिय संबलपुरी गायिका रुखसाना बानो की मौत, परिजनों ने लगाया जहर देने का आरोप

**भुवनेश्वर।** लोकप्रिय संबलपुरी गायिका रुखसाना बानो का भुवनेश्वर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भुवनेश्वर में इलाज के दौरान निधन हो गया। अस्पताल सूत्रों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि 27 वर्षीय रुखसाना का जीवाणु के कारण होने वाले रोग स्क्रब टाइफस का इलाज किया जा रहा था, उन्होंने बुधवार रात हुई उसकी मौत का कारण अभी तक नहीं बताया है। रुखसाना की मां और बहन ने आरोप लगाया कि उन्हें पश्चिमी ओडिशा के उनके एक प्रतिद्वंद्वी गायक ने जहर दिया है, लेकिन उन्होंने कलाकार की पहचान उजागर नहीं की। दावा किया कि रुखसाना को पहले भी धमकियां मिली थीं। करीब 15 दिन पहले बोलनगीर में शूटिंग के दौरान जूस पीने के बाद रुखसाना बीमार पड़ गईं। उन्हें 27 अगस्त को भवानीपटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## रिक्लेम द नाइट के दौरान महिलाओं ने शराब पी उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी की : देबनाथ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता स्वप्न देबनाथ ने यह कहकर नया विवाद छेड़ दिया कि परिजनों को देखना चाहिए कि रिक्लेम द नाइट आंदोलन के दौरान उनकी बेटियां क्या कर रही हैं। देबनाथ ने आंदोलन के दौरान एक प्रदर्शनकारी के पुरुषों के साथ शराब पीने की कथित घटना का हवाला देते हुए यह बयान दिया। पशु संसाधन विकास मंत्री ने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है लेकिन महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी की है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने हालांकि मंत्री द्वारा की गई टिप्पणी से दूरी बना ली है। एक कथित वीडियो में देबनाथ बुधवार को पूर्व बर्धमान जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए दिखाई दिए, जिसमें उन्होंने हाल में उनके विधानसभा क्षेत्र पूर्वस्थली में रिक्लेम द नाइट आंदोलन के दौरान एक महिला और दो पुरुषों को एक होटल में कथित तौर पर बीयर पीते हुए देखने का जिक्र किया। उन्होंने कहा, क्या होता अगर महिला के साथ कुछ अनहोनी हो जाती? हमारे लोग उस समय निगरानी कर रहे थे। लेकिन अगर वे आसपास नहीं होते तो? माता-पिता के लिए मेरी सलाह, आपकी बेटी विरोध प्रदर्शन में शामिल होने गई। ठीक है। लेकिन बाद में, वह शराब पीती हुई देखी गई। हमने आपको (माता-पिता को) उसे घर ले जाने के लिए सूचित किया, हमने पुलिस से भी उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। देबनाथ ने कहा कि उन्होंने अपने इलाके के होटल मालिकों से अनुरोध किया है कि वे मध्यरात्रि के बाद महिलाओं को शराब न बेचें। उन्होंने माता-पिता से अधिक सतर्कता बरतने का आग्रह करते हुए कहा, आपकी बेटी अन्य महिलाओं की सुरक्षा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने गई थी। लेकिन मध्यरात्रि के बाद वह बाहर क्या कर रही है, इस पर नजर जरूर रखें। उन्होंने कहा, किसी भी अप्रिय घटना के लिए राज्य को जवाबदेह होना पड़ेगा। हम निश्चित रूप से महिलाओं की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। लेकिन जो लोग बाहर हैं, उनकी भी जिम्मेदारी है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता है। देबनाथ की टिप्पणी पर विवाद बढ़ने के बादल टीएमसी के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी ऐसी टिप्पणियों का समर्थन नहीं करती। उन्होंने कहा, हम किसी भी व्यक्ति के व्यवहार को निर्देशित नहीं कर सकते, चाहे वह पुरुष हो या महिला। उसे शराब पीनी चाहिए या नहीं या वह कहां जाएगी। घोष ने कहा, लेकिन स्वप्न देबनाथ की टिप्पणी में एक महिला की सुरक्षा के लिए चिंता की बाद को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

## केरल महिला आयोग ने विवाह पूर्व परामर्श अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया

**कोझीकोड (केरल)।** केरल महिला आयोग ने वैवाहिक विवाद को दूर करने और मजबूत पारिवारिक संबंधों को बढ़ावा देने के मकसद से बृहस्पतिवार को एक प्रस्ताव दिया जिसमें कहा गया है कि युगल के लिए आधिकारिक तौर पर विवाह का पंजीकरण कराने से पहले स्थानीय निकाय स्तर पर विवाह पूर्व परामर्श अनिवार्य किया जाए। आयोग ने यह सिफारिश इसलिए की ताकि प्राप्त शिकायतों में उजागर होने वाले वैवाहिक समस्याओं के मूल कारणों का समाधान किया जा सके। आयोग अध्यक्ष पी सतीदेवी ने कोझीकोड में एक जिला-स्तरीय बैठक के बाद इस तरह के हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उनके अनुसार, कई शिकायतें परिवार और वैवाहिक गतिशीलता के संबंध में पति-पत्नी के बीच समझ की कमी की ओर इशारा करती हैं, जो अकसर घरेलू विवाद का कारण बनती हैं।

## गोकशी के आरोपियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ में एक घायल

**भाषा।** मेरठ (उप्र)

**मेरठ में** गोकशी के आरोपियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ में एक आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। घायल बदमाश के एक अन्य साथी को भी पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया, जबकि उनका तीसरा साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार और बृहस्पतिवार की दरमियानी रात थाना लोहियानगर इलाके में मेरठ पुलिस को जिलानी गार्डन से बजोट वाले रास्ते पर गोकशी की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि इसके बाद पुलिस सतर्क हो गई और जब पुलिस दल ने आरोपियों को रोकने की कोशिश की तो तीन संदिग्ध जंगल की ओर भागने लगे। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार जब पुलिस ने उन्हें रोका तो एक आरोपी ने पुलिस पर गोली चला दी।

पुलिस ने भी जवाबी कार्वाई में गोली चलाई जिसमें चमड़ा पैठ, थाना लोहियानगर निवासी मेहराजुद्दीन उर्फ मेहराज घायल हो गया। उसके दाएं पैर में गोली लगी है। घायल बदमाश के साथी वकील निवासी जाकिर कालोनी थाना लोहिया नगर को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों से गोकशी की घटना में प्रयुक्त होने वाले उपकरण और हथियार बरामद किए गए हैं। इनका तीसरा साथी सोनू उर्फ भूरा अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में कामयाब हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना लोहियानगर में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्वाई की जा रही है।

## राहुल गांधी के खिलाफ जो टिप्पणी की, उस पर कायम हूं: बिट्टू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी को लेकर अपने विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज होने के बाद बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपनी टिप्पणी पर कायम हैं और पुलिस शिकायतों से नहीं डरते। बेंगलुरू में बिट्टू के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक पदाधिकारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी दर्ज होने पर खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री बिट्टू ने कहा, कांग्रेस पार्टी हमेशा प्राथमिकी और पुलिस मामले दर्ज करके डराने की कोशिश करती है। मैं बिल्कुल भी चिंतित नहीं हूं। राहुल गांधी ने भारत में सिखों की स्थिति के बारे में जो भी कहा है, मैं उस विचार से कैसे सहमत हो सकता हूं। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पौत्र बिट्टू ने कहा, राहुल गांधी और उनकी पार्टी 100 प्राथमिकी दर्ज कर सकती है, मैं देश की एकता के लिए बोलूंगा।

## सपा विधायक जाहिद बेग ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया

**भदोही।** उप्र के भदोही जिले में आत्महत्या के लिए उकसाने और बाल श्रम कानून के उल्लंघन के आरोपी भदोही से सपा के विधायक जाहिद बेग ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। बेग को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सपा अध्यक्ष ने बेग का नाम लिए बिना लखनऊ में संबोधित करते हुए इस घटना पर कहा, यह घटना दुखद है। कोई भी नहीं चाहेगा कि उनके घर पर ऐसी घटना हो। उन्हें इसलिए परेशान किया जा रहा है क्योंकि वह सपा से हैं और दूसरी बात यह कि इससे भाजपा को हिंदू-मुस्लिम विभाजन पैदा करने में फायदा होगा। यह सपा को बदनाम करने की भाजपा की रणनीति है। पुलिस ने सपा विधायक बेग, उनकी पत्नी सीमा बेग और बेटे जाएम बेग के खिलाफ एक नाबालिग लड़की से घर में बाल श्रम करवाने और एक अन्य नौकरानी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में बेग के बेटे जाएम को बुधवार को गिरफ्तार किया गया था। विधायक बेग ने अदालत में पेश होने के बाद पुलिस वैन में ले जाए जाने के दौरान कहा, पुलिसकर्मियों ने मुझ पर हमला किया है... मैं कोई गुंडा या बदमाश नहीं हूं। मुझे नहीं पता कि किसके निर्देश पर और क्यों यह सब किया जा रहा है। बेग के वकील मजहर शकील ने बताया कि विधायक ने सीजेएम की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया गया है। नौ सितंबर को विधायक जाहिद बेग के घर में घरेलू सहायिका के रूप में काम करने वाली 17 वर्षीय एक लड़की का शव स्टोर रूम में फंदे से लटका हुआ पाया गया था, जिसके अगले ही दिन भदोही पुलिस और श्रम प्रवर्तन विभाग के कर्मियों द्वारा की गई छापेमारी के दौरान विधायक से 17 वर्षीय एक अन्य नौकरानी को मुक्त कराया गया था।

## मंदिर के पास बनी मजार को तोड़कर शिवलिंग स्थापित किया, पुलिस ने हटवाया

**शाहजहांपुर (उप्र)।** जिले के एक गांव में अराजक तत्वों ने कथित तौर पर मंदिर के पास बनी मजार को तोड़कर वहां शिवलिंग स्थापित कर दिया जिसे बाद में पुलिस ने हटवाया और स्थिति को सामान्य किया। इस मामले में पुलिस ने मंदिर के पुजारी तथा कुछ अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है और गांव में बड़ी संख्या में पुलिस तथा पीएसी बल को तैनात किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मनोज अवस्थी ने बृहस्पतिवार को बताया कि थाना सिधौली अंतर्गत सहोरा गांव में एक मंदिर के पास दो मजार हैं। मजारों पर एक समुदाय के लोगों ने झालर लगाकर सजावट की थी और पुलिस ने यह सूचना मिलने पर मंगलवार को झालर आदि हटवा दी थी। पुलिस इस मामले में जांच कर रही थी कि झालर किसने लगाई, लेकिन इस बीच मंगलवार को किसी समय अराजक तत्वों ने एक मजार के ऊपरी हिस्से को तोड़ दिया। अवस्थी ने बताया कि इसके बाद मजार पर शिवलिंग स्थापित कर दिया गया, जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक वहां दोनों समुदायों की काफी भीड़ जमा हो गई थी और स्थानीय पुलिस ने इस बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस ने मजार पर स्थापित किए गए शिवलिंग को हटा दिया है तथा गांव में तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल के अलावा क्यूआरटी तथा पीएसी को तैनात किया गया है। पुलिस ने रियाजुद्दीन नामक व्यक्ति की शिकायत पर मंदिर के पुजारी नेवाराम समेत अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## पेज 1 का शेष

### भारत नहीं..

शाम के बाद सब कुछ बंद हो जाता था और घर-घर जाकर प्रचार करना संभव नहीं था। जब वे ऐशो-आराम में जी रहे थे, तब आपके अधिकार छीन लिए गए। यह पहली बार है जब मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव आतंकवाद की छाया में नहीं हो रहे हैं। घाटी के प्रमुख धार्मिक स्थलों हजरतबल दरगाह, चरार-ए-शरीफ, ख्वाजा साहब की दरगाह, शंकराचार्य और खीर भवानी मंदिर का नाम लेते हुए मोदी ने कहा कि तीन परिवारों के शासनकाल में ये पवित्र स्थल भी सुरक्षित नहीं थे। फिल्मों की शूटिंग पर रोक लगा दी गई, सिनेमाघरों पर ताले लगा दिए गए, जबकि लाल चौक पर तिरंगा फहराना आग से खेलने के बराबर था। हालांकि, अब तस्वीर बदल गई है। पहले लाल चौक जाना डरावना लगता था, लेकिन आज देर शाम तक चहल-पहल रहती है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि दुकानदारों से लेकर शिकारा वाले तक, हर कोई अब आसानी से अपनी आजीविका कमा रहा है। मोदी ने कहा, यह माहौल, यह शांति इसे कौन लाया। आप लाए, यह काम जम्मू-कश्मीर के लोगों ने किया। कश्मीरी हिंदुओं ने कश्मीरियत को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि, तीन परिवारों ने उन्हें गुलाम बना लिया। उन्होंने हमारे हिंदू भाइयों के साथ अन्याय किया। पीएम ने कहा कि कश्मीरी सिखों और हिंदुओं के साथ हुए अन्याय में कांग्रेस, जेकेएनसी और पीडीपी की मिलीभगत थी।

### हिज्बुल्लाह...

वह युद्ध में एक नए चरण की शुरुआत में हैं। इसके लिए साहस, दृढ़ संकल्प और दृढ़ता की आवश्यकता है। उन्होंने विस्फोटक उपकरणों का कोई जिक्र नहीं किया, लेकिन इजरायल की सेना और सुरक्षा एजेंसियों के काम की सराहना करते हुए कहा कि परिणाम बहुत प्रभावशाली हैं। गैलेंट ने कहा कि गाजा में हमास से महीनों तक लड़ने के बाद, संसाधनों और बलों को ध्यान उत्तर की ओर स्थानांतरित हो रहा है। हिजबुल्लाह ने गुरुवार की सुबह कहा कि उसने उत्तरी इजरायल में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, बिना यह बताए कि उसने कौन से हथियारों का इस्तेमाल किया। इजरायली अस्पतालों ने बताया कि उन्होंने हमलों में घायल हुए कम से कम आठ मरीजों का इलाज किया। सेना ने गुरुवार की सुबह कहा कि उसने रात भर दक्षिणी लेबनान में कई आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया।

### पन्नू केस..

हमने कहा है कि यह सरकार की नीति के भी विपरीत है।' इस साल मई में, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत इस मामले की जांच कर रहा है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे भारत-अमेरिका संबंधों के 'आगे बढ़ने' पर कोई असर नहीं पड़ेगा। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, अमेरिका ने कुछ जानकारी हमारे ध्यान में लाई गई है, हमारा मानना है कि इनमें से कुछ का हमारे अपने सिस्टम पर भी प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा, हम इसकी जांच कर रहे हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि भारत-अमेरिका के बीच बढ़ते संबंधों की मूल दिशा पर इसका कोई असर पड़ेगा। निखिल गुप्ता को पिछले साल चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। उन पर न्यूयॉर्क में पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप है। उन्हें इस साल जून में चेक गणराज्य से अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था। अप्रैल 2024 में, द वाशिंगटन पोस्ट ने बताया कि भारत के रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के एक अधिकारी विक्रम यादव को साजिश के पीछे के अधिकारी के रूप में फंसाया गया था। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया था कि तत्कालीन रॉ प्रमुख सामंत गोयल ने ऑपरेशन को मंजूरी दी थी। हालांकि, भारत ने रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि यह दावा करना अनुचित और निराधार आरोप है कि पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय एजेंट शामिल थे। गुरपतवंत सिंह पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है और वह आतंकवाद के आरोपों में भारत में वांछित है। उसे केंद्रीय गृह मंत्री ने सख्त आतंकवाद विरोधी कानून गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी घोषित किया है।

### आतंकवाद...

अग्रवाल ने कहा कि एफएटीएफ ने कहा है कि आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए निवारक उपाय किए जाने चाहिए। अग्रवाल ने कहा कि आयकर विभाग ने जोखिम में एनपीओ की पहचान करने के लिए कई डेटा बिंदुओं का उपयोग किया है और एनपीओ के साथ उन्हें संवेदनशील बनाने के लिए निरंतर संपर्क किया जा रहा है ताकि उन्हें आतंकवाद के वित्तपोषण के माध्यम के रूप में इस्तेमाल न किया जा सके। अग्रवाल ने कहा, किसी भी मानक पर भारत की रेटिंग (एफएटीएफ द्वारा) कम नहीं है, यह या तो उच्च रेटिंग है या मध्यम रेटिंग है।

### नशे में..

उन्होंने अपना जन्मदिन मनाने के लिए एक रात के लिए कार किराए पर ली थी। पुलिस को शांति वन से गीता कॉलोनी जाने वाली सड़क पर दुर्घटना की सूचना मिली थी। बाद में पता चला कि जन्मदिन मनाने के लिए अश्वनी मिश्रा नामक युवक ने अपने दोस्तों 19 वर्षीय ऐश्वर्या पांडे, जो देशबंधु कॉलेज में प्रथम वर्ष और 20 वर्षीय केशव, दयाल सिंह कॉलेज में द्वितीय वर्ष के छात्र के साथ शादीपुर से 1500 रुपये में एक रात के लिए हुंडई वेन्यू किराए पर ली थी, उन्होंने कहा।पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर के रहने वाले मिश्रा, पांडे और केशव, साकेत में रहने वाले 18 वर्षीय कृष्णा और दक्षिण दिल्ली के छतरपुर के रहने वाले उज्जवल के साथ बुधवार रात गुरुग्राम के पब जी टाउन में गए थे। गुरुग्राम से वापस आते समय वे सभी नशे में थे। शराब पीने और पार्टी करने के बाद, वे गुरुवार की सुबह क्लब से निकल गए। वापस लौटते समय, गीता कॉलोनी फ्लाईओवर पार करते समय, वाहन चला रहे अश्विनी मिश्रा ने अपने मोबाइल फोन पर गाना बदलने का प्रयास किया और ऐसा करते समय, वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। कार साइड रेलिंग से टकरा गई, जिससे क्षतिग्रस्त हो गई। डीसीपी ने कहा। पांचों घायलों को लोक नायक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मिश्रा और पांडे की हालत गंभीर है। अन्य का इलाज चल रहा है। डीसीपी ने बताया कि बीएनएस की धारा 125 (ए) (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला अधिनियम) और 281 (सार्वजनिक मार्ग पर लापरवाही से वाहन चलाना या सवारी करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बिहार के..

जीतन राम मांझी ने बिहार के नवादा जिले में घरों में आग लगाने की घटना की निंदा की और कहा कि राज्य सरकार मामले की जांच कर रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 कार्यक्रम से इतर मीडिया से बातचीत में कहा, यह दु:खद घटना है। यह निंदनीय और शर्मनाक भी है। वह राज्य सरकार के संपर्क में हैं। सबसे पहले यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि जो लोग प्रभावित हुए हैं उनका पुनर्वास किया जाए और घायलों का इलाज किया जाए।

### भारत के...

मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि यह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है, क्योंकि इससे मेहमानों के लिए यादगार अनुभव होने के साथ आगंतुकों और स्थानीय समुदायों के बीच संबंध बढ़ेंगे। कॉग्निटिव मार्केट रिसर्च के अनुसार, भारत के होमस्टे बाजार की 2024 में 540.44 मिलियन अमेरिकी डॉलर की बाजार हिस्सेदारी थी और पूर्वानुमानित अवधि के दौरान 11.0 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ने का अनुमान है। देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविध परिदृश्य और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के बीच अनुभवात्मक यात्रा की बढ़ती लोकप्रियता के कारण भारत की होमस्टे की बिक्री बढ़ेगी। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च कल्चर सोसाइटी में प्रकाशित 'होमस्टे का भविष्य : हिमाचल प्रदेश (भारत) में अवसरों और चुनौतियों पर एक अध्ययन' में, लेखक डॉ. ममता जोशी और डॉ. पूजा जोशी, दोनों कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल में सहायक प्रोफेसर हैं, ने एक चेतावनी को लेकर टिप्पणी की है। 'होमस्टे का माहौल बनाना और मेज़बान समुदाय को सभी हितधारकों के लाभ के लिए व्यवसाय चलाने में सुविधा प्रदान करना लाभदायक है। फिर भी अनगिनत अस्थायी चुनौतियां हैं जिन्हें उचित रणनीतियों और सावधानीपूर्वक योजना बनाकर हल किया जा सकता है।'

# अमेरिका में बाइडन के साथ महत्वपूर्ण बातचीत करेंगे मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच शनिवार को क्वाड शिखर सम्मेलन से इतर महत्वपूर्ण बातचीत होगी और वार्ता के बाद दोनों पक्ष कम से कम दो समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक समझौता हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचे (आईपीईएफ) से संबंधित होगा और दूसरा समझौता ज्ञापन (एमओयू) भारत-अमेरिका ड्रग फ्रेमवर्क पर होगा।मोदी वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने और संयुक्त राष्ट्र महासभा में भविष्य के शिखर सम्मेलन को संबोधित करने के लिए 21 सितंबर से अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। मोदी 21 सितंबर को डेलवेयर के विलमिंगटन में क्वाड शिखर सम्मेलन के मौके पर बाइडन, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और उनके जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित नाकाम साजिश में भारत का हाथ होने के वाशिंगटन के आरोपों के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में कुछ असहजता के बीच मोदी और बाइडन के बीच बातचीत होगी। अमेरिका साजिश की भारतीय जांच पर जानकारी के लिए भारत पर लगातार दबाव डालता रहा है और कहता रहा है कि वह मामले में जवाबदेही चाहता है। बैठक में मोदी द्वारा रूस-यूक्रेन संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान खोजने पर मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कीव में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ अपनी हालिया बातचीत से बाइडन को अवगत कराए जाने की भी उम्मीद है। मिस्री ने कहा, यह प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बाइडन के बीच एक ठोस वार्ता का अवसर होगा, जहां उन्हें भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करने का अवसर मिलेगा, जो आज 50 प्लस वार्ता तथा द्विपक्षीय संवाद तंत्रों के माध्यम से मानव प्रयास के लगभग हर पहलू को कवर करता है। वह मोदी की अमेरिका यात्रा के बारे में मीडिया को जानकारी दे रहे थे। मिस्री ने कहा, यह भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने और महत्वपूर्ण तथा उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल जैसी कई नई



पहलों में अग्रणी भूमिका के लिए राष्ट्रपति बाइडन को धन्यवाद देने का अवसर भी होगा। विदेश सचिव ने कहा कि दोनों पक्षों को कुछ समझौतों का आदान-प्रदान करने का अवसर मिलेगा जिनमें से एक आईपीईएफ पर होगा। आईपीईएफ पर समझौता स्वच्छ अर्थव्यवस्था और सभी को समान अवसर देने वाली अर्थव्यवस्था स्तंभों से संबंधित है। हिंद-प्रशांत के लिए वाशिंगटन के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप बाइडन ने मई 2022 में महत्वाकांक्षी हिंद-प्रशांत आर्थिक समृद्धि ढांचे (आईपीईएफ) की शुरुआत की थी। यह एक पहल है जिसका उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा, आपूर्ति-श्रृंखला लचीलापन और डिजिटल व्यापार जैसे क्षेत्रों में समान विचारधारा वाले देशों के बीच गहरा सहयोग करना है। भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के अलावा, आईपीईएफ के अन्य सदस्य देश ब्रुनेई दारुस्सलाम, फिजी, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपीन, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम हैं। आईपीईएफ के चार स्तंभ हैं- व्यापार, आपूर्ति-श्रृंखला लचीलापन, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और सभी को समान अवसर देने वाली अर्थव्यवस्था। इस सवाल पर कि क्या मोदी अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे, मिस्री ने कोई सीधा जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री के साथ कई बैठकों का कार्यक्रम तय करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं आपको किसी विशिष्ट बैठक के बारे में नहीं बता पाऊंगा- कि बैठक को अंतिम रूप दिया गया है या नहीं। मिस्री ने कहा, हम हर पहलू से देख रहे हैं कि हमारे पास कितना समय है और हम किसके साथ बैठक कर सकते हैं।

## सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए कई सुधार किए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए पिछले 10 वर्षों में कई सुधार किए है। इन कदमों का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि भारत खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता तथा सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित करे। प्रधानमंत्री का संदेश विश्व खाद्य भारत 2024 के तीसरे संस्करण में पढ़ा गया। यह कार्यक्रम 19 से 22 सितंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 90 से अधिक देश हिस्सा लेंगे। मोदी ने कहा, आधुनिक युग में प्रगतिशील कृषि पद्धतियों, मजबूत प्रशासनिक ढांचे और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के जरिए हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि भारत खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता तथा सुरक्षा के लिए वैश्विक मानक स्थापित करे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए व्यापक सुधार लागू किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, खाद्य प्रसंस्करण में 100 प्रतिशत एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश), प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना जैसी बहुआयामी पहलों के जरिए हम देश भर में आधुनिक बुनियादी ढांचे, मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं और रोजगार सृजन का मजबूत परिवेश तैयार कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि कई देशों की भागीदारी से विश्व खाद्य भारत 2024 वैश्विक खाद्य उद्योग, शिक्षा तथा अनुसंधान के क्षेत्र में प्रतिभाशाली लोगों के लिए विशेष मंच के रूप में सामने आया है। इसमें वे बढ़ते अवसरों का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा, भारत में एक जीवंत तथा विविध खाद्य संस्कृति है। भारतीय खाद्य परिवेश की रीढ़ किसान हैं। यह किसान ही है जिन्होंने पाक उत्कृष्टता की पौष्टिक तथा स्वादिष्ट परंपराओं को सुनिश्चित किया है। हम नवीन नीतियों और उनके कार्यान्वयन के साथ उनकी कड़ी मेहनत का समर्थन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य छोटे उद्यमों को सशक्त बनाना है। मोदी ने साथ ही कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का आयोजन विश्व स्वास्थ्य संगठन, खाद्य एवं कृषि संगठन और कई प्रतिष्ठित घरेलू संस्थानों सहित वैश्विक नियामकों को एक मंच पर लाएगा।

## राजनाथ ने नौसेना के शीर्ष कमांडरों को किया अलर्ट

# किसी भी स्थिति से निपटने को रहें तैयार



**नई दिल्ली।** (भाषा) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय नौसेना के शीर्ष कमांडरों से उथल-पुथल वाले वैश्विक परिदृश्य के मद्देनजर किसी भी सुरक्षा चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का बृहस्पतिवार को आह्वान किया और भारत की समग्र नौसैनिक क्षमता को और बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि भारत को अब हिंद महासागर में तरजीही वाले सुरक्षा साझेदार के रूप में देखा जाता है और भारतीय नौसेना इस क्षेत्र में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। रक्षा मंत्री ने अत्याधुनिक जहाजों और पनडुब्बियों को शामिल करके भारतीय नौसेना की लड़ाकू क्षमता को बढ़ाने के लिए सरकार के प्रयास को दोहराया। सिंह ने कहा कि वर्तमान में भारतीय शिपयार्ड में 64 जहाज और पनडुब्बियां निर्माणाधीन हैं, और 24 अतिरिक्त प्लेटफॉर्म के लिए ऑर्डर दिए गए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, रक्षा मंत्री ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना की बढ़ती ताकत को हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कमांडरों से समय-समय पर आत्मनिरीक्षण जारी रखने का आह्वान किया। रक्षा मंत्री ने कमांडरों से उथल-पुथल वाले मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में हर स्थिति के लिए तैयार रहने का आह्वान भी किया। सिंह ने आर्थिक, व्यापारिक, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए मजबूत नौसैनिक क्षमता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, दुनिया का बड़ा व्यापार इस क्षेत्र से होकर गुजरता है, जो इसे मूल्यवान बनाता है। साथ ही, समुद्री डकैती, अपहरण, ड्रोन हमले, मिसाइल हमले और समुद्र में समुद्री केबल कनेक्शन में व्यवधान जैसी घटनाएं इसे बेहद संवेदनशील बनाती हैं। उनकी इस टिप्पणी को हूती आतंकवादियों द्वारा पिछले कुछ महीनों में लाल सागर और आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न मालवाहक जहाजों और पोतों को निशाना बनाने के संदर्भ में देखा जा रहा है। सिंह ने कहा, हमारी नौसेना ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के सभी हितधारक देशों के आर्थिक हितों की रक्षा करने और हिंद महासागर क्षेत्र में माल की सुचारू आवाजाही में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा, नौसेना के समुद्री डकैती विरोधी अभियानों की न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी सराहना हो रही है। भारत को अब इस पूरे क्षेत्र में तरजीही वाले सुरक्षा साझेदार के रूप में देखा जा रहा है। जब भी जरूरत होगी, हम इस क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। नौसेना कमांडरों का सम्मेलन शीर्ष स्तरीय अर्द्धवार्षिक आयोजन है, जिसमें महत्वपूर्ण रणनीतिक, अभियानगत और प्रशासनिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाता है। चार दिवसीय सम्मेलन मंगलवार को शुरू हुआ।

पश्चिम एशिया में उभरती भू-राजनीतिक तथा भू-रणनीतिक गतिविधियों, क्षेत्रीय चुनौतियों और समुद्री सुरक्षा स्थिति की जटिलता की पृष्ठभूमि में आयोजित यह सम्मेलन भारतीय नौसेना के भविष्य के कदमों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## अमित शाह ने डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए श्वेत क्रांति 2.0 की शुरुआत की



**नई दिल्ली।** भारत के डेयरी सहकारी क्षेत्र को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को श्वेत क्रांति 2.0 की शुरुआत की। इसे महिला किसानों को सशक्त बनाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से एक व्यापक पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम में चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमें महिला किसानों को सशक्त बनाना, स्थानीय दूध उत्पादन को बढ़ाना, डेयरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और डेयरी निर्यात को बढ़ावा देना शामिल है। यह कार्यक्रम नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में शुरू की गई तीन पहल में से एक है। शाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, डेयरी क्षेत्र में अधिकतर महिलाएं लगी हुई है, जिनमें से कुछ अकेले गुजरात में 60,000 करोड़ रुपए का कारोबार कर रही है। यह नई पहल महिलाओं को सशक्त बनाने और कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत करने पर केंद्रित होगी। मंत्री ने डेयरी किसानों के लिए देशभर में रुपे किसान क्रेडिट कार्ड की शुरुआत और डेयरी सहकारी समितियों में सूक्ष्म-एटीएम की स्थापना की भी शुरुआत की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 67,930 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) के कम्प्यूटरीकरण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की।

## एक देश एक चुनाव की आलोचना में जल्दबाजी कर रहा विपक्षः जयंत

**नई दिल्ली** (भाषा) एक देश एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को सरकार द्वारा स्वीकार किए जाने के एक दिन बाद केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विपक्ष आलोचना करने में बहुत जल्दबाजी कर रहा है।ज य ं त चौधरी ने कहा कि इस मुद्दे पर कोई बयान देने से पहले विचार करने की जरूरत हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति की एक देश एक चुनाव (ओएनओई) रिपोर्ट को मंजूरी दे दी।हालांकि, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि चुनाव आते ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए ऐसी बातें करती है। यह पूछे जाने पर कि क्या राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) एक



देश एक चुनाव का समर्थन करता है, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री चौधरी ने कहा, "आप ऐसा कह सकते हैं, हम सरकार का हिस्सा हैं, इसलिए मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए प्रत्एक निर्णय के साथ हम अपनी सामूहिक जिम्मेदारी पूरी कर रहे हैं" उन्होंने कहा कि लोगों को इस बात की गहरी समझ विकसित करने की जरूरत है कि वास्तव में क्या प्रस्तावित किया जा रहा है। जयंत चौधरी ने संवाददाताओं से वास्तव में क्या प्रस्तावित किया जा रहा है। जयंत चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, "हम आलोचना करने में बहुत जल्दबाजी कर रहे हैं, विपक्षी दलों के लिए मैं यही कहना चाहूंगा। विपक्षी दल हर निर्णय का विरोध करने के लिए नहीं हैं, ए निर्णय केवल उन लोगों के लिए नहीं हैं जो आज सत्ता में हैं, ए निर्णय जमीनी स्तर पर हमारे लोकतंत्र के प्रभाव को गहरा और मजबूत करने के लिए हैं" वह यहां एक समारोह से इतर संवाददाताओं से बात कर रहे थे।

## न्यूनतम समर्थन मूल्य पर समिति की रिपोर्ट जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी : कृषि मंत्री

**नई दिल्ली।** (भाषा) कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि सरकार फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बनी समिति की रिपोर्ट जल्द ही सार्वजनिक करेगी। इस समिति का गठन तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लेने के बाद किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन की उपलब्धियों का ब्योरा देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में चौहान ने कृषि के आधुनिकीकरण तथा किसानों की सहभागिता में सुधार लाने के मकसद से कुछ नई पहल का भी अनावरण किया। वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के साथ कृषि



नवाचारों को साझा करने के लिए एक नए कार्यक्रम आधुनिक कृषि चौपाल को अक्टूबर से दूरदर्शन और आकाशवाणी पर प्रसारित किया जाएगा। कृषि मंत्रालय में किसानों तथा कृषि जगत के लोगों के साथ मंत्री किसान संवाद नामक पहल के तहत हर सप्ताह बातचीत भी करेंगे। आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) कपास प्रौद्योगिकी के बहुप्रतीक्षित नियामकीय अनुमोदन पर चौहान ने कहा, यह हमारे लिए एक संवेदनशील विषय है। गहन विचार-विमर्श के बाद अनुमोदन दिया जाएगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर समिति की रिपोर्ट के बारे में चौहान ने पत्रकारों से कहा, रिपोर्ट अभी तैयार नहीं हुई है। समिति लगातार इसपर काम कर रही है। एमएसपी पर पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में बनी समिति ने अब तक दो दर्जन से अधिक बैठकें तथा कार्यशालाएं आयोजित की हैं। समिति का गठन जुलाई, 2022 में किया गया था। गठन से आठ महीने पहले सरकार ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लेते हुए समिति गठित करने का वादा किया था।

## खरगे के पत्र पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा राजनीति में ऐसे प्रेम पत्र चलते रहते हैं

**बागपत।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गए पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि राजनीति में ऐसे प्रेम पत्र चलते रहते हैं।खरगे ने मंगलवार को मोदी के समक्ष सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाना बनाकर दिए गए बेहद आपत्तिजनक और हिंसक बयानों का मुद्दा उठाते हुए प्रधानमंत्री से अपनी पार्टी के नेताओं को अनुशासित करने का आग्रह किया था। कांग्रेस नेता ने अपने पत्र में इस तरह के बयान देने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्वाई की मांग की थी ताकि भारतीय राजनीति का पतन रोका जा सके और कोई भी अप्रिय घटना ना घटे। चौधरी ने इस बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, राजनीति में ऐसे प्रेम पत्र चलते रहते हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, वे केवल ट्वीट करना (एक्स पर पोस्ट करना) जानते हैं। यह उनका अधिकार है कि वे जितने चाहें उतने ट्वीट करें। केंद्रीय मंत्री यहां विभिन्न कौशल विकास योजनाओं का उद्घाटन करने आए थे।उन्होंने कहा, एक देश, एक चुनाव के तहत लोगों को भरोसा होना चाहिए कि सरकार संविधान को मजबूत करने के लिए फैसले ले रही है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों के लिए बिजली दरें कम होनी चाहिए क्योंकि वे बिजली बिल का भुगतान करने में सक्षम नहीं हैं और उनसे जबरन वसूली भी नहीं होनी चाहिए।पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ स्थापित करने की जिला बार एसोसिएशन की मांग पर चौधरी ने कहा कि वह इस मांग के समर्थन में हैं और जल्द ही केंद्र के समक्ष इस मांग को उठाएंगे।

## तिरुपति लड्डू विवादः तेदेपा ने प्रयोगशाला रिपोर्ट में गोमांस की चर्बी होने का दावा किया

**अमरावती।** विश्व प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू बनाने में घटिया सामग्री और पशु चर्बी के कथित उपयोग को लेकर उठे विवाद के बीच, सत्तारूढ़ तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि गुजरात स्थित पशुधन प्रयोगशाला द्वारा मिलावट की पुष्टि की गई है। विपक्षी वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने इस आरोप का जोरदार खंडन किया है। तेदेपा प्रवक्ता अनम वेंकट रमण रेड्डी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कथित प्रयोगशाला रिपोर्ट दिखाई, जिसमें दिए गए घी के नमूने में गोमांस की चर्बी की मौजूदगी की पुष्टि की गई थी। कथित प्रयोगशाला रिपोर्ट में नमूनों में लार्ड (सूअर की चर्बी से संबंधित) और मछली के तेल की मौजूदगी का भी दावा किया गया है।

## जोखिम वाले गैर-लाभकारी संगठनों के मामले में बारीक नजर रखेगा भारत

**नई दिल्ली।** (भाषा) भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह जोखिम वाले गैर-लाभकारी संगठनों से निपटने के लिए बारीक नजर रखेगा। यह मुद्दा वैश्विक अपराध निगरानी संस्था वित्तीय कार्वाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने अपनी रिपोर्ट में उठाया है। हालांकि, रिपोर्ट में आतंकवाद के वित्तपोषण और मनी लांड्रिंग से निपटने के प्रयासों की सराहना की गई है। वित्त मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव (राजस्व) विवेक अग्रवाल ने कहा कि भारत ने वित्तीय कार्वाई कार्यबल के छह मामलों में बेहतर प्रदर्शन किया है। इसमें जोखिम, नीति और समन्वय, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, वित्तीय आसूचना, जब्ती तथा वित्तपोषण का प्रसार शामिल हैं। गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) के दुरुपयोग और आतंकवाद को वित्तपोषण प्रतिबंधों के साथ-साथ मनी लॉन्ड्रिंग तथा आतंकवाद वित्तपोषण मामलों के अभियोजन सहित पांच अन्य मापदंडों पर भारत को मध्यम रेटिंग मिली है।

अग्रवाल ने आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए गैर-लाभकारी संगठनों के दुरुपयोग के संबंध में कहा कि भारत में एनपीओ के दुरुपयोग की गुंजाइश बहुत कम है क्योंकि नकद चंदे पर एक सीमा है। उन्होंने कहा, हम यह मामला बनाने की कोशिश कर रहे थे कि नियामकीय ढांचा बेहतर है... उनका मामला यह है कि चूंकि गैर-लाभकारी संगठनों का क्षेत्र बहुत बड़ा है, हमारे पास अच्छे जोखिम-आधारित



उपाय होने चाहिए... हमें जोखिम वाले एनपीओ की पहचान करने के लिए अधिक सख्त दृष्टिकोण का कोई मामला नजर नहीं आता है। अग्रवाल ने कहा कि भारत के प्रयास गैर-लाभकारी संगठनों के साथ बेहतर पहुंच बनाने की दिशा में हैं ताकि उन्हें अपने खाते और चंदा देने वालों की सूची बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके तथा गड़बड़ियों की आशंका कम से कम हो। अग्रवाल ने कहा कि भारत ने आजादी के बाद से लगातार आतंकवाद के प्रभाव को झेला है और इस खतरे से निपटने के लिए कदम उठा रहा है। एफएटीएफ भारत की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट में भारत को नियमित तौर पर जानकारी जुटाने की श्रेणी में अद्यतन किया है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद के खतरों के केंद्र हैं इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट (आईएसआईएल), अल-कायदा से जुड़े आतंकवादी समूह, व्यक्तियों का कट्टरपंथ, उत्तर पूर्व में क्षेत्रीय विद्रोह और नक्सली समस्या। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए एक प्रभावी प्रणाली लागू की है, लेकिन धनशोधन या मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण मामलों में अभियोजन को मजबूत करने के लिए बड़े सुधार की आवश्यकता है।

अग्रवाल ने कहा कि भारत आतंकवाद के वित्तपोषण और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में सुनवाई प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने की जरूरत को समझता है और इसे तेजी से आगे बढ़ाने के लिए कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि एफएटीएफ की सिफारिशों में, आतंकवाद के वित्तपोषण और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में तेजी से सुनवाई करना महत्वपूर्ण है। बाकी सिफारिशें सहायक प्रकृति की हैं। अग्रवाल ने कहा, हमने डिस्टिंक्शन के साथ परीक्षा पास की है। चूंकि भारत एफएटीएफ के अनुसार, नियमित तौर पर काम कर रहा है, अतः देश तीन साल के बाद जोखिम आकलन की रिपोर्ट दे सकता है।

# भारतीय रक्षा उद्योग को अफ्रीका में साझेदारी की उम्मीद

**जोहानिसबर्ग।** भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की आठ और निजी क्षेत्र की दो रक्षा उपकरण विनिर्माता कंपनियां अफ्रीका एयरोस्पेस एंड डिफेंस एक्सपो में हिस्सा ले रही हैं। ये कंपनियां अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को प्रदर्शित कर रही हैं और बिक्री के बाद उनके रखरखाव में सहयोग की पेशकश कर रही हैं। अफ्रीका एयरोस्पेस एंड डिफेंस (एएडी) में हिस्सा ले रहे अधिकारियों ने बताया कि रखरखाव को एक महत्वपूर्ण कारक मानते हुए रक्षा क्षेत्र की इन शीर्ष कंपनियों को विश्वास है कि वायु, भूमि और समुद्री उत्पादों में भारत की क्षमता को महाद्वीप और वैश्विक स्तर पर पसंद किया जाएगा।

दक्षिण अफ्रीका की प्रशासनिक राजधानी च्वेन में स्थित वाटरक्लूफ वायुसेना केंद्र पर आयोजित एएडी प्रदर्शनी देश के सकल घरेलू उत्पाद में सबसे बड़ा योगदान देने वाले आयोजनों में से एक है। इस साल 18 से 22 सितंबर तक एएडी के तहत प्रदर्शनी और एयर शो आयोजित किया जा रहा है।

दक्षिण अफ्रीका में भारतीय उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने प्रदर्शनी में भारत के पैवेलियन का बुधवार को आधिकारिक उद्घाटन करने के बाद कहा, हमारे उत्पादों ने लड़ाई की स्थिति में अच्छा प्रदर्शन किया है और इसलिए वे अफ्रीकी देशों के लिए बेहतरीन विकल्प हैं। मुझे भरोसा है कि वे इन उत्पादों की खरीद करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार के उद्यम आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (एवीएनएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजय द्विवेदी ने कहा कि यह पहली बार है कि वे प्रदर्शक के रूप में भाग ले रहे हैं।

एवीएनएल 1962 से ही अलग-अलग प्रकार के टैंक, लड़ाकू वाहनों और बारूदी सुरंग से बचने में सक्षम वाहनों और टैंक के इंजन का उत्पादन कर रहा है। द्विवेदी ने कहा, हम जानते हैं कि अफ्रीका के रक्षा बाजार में बहुत अधिक संभावना है और हम अपने उत्पाद को बेच सकते हैं और साथ ही उनके वाहनों के बनाने और आधुनिकीकरण में मदद कर सकते हैं। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के विपणन महानिदेशक मनोज यादव ने कहा कि कंपनी अपने नवीनतम उत्पाद आधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर को प्रदर्शित कर रही है। भारत डायनामिक्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक गिरीश प्रधान ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को आपूर्ति किए जा रहे लड़ाकू हथियारों की दक्षिण अफ्रीका में तैनाती की काफी संभावनाएं हैं। इसके अलावा अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और व्यावसायिक अवसरों की तलाश करने वाली कंपनियों में इंडिया ऑप्टेल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड शामिल हैं।

# पाक ने भारत से सिंधु जल संधि के प्रावधानों का सम्मान करने का आग्रह किया

**इस्लामाबाद।** भारत द्वारा सिंधु जल संधि की समीक्षा के लिए पाकिस्तान को औपचारिक नोटिस दिए जाने के कुछ दिनों बाद, इस्लामाबाद ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह इस समझौते को महत्वपूर्ण मानता है और उम्मीद करता है कि नई दिल्ली भी इसके प्रावधानों का पालन करेगा। भारत और पाकिस्तान ने नौ वर्षों की वार्ता के बाद 19 सितंबर 1960 को सिंधु जल संधि (आईडब्लूटी) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसका एकमात्र उद्देश्य सीमा पार की नदियों का प्रबंधन करना था। नई दिल्ली में बुधवार को सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत ने 30 अगस्त को पाकिस्तान को एक औपचारिक नोटिस भेजकर 64 साल पुराने समझौते की समीक्षा की मांग की थी, जिसमें उसने परिस्थितियों में मौलिक और अप्रत्याशित बदलावों और सीमा पार से लगातार जारी आतंकवाद के प्रभाव का हवाला दिया था। भारत के नोटिस पर एक सवाल का जवाब देते हुए विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने यहां संवाददाताओं से कहा, पाकिस्तान सिंधु जल संधि को महत्वपूर्ण मानता है और उम्मीद करता है कि भारत भी इसके प्रावधानों का पालन करेगा। बलूच ने बताया कि दोनों देशों के बीच सिंधु जल आयुक्तों का एक तंत्र है और संधि से जुड़े सभी मुद्दों पर इसमें चर्चा की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि संधि से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए कोई भी कदम समझौते के प्रावधानों के तहत ही उठाया जाना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि विदेश कार्यालय के प्रवक्ता की प्रतिक्रिया से पता चलता है कि पाकिस्तान उस समझौते में संशोधन में रुचि नहीं रखता है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच जल बंटवारे के जटिल मुद्दे का समाधान किया गया था। सिंधु जल संधि भारत और पाकिस्तान के बीच प्रमुख समझौतों में से एक है, जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है और दोनों पड़ोसियों के बीच युद्धों और तनावों के बावजूद इसका पालन किया गया है।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा में फलस्तीन के प्रस्ताव पर मतदान से भारत अनुपस्थित रहा

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में उस प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया, जिसमें इजराइल से एक साल के भीतर कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र में उसकी अवैध उपस्थिति समाप्त करने की मांग की गई। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि वह बातचीत और कूटनीति का प्रबल समर्थक है और विभाजन को बढ़ाने के बजाय सेतु बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस संबंध में 193 सदस्ईय महासभा ने बुधवार को प्रस्ताव को पारित कर दिया, जिसके पक्ष में 124 देशों ने, विरोध में 14 देशों ने मतदान किया और भारत समेत 43 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।

यूएनजीए में पूर्वी यरुशलम सहित कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र में इजराइल की नीतियों और कार्यों तथा कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र में इजराइल की निरंतर अवैध मौजूदगी से उत्पन्न कानूनी परिणामों पर अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की राय शीर्षक से प्रस्ताव पारित किया गया। जिन देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया, उनमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, इटली, नेपाल, यूक्रेन और ब्रिटेन शामिल हैं। इजराइल और अमेरिका ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया।

प्रस्ताव पर मतदान के संदर्भ में टिप्पणी करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने इजराइल-फलस्तीन मुद्दे का न्यायसंगत, शांतिपूर्ण और स्थाई समाधान प्राप्त करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और दोहराया कि दोनों पक्षों के बीच प्रत्यक्ष और सार्थक वार्ता के माध्यम से दो-राष्ट्र समाधान से ही स्थाई शांति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा, भारत आज के मतदान से दूर रहा। हमलोग बातचीत और लोकतंत्र के दृढ़ समर्थक रहे हैं। हमारा मानना है कि संघर्ष के समाधान का कोई और रास्ता नहीं है।

हरीश ने जोर दिया कि युद्ध में कोई विजई नहीं होता। उन्होंने कहा कि संघर्ष में सिर्फ लोगों की जान जाती है और तबाही होती है। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों को करीब लाने की दिशा में संयुक्त प्रयास होना चाहिए, न कि उन्हें और दूर करने की दिशा में। हमें सेतु बनाने की दिशा में प्रयास करना चाहिए, न कि विभाजन को और बढ़ाना चाहिए। भारत ने महासभा से शांति के लिए वास्तविक प्रयास करने का आग्रह किया। हरीश ने संघर्ष के समाधान और मानवीय पीड़ा को समाप्त करके शांति की बहाली के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हम इसी भावना से प्रेरित होते रहेंगे। हम स्थाई शांति प्राप्त करने की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए तैयार हैं।

# सांप्रदायिक हिंसा की दो हजार से अधिक घटनाओं में नौ लोगों की मौत

**ढाका।** हिंसा प्रभावित बांग्लादेश के एक अल्पसंख्यक समूह ने बृहस्पतिवार को कहा कि चार से 20 अगस्त के बीच सांप्रदायिक हिंसा की दो हजार से अधिक घटनाओं में कम से कम नौ लोग मारे गए और 69 उपासना स्थलों पर हमला किया गया तथा तोड़फोड़ की गई। डेली स्टार समाचार पत्र की खबर के अनुसार बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई ओइक्या परिषद के नेता निर्मल रोजारियो ने संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में सांप्रदायिक हिंसा की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच का आह्वान किया। संगठन के उपाध्यक्षों में से एक निर्मल रोजारियो के हवाले से अखबार ने खबर में बताया कि कि चार से 20 अगस्त के बीच देशभर के 76 जिलों और महानगरीय क्षेत्रों में से 68 में सांप्रदायिक हिंसा की कुल 2,010 घटनाएं हुईं, जिसके परिणामस्वरूप नौ लोगों की मौत हो गई।

सांप्रदायिक हिंसा का ब्योरा देते हुए निर्मल ने कहा कि हिंसा से 1,705 परिवार सीधे तौर पर प्रभावित हुए थे। ढाका रिपोर्टर्स यूनिटी में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि 157 परिवारों के घरों पर हमला किया गया, लूटपाट की गई, तोड़फोड़ की गई और आग लगा दी गई। निर्मल ने कहा कि ए परिवार अब बहुत ही खराब स्थिति में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि खुलना संभाग में सबसे अधिक हिंसा हुई। 1,705 प्रभावित परिवारों में से 34 मूलनिवासी समुदायों के थे तथा कुछ परिवारों की जमीन पर कब्जा कर लिया गया था। निर्मल ने संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में सांप्रदायिक हिंसा की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच का आह्वान किया। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई ओइक्या परिषद के महासचिव राणा दासगुप्ता और अन्य नेताओं के खिलाफ झूठे मामलों को वापस लेने, सांप्रदायिक हिंसा को समाप्त करने और अपराधियों की गिरफ्तारी की भी मांग की।

# क्वाड पहले से कहीं अधिक रणनीतिक रूप से एकजुट और प्रासंगिक हुआ है: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बुधवार को कहा कि डेलावेयर में होने वाला आगामी क्वाड शिखर सम्मेलन यह दर्शाएगा कि चार देशों का यह समूह पहले से कहीं अधिक रणनीतिक रूप से एकजुट और प्रासंगिक हो गया है। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) में चार देश ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत और अमेरिका शामिल हैं। जो बाइडन ने अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के पहले 100 दिनों में क्वाड में शामिल देशों के साथ साल 2020 में डिजिटल माध्यम से शिखर सम्मेलन का नेतृत्व किया था। तब से क्वाड नेता बारी-बारी से हर साल शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के रणनीतिक संचार निदेशक जॉन किर्बी ने वाशिंगटन में संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा मानना है कि इस शिखर सम्मेलन में आप यह देखेंगे कि क्वाड पहले से कहीं अधिक रणनीतिक रूप से एकजुट और अधिक प्रासंगिक हुआ है।

किर्बी ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब राष्ट्रपति जो बाइडन डेलावेयर के विलमिंगटन में शनिवार को क्वाड के अन्य तीन सदस्य देशों ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के नेताओं के साथ वार्ता करने वाले हैं। इस साल भारत को क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करनी थी, लेकिन अमेरिका के अनुरोध पर भारत अब अगले साल इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। बाइडन डेलावेयर के विलमिंगटन में 21 सितंबर को क्वाड के चौथे शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। किर्बी ने बताया कि ऐसा पहली बार होगा जब अमेरिका के राष्ट्रपति अपने गृहनगर विलमिंगटन में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। उन्होंने कहा, वह (बाइडन) क्वाड के नेताओं को ऐसी जगह दिखाने और समुदाय से मिलाने को लेकर बहुत उत्साहित हैं जिसने एक लोक सेवक और नेता के रूप में उनकी छवि को आकार दिया। यह उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि राजनीति की तरह विदेश नीति भी व्यक्तिगत होती है।

किर्बी ने कहा कि जो बाइडन भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज से अलग-अलग मुलाकात करेंगे तथा बाद में एक पूर्ण अधिवेशन में उनसे चर्चा करेंगे। किर्बी ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के गठबंधन सहयोगियों एवं साझेदारों को और मजबूत करने के उद्देश्य से वहां निवेश करना बाइडन की प्राथमिकता रही है। प्रधानमंत्री मोदी वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन में शामिल होने और संयुक्त राष्ट्र महासभा में भविष्य के शिखर सम्मेलन को संबोधित करने के लिए 21 सितंबर से अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा करेंगे।

## वर्ल्ड बेस्ट स्कूल पुरस्कार के लिए दिल्ली और रतलाम के विद्यालयों ने अंतिम दौर में बनाई जगह

**लंदन।** वर्ष 2024 के वर्ल्ड बेस्ट स्कूल पुरस्कार के फाइनल में बृहस्पतिवार को जगह बनाने वाले विद्यालयों में दिल्ली और मध्य प्रदेश के दो नवोन्मेषी विद्यालय शामिल हैं। पुरस्कार जीतने के लिए ए दोनों स्कूल अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक संस्थानों से मुकाबला करेंगे। दिल्ली के वसंत कुंज स्थित रयान इंटरनेशनल स्कूल और मध्यप्रदेश के रतलाम स्थित सीएम आरआईएसई स्कूल ने फाइनल में जगह बनाई है। यह पुरस्कार एक्सेंचर, अमेरिकन एक्सप्रेस और लेमन फाउंडेशन के सहयोग से लंदन स्थित टी4 एजुकेशन द्वारा स्थापित किया गया है, जिसमें विजेताओं के साथ 50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि साझा की जाती है। रेयान इंटरनेशनल स्कूल माध्यमिक विद्यालय तक है जो हाइड्रोपोनिक्स और बायोगैस संयंत्रों जैसी नवीन परियोजनाओं के माध्यम से पानी की कमी और प्रदूषण से निपटने के लिए पर्यावरणीय कार्रवाई के लिए वर्ल्ड बेस्ट स्कूल पुरस्कार जीतने की दौड़ में शामिल है।

# इंस्टाग्राम पर किशोरों के लिए नए नियम

**द कन्वरसेशन।** पर्थ

**ऑस्ट्रेलिया** और अन्य देशों में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल करने पर पाबंदी लगाए को लेकर जारी बहस के बीच मेटा ने इंस्टाग्राम पर किशोरों के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने की घोषणा की है। इसके तहत मेटा ने इंस्टाग्राम पर नए किशोर खातों का एक विकल्प दिया है। इन निजी खातों में विषयवस्तु और संदेशों को लेकर अधिकतम पाबंदियां होंगी, रात में नोटिफिकेशन रोकने का विकल्प होगा और किशोरों के लिए अपनी पसंद की सामग्री देखने के लिए नए तरीके शामिल होंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए इन खातों की निर्धारित सेटिंग्स को बदलने के लिए अब माता-पिता की अनुमति की आवश्यकता होगी। इस कदम को माता-पिता के मन को शांति देने वाला बताया जा रहा है।

किशोर खाते (टीन अकाउंट्स) नई सुविधाओं और कई टूल का एक संयोजन है, जो पहले से ही मौजूद हैं, लेकिन उन्हें वह स्वीकृति नहीं मिली है जो मेटा को चाहिए थी। इन परिवर्तनों को किशोर खातों के अंतर्गत लाने से ए परिवर्तन किशोरों और उनकी देखभाल करने वालों के लिए अधिक दृश्यमान हो जाएंगे।

## इन खातों की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

1. 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के खाते निजी रहेंगे, लेकिन इनमें डिफॉल्ट सेटिंग होगी। 16 वर्ष से कम आयु के बच्चे केवल माता-पिता की अनुमति से ही उस सेटिंग को बदल सकेंगे।
2. किशोर केवल उन्हीं लोगों से संदेश प्राप्त कर सकेंगे जिन्हें वे पहले से फॉलो कर रहे हैं या जिनसे वे जुड़े हुए हैं।
3. विषयवस्तु से संबंधित पाबंदियां लगाने और कमेंट व मैसेज में आपत्तिजनक शब्दों को ब्लॉक करने के लिए सेटिंग की जा सकेगी।
4. रात 10 बजे से सुबह 7 बजे के बीच इंस्टाग्राम पर नोटिफिकेशन आने बंद हो जाएंगे।
5. किशोरों को किसी भी दिन 60 मिनट तक इंस्टाग्राम का उपयोग करने के बाद उसे छोड़ने के बारे में याद दिलाया जाएगा।

इनमें से कुछ टूल दूसरों की तुलना में अधिक उपयोगी हैं। 60 मिनट के इस्तेमाल के बाद इंस्टाग्राम छोड़ने के लिए यह रिमाइंडर बहुत कम प्रभावी लगता है कि किशोर बस क्लिक करके मंच छोड़ सकते हैं। लेकिन डिफॉल्ट अकाउंट सेटिंग मायने रखती है। डिफॉल्ट सेटिंग के साथ निजी अकाउंट चलाने वाले किशोर इंस्टाग्राम पर उनके उपयोग के समय को महत्वपूर्ण रूप से तय कर सकेंगे। सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों को माता-पिता या अभिभावक की सहमति के बिना इन सेटिंग्स को बदलने से रोकना सबसे बड़ा परिवर्तन है, और यह वास्तव में इंस्टाग्राम के किशोरों के अनुभव को वयस्कों के अनुभव से अलग बनाता है। इनमें से ज़्यादातर बदलाव सुरक्षा और उम्र के हिसाब से उचित अनुभवों पर केंद्रित हैं। लेकिन मेटा के लिए यह एक सकारात्मक कदम है कि इसमें किशोरों के लिए नए तरीके भी शामिल किए गए हैं, ताकि वे अपनी पसंद के हिसाब से सामग्री देख सकें।

टीन अकाउंट्स को बढ़ावा देते हुए, इंस्टाग्राम के प्रमुख एडम मोसेरी ने जोर देकर कहा कि इस बदलाव का उद्देश्य माता-पिता को मन की शांति प्रदान करना है। इन बदलावों के लिए माता-पिता के स्पष्ट हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। मोसेरी ने कहा, मैं एक पिता हूं और यह इंस्टाग्राम में एक महत्वपूर्ण बदलाव है और मुझे इस पर व्यक्तिगत रूप से बहुत गर्व है। यदि माता-पिता या परिवार के सदस्य यह जानना चाहते हैं कि किशोर इंस्टाग्राम पर क्या कर रहे हैं तो उन्हें निगरानी के लिए अपने स्वयं के खातों का उपयोग करना होगा। इनमें व्यक्तिगत समय सीमा निर्धारित करना, किशोर की गतिविधि का अवलोकन करना, या किसी भी डिफॉल्ट सेटिंग को बदलने की अनुमति देना शामिल है। यहां माता-पिता के लिए वास्तविक अवसर यह है कि वे इन परिवर्तनों पर अपने बच्चों के साथ चर्चा करके उन्हें ए बताएं कि वे इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया मंचों का किस तरह उपयोग कर सकते हैं।

## कनाडा ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए अध्ययन परमिट में कटौती की

**ओटावा।** कनाडा ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए अध्ययन परमिट में कटौती करने का ऐलान किया है जिससे बहुत से भारतीय नागरिकों के प्रभावित होने की आशंका है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार देर रात एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम इस साल 35 फीसदी कम अंतरराष्ट्रीय छात्र परमिट जारी कर रहे हैं तथा अगले साल इसमें 10 फीसदी और कमी की जाएगी। आव्रजन हमारी अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद है, लेकिन जब खराब तत्व व्यवस्था का दुरुपयोग करते हैं और छात्रों का फायदा उठाते हैं, तो हम कार्वाई करते हैं। यह कदम तब उठाया गया है जब कनाडा सरकार अस्थाई निवासियों की संख्या कम करने पर विचार कर रही है। कनाडा भारतीय विद्यार्थियों के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्यों में से एक है। ट्रूडो की घोषणा से कनाडा में पढ़ने की इच्छा रखने वाले कई भारतीय छात्रों पर असर पड़ने की संभावना है।

# ट्रंप के अभियान से चुराई जानकारी को बाइडन के अभियान से जोड़ने की नाकाम कोशिश हुई

**वाशिंगटन।** ईरानी हैकरों ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के अभियान को उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के अभियान से चुराई गई जानकारी से जोड़ने की कोशिश की और 2024 के चुनाव में हस्तक्षेप करने के प्रयास के तहत उन्होंने राष्ट्रपति से जुड़े लोगों को अनचाहे ईमेल भी भेजे। अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और अन्य संघीय एजेंसियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि मेल पाने वाले किसी भी व्यक्ति ने जवाब दिया, जिससे हैक की गई जानकारी को चुनाव के अंतिम महीनों में फैलने से रोका जा सका।

हैकरों ने जून के अंत और जुलाई की शुरुआत में बाइडन के अभियान से जुड़े लोगों को ईमेल भेजे थे, लेकिन उसके कुछ ही समय बाद बाइडन ने राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से अपना नाम वापस ले लिया। ईमेल में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के अभियान से चुराई गई, गैर-सार्वजनिक सामग्री से लिया गया एक अंश शामिल था। इससे पहले भी एफबीआई और अन्य संघीय एजेंसियां ईरान पर हैक और लीक का सहारा लेकर 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का आरोप लगा चुकी हैं।

एफबीआई, राष्ट्रीय खुफिया एवं साइबर सुरक्षा तथा अवसंरचना सुरक्षा एजेंसी कार्यालय ने कहा है कि ट्रंप के अभियान की जानकारी हैक करना और बाइडन-हैरिस के अभियान में सेंध लगाने का प्रयास चुनाव में मतदाताओं के विश्वास को कम करने तथा विवाद भड़काने के प्रयास का हिस्सा है। ट्रंप के प्रचार अभियान दल ने 10 अगस्त को खुलासा किया था कि उसके अभियान की जानकारी को हैक कर लिया गया है। उसने कहा कि ईरानी हैकरों ने संवेदनशील गुप्त दस्तावेज चुरा लिए हैं तथा उन्हें वितरित किया है। कम से कम तीन समाचार संस्थानों - पोलिटिको , द न्यूयॉर्क टाइम्स और द वाशिंगटन पोस्ट को ट्रंप अभियान की अंदरूनी गोपनीय सामग्री लीक की गई थी।



डोनाल्ड ट्रंप व डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस चुनाव प्रचार करते हुए।

# हैरिस को जुलाई के मुकाबले अब मतदाताओं का ज्यादा समर्थन मिलता दिख रहा है: सर्वेक्षण

**वाशिंगटन।** अमेरिका की रियल एस्टेट एजेंट लिलियन डन्समुइर अभी तक कमला हैरिस के बारे में नहीं सोचती थी और न ही उपराष्ट्रपति के बारे में उनकी कोई राय थी, लेकिन अब लिलियन का झुकाव हैरिस की ओर बढ़ रहा है। एरिजोना के बुलहेड सिटी की रियल इस्टेट एजेंट लिलियन डन्समुइर (58) ने कहा, वह (कमला हैरिस) बहुत मजेदार हैं। मुझे लगता है कि वह बहुत होशियार हैं। वह अच्छी तरह बोल सकती हैं। मैं उनके साथ सुरक्षित महसूस करूंगी क्योंकि मुझे लगता है कि वह विदेशी नेताओं के साथ अच्छे से तालमेल बैठा सकती हैं। एसोसिएटेड प्रेस-एनओआरसी सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च के एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, जब कमला हैरिस जुलाई 2024 में राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में शामिल हुई थीं तब के मुकाबले अब उन्हें मतदाताओं का ज्यादा समर्थन मिलता दिख रहा है।

डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस को अब नकारात्मक की बजाय सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं जबकि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रेटिंग इस सर्वेक्षण में स्थिर रही, हालांकि यह सर्वेक्षण रविवार को फ्लोरिडा में डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश की घटना से पहले किया गया है। फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में रविवार को उस समय अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश की गई जब वह अपने गोल्फ क्लब में खेल रहे थे। लगभग आधे मतदाता हैरिस के बारे में कुछ हद तक या बहुत सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं जबकि 44 प्रतिशत मतदाता ऐसे हैं जो उनके बारे में कुछ हद तक या बहुत नकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। वहीं, लगभग 10 में से छह मतदाता ट्रंप के खिलाफ विचार रखते हैं जबकि 10 में से लगभग 4 मतदाता उनके समर्थन में विचार रखते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा जुलाई में राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से अपना नाम वापस लेने और कमला हैरिस को समर्थन देने के बाद से अब लोग उपराष्ट्रपति का समर्थन करते हुए नजर आ रहे हैं। पिछले कुछ साल में बाइडन, ट्रंप या हैरिस जैसी राष्ट्रीय हस्तियों के बारे में लोगों के विचारों में बदलाव होना दुर्लभ ही रहा है। एक अपराध में दोषसिद्धि, पेन्सिलवेनिया में जानलेवा हमले के प्रयास तथा राष्ट्रपति पद के चुनाव में एक नया प्रतिद्वंद्वी होने के बावजूद ट्रंप की रेटिंग में ज्यादा बदलाव नहीं आया है लेकिन ट्रंप पहले भी इसी तरह कम रेटिंग मिलने के बावजूद जीत चुके हैं। उन्होंने 2016 का चुनाव व्यापक रूप से अलोकप्रिय होने के बावजूद जीता था और 2020 में भी ऐसी ही परिस्थितियों में जीतने के करीब पहुंच गए थे।

# भारत 2014 में 10वें स्थान से आगे बढ़कर 2019 में 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना: पुरी

**ह्यूस्टन (अमेरिका)।** पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक वृद्धि की सराहना की और कहा कि देश 2014 में 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था जबकि 2019 में ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए वह पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत डी.सी. मंजूनाथ द्वारा यहां इंडिया हाउस में आयोजित सामुदायिक स्वागत समारोह में पुरी ने वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र, खासकर हरित हाइड्रोजन और एयरोस्पेस (वांतरिक्ष) में ह्यूस्टन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने अमेरिका-भारत रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी को दोनों देशों के बीच भविष्य के सहयोग की आधारशिला बताया।

पुरी ने हाल के चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दल की राजनीतिक सफलताओं को रेखांकित किया और कहा कि मोदी के शासन में 2014 में 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर देश 2019 तक ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मंत्री ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी शहरी विकास पहलों की ओर इशारा करते हुए कहा कि देश ने 2017 से 2024 तक शहरी योजनाओं के लिए 25 अरब अमेरिकी डॉलर (1.57 लाख करोड़ रुपए) खर्च करने की प्रतिबद्धता जताई है।

पुरी ने ऊर्जा नवाचार के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में ह्यूस्टन की सराहना की और कहा कि 2019 में हाउडी मोदी जैसे कार्यक्रमों ने भारतीय-अमेरिकी संबंधों की ताकत को दर्शाया है। मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों, खासकर चिकित्सा तथा इंजीनियरिंग में भारतीय प्रवासियों के योगदान की सराहना की तथा विदेश में रहते हुए भी सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने ह्यूस्टन में गर्मजोशी भरे आतिथ्य सत्कार के लिए भारतीय समुदाय का आभार व्यक्त किया और भारत की वैश्विक छवि को बढ़ाने में उनकी भूमिका की सराहना की।

# ग्लोबल साउथ अपने भविष्य को आकार देने के लिए भारत के दृष्टिकोण पर भरोसा करता है: संरा राजदूत

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र की एक राजदूत ने कहा है कि बहुपक्षीय भागीदारी के प्रति भारत का दृष्टिकोण परस्पर सम्मान और एकजुटता पर आधारित है और बेहतर भविष्य को आकार देने में योगदान देने के लिए ग्लोबल साउथ भारत के इसी दृष्टिकोण पर भरोसा करता है। संयुक्त राष्ट्र में सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस की स्थाई प्रतिनिधि इंगा रोंडा किंग ने मंगलवार को कहा, आज ग्लोबल साउथ में महत्वपूर्ण नेताओं में से एक आपका बेहतरीन देश भारत है। सेंटर फॉर ग्लोबल इंडिया इनसाइट्स (सीजीआईआई) और इंडिया राइट्स नेटवर्क की ओर से भविष्य का संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन: भारत और विश्व के लिए इसके क्या मायने हैं , विषय पर आयोजित ऑनलाइन सम्मेलन को संबोधित करते हुए किंग ने कहा कि बहुपक्षीय जुड़ाव के प्रति भारत का दृष्टिकोण आपसी सम्मान और एकजुटता पर आधारित है।

कैरेबियाई देश की संयुक्त राष्ट्र राजदूत ने कहा, आज, ग्लोबल साउथ भविष्य को आकार देने में योगदान देने के लिए भारत के दृष्टिकोण पर भरोसा करता है। यह वेबिनार ऐसे समय में आयोजित किया गया है, जब विश्व के नेता 22 व 23 सितंबर को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के लिए संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एकत्रित होने वाले हैं, जिसके बाद वार्षिक महासभा उच्च स्तरीय सप्ताह का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री मोदी 21 सितंबर को विलमिंगटन, डेलवेयर में राष्ट्रपति जो. बाइडन द्वारा आयोजित क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे और 22 सितंबर को लॉन्ग आइलैंड में एक विशाल सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद 23 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र के शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

किंग ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आपके (भारत के) इसी तरह के एकजुटता की भावना की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के नेतृत्व में ही अफ्रीकी संघ को जी-20 में शामिल कर इसका विस्तार किया गया था।

यही भविष्य है। कोविड-19 महामारी के दौरान वैक्सीन कूटनीति के लिए भारत का दृष्टिकोण - यही भविष्य का रास्ता है। भारत संयुक्त राष्ट्र विकास भागीदारी कोष में आप भागीदार को यह तय करने देते हैं कि हम आपके द्वारा प्रदान की गई धनराशि का उपयोग कैसे करें। यही आपसी सम्मान और एकजुटता का रास्ता है। किंग ने कहा, यह ग्लोबल साउथ में भारत के नजरिए से बहुपक्षवाद का नया रास्ता है। मैं भारत के बहुपक्षवाद के तरीके से बहुत प्रभावित हूं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की पूर्व स्थाई प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन को बहुपक्षवाद के लिए एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में देखा जा रहा है।

# अश्विन और जडेजा ने भारत को मैच में लौटाया

**भारत ने रविचंद्रन के नाबाद 102 रन और रविंद्र जडेजा नाबाद 86 रन के साथ सातवें विकेट के लिए 195 रन की साझेदारी की, बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन छह विकेट पर 339 रन बनाए**

**भाषा।** चेन्नई

**शतकवीर** रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने बांग्लादेश से मिले शुरूआती झटकों से निकालते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बृहस्पतिवार को भारतीय टीम को छह विकेट पर 339 रन तक पहुंचा दिया। दोनों ने सातवें विकेट की अटूट साझेदारी में 195 रन बना लिए हैं। इससे पहले भारतीय शीर्षक्रम बुरी तरह नाकाम रहा और पहले दो सत्र में बांग्लादेशी गेंदबाजों ने दबाव बनाते हुए छह विकेट 144 रन पर चटका दिए थे। इसके बाद चेन्नई में जन्मे अश्विन और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले जडेजा ने अपने घरेलू मैदान एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर अद्‌भुत धैर्य और आपसी तालमेल का प्रदर्शन करते हुए बेजोड़ पारियां खेली। अपना छठा टेस्ट शतक जड़ने वाले अश्विन ने 91 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए 112 गेंद में 102 रन जोड़े जिसमें 10 चौके और दो छक्के शामिल थे। वहीं जडेजा ने 117 गेंद में 86 रन बना लिए हैं। उन्होंने भी अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए। इससे पहले इस साल मार्च में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले हसन महमूद ने भारतीय शीर्षक्रम को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। 24 वर्ष के महमूद ने पांच ओवर में सिर्फ छह रन देकर पहले स्पैल में तीन विकेट चटकाए। उन्होंने 18 ओवर में 58 रन देकर चार विकेट लिए। यशस्वी जायसवाल के अलावा भारत का कोई बल्लेबाज सुबह के सत्र में बांग्लादेशी गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं कर सका। जायसवाल ने 118 गेंद में नौ चौकों की मदद से 56 रन बनाए। भारतीय बल्लेबाजों ने काफी निराश किया क्योंकि पिच या गेंदबाजों से ऐसी चुनौती नहीं मिल रही थी कि जिसका सामना नहीं किया जा सके। मेजबान बल्लेबाज अपनी ही एकाग्रता भंग होने के कारण विकेट गंवाते गए।

जायसवाल और ऋषभ पंत (39) ने चौथे विकेट के लिए 99 गेंद में 62 रन जोड़े। पहले सत्र में प्रभावी दिख रहे पंत ने महमूद की गेंद पर विकेटकीपर लिटन दास को कैच थमाया। 2022 के कार हादसे के बाद यह उनका पहला टेस्ट था जिसमें वह 83 मिनट तक क्रीज पर रहे। जायसवाल ने 95 गेंद में अपना अर्धशतक मेहदी हसन मिराज की गेंद पर एक रन लेकर पूरा किया। उन्होंने हालांकि इसके बाद अपनी एकाग्रता खोई और नाहिद राणा की गेंद पर पहली स्लिप में शादमैन इस्लाम को कैच दे बैठे। केएल राहुल 16 रन बनाकर आफ स्पिनर मिराज का शिकार हुए। भारत के छह विकेट 144 रन पर गिर चुके थे। दूसरा सत्र भी पहले ही सत्र की तरह रहा जिसमें बांग्लादेशी गेंदबाज हावी रहे। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और पूरा फोकस एक्सप्रेस गेंदबाज नाहिद राणा पर था लेकिन भारतीय पारी को झटके महमूद ने दिए। रोहित शर्मा (छह) को एक के स्कोर पर डीआरएस से जीवनदान मिला था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके।वह दूसरी स्लिप में नजमुल हसन शंटो को कैच देकर लौटे। शुभमन गिल (0) खाता भी नहीं खोल सके और आठ गेंद खेलने के बाद विकेटकीपर लिटन दास को कैच दे बैठे। विराट कोहली (छह) का मैदान में उतरने पर तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत हुआ लेकिन वह भी टिक नहीं सके। महमूद ने आफ स्टम्प से बाहर गेंद डाली जिस पर बल्ला अड़ाने का खामियाजा विराट ने भुगता और विकेट के पीछे लिटन ने कैच लपक लिया। भारत ने पहले तीन ओवर में ही एम ए चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर तीन विकेट 34 रन के भीतर गंवा दिए। इसके बाद जायसवाल और केएल राहुल से ऊपर भेजे गए पंत ने पारी को संभालने की कोशिश की।







## इस तरह की पिच पर पंत की तरह आक्रामक बल्लेबाजी करें : अश्विन

**चेन्नई।** घरेलू नायक रविचंद्रन अश्विन ने बृहस्पतिवार को यहां नाबाद शतक जड़ने के बाद कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए तैयार की गई लाल मिट्टी की पिच पर उन्होंने जानबूझकर आक्रामक बल्लेबाजी करने का प्रयत्न किया। उनकी यह रणनीति कारगर रही और इसकी बदौलत वह घरेलू दर्शकों के सामने शानदार शतक लगाकर भारत को मुश्किल स्थिति से बाहर निकालने में सफल रहे। अश्विन ने पहले दिन के खेल खत्म होने के बाद मेजबान प्रसारक से कहा, यह चेन्नई की पुरानी पिच है जिसमे थोड़ा उछाल है। लाल मिट्टी की पिच पर आप अगर लाइन मे आकर शॉट खेलने के इच्छुक हो तो आप कुछ शॉट खेल सकते हो। उन्होने कहा, निश्चित रूप से मै हमेशा से ही अपने बल्ले को ऑफ स्टंप के बाहर घुमाता रहा हूं। मैने कुछ चीजो पर काम किया और इस तरह की पिच पर अगर आपको गेंद पर शॉट लगाने है तो ऋषभ पंत की तरह आक्रामक बल्लेबाजी करनी चाहिए। ऋषभ पंत ने 39 गेंद मे 52 रन बनाकर अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन लूज स्ट्रोक पर आउट हो गए। भारत ने शीर्ष चार बल्लेबाज 96 रन के अंदर गंवा दिए थे। इसके बाद अश्विन ने बांग्लादेश के गेंदबाजो पर दबदबा बनाते हुए 112 गेंद मे शतक जड़कर नाबाद 102 रन और रविंद्र जडेजा (नाबाद 86 रन) के साथ नाबाद साझेदारी बनाई। अश्विन ने अपने शानदार प्रदर्शन का श्रेय तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) मे अपने हालिया प्रदर्शन को दिया जहां उन्होने अपनी बल्लेबाजी पर काम किया। उन्होने कहा, मै टी20 टूर्नामेंट खेलकर यहां आया हूं जिससे मदद मिली। मैने अपनी बल्लेबाजी पर काम किया। इस मैदान पर अपना दूसरा शतक जड़ने वाले अश्विन ने कहा, घरेलू दर्शको के सामने खेलना हमेशा विशेष अहसास होता है। मै इस मैदान पर क्रिकेट खेलना पसंद करता हूं। इसने मुझे कई शानदार यादे दी है। अश्विन ने पारी के चुनौतीपूर्ण चरण मे अपने साथी जडेजा के सहयोग की बात स्वीकारते हुए कहा, जडेजा ने सच मे काफी मदद की। ऐसा भी समय था जब पसीना बह रहा था और मै थोड़ा थक गया था। पर जड्डू ने तुरंत इसे महसूस किया और मेरा मार्गदर्शन किया। उन्होने कहा, जड्डू पिछले कुछ वर्षो मे टीम के लिए हमारे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजो मे से एक रहे है। उनकी मौजूदगी राहत भरी थी क्योकि उन्होने सलाह दी कि हमे दो को तीन रन मे नही बदलना है जो मेरे लिए सच मे मददगार रहा।

## जायसवाल ने कहा, ऐसी पारियां मुझे मजबूत बनने और सभी परिस्थितियों में खेलने में मदद करेंगी



**चेन्नई।** यशस्वी जायसवाल ने अपने नैसर्गिक आक्रमक अंदाज को काबू में रखते हुए बांग्लादेश के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मे तेज गेंदबाजी के अनुकूल हालात मे 56 रन की पारी खेलने के बाद कहा कि इस तरह का अनुभव उन्हें मजबूत और भविष्य मे सभी परिस्थितियो मे खेलने वाला खिलाड़ी बनाएगा। सलामी बल्लेबाज जायसवाल के अर्धशतक और बाएं हाथ के साथी बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ उनकी 62 रन की साझेदारी से भारत ने 10 ओवर के भीतर 34 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद अपनी स्थिति मे सुधार किया। जायसवाल ने दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, इन परिस्थितियो मे वहां जाकर खेलना शानदार था। इससे मै मजबूत बनूंगा और मै इससे सीखूंगा कि इन सभी परिस्थितियो मे कैसे खेलना है और अपनी पारी की योजना कैसे बनानी है। उन्होंने कहा, मै टीम की जरूरत के हिसाब से बल्लेबाजी करने की कोशिश करता हूं और उसी के हिसाब से अपने खेल मे बदलाव करता रहता हूं। अगर शुरुआत मे विकेट गिर जाएं तो मै कैसे बल्लेबाजी कर सकता हूं? जब रन बन रहे हो तो मै कैसे बल्लेबाजी कर सकता हूं? जायसवाल ने माना कि शुरुआती कुछ सत्र में गेंदबाजो को कुछ मदद मिली जिससे भारतीय बल्लेबाजो को सतर्क रुख अपनाना पड़ा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शुरू मे गेंद थोड़ी मूव कर रही थी और थोड़ी सीम कर रही थी और कम उछाल था इसलिए हमने अपना समय लिया। लेकिन अगर आप आखिरी सत्र को देखे तो हमने काफी अच्छा स्कोर किया और मुझे लगता है कि हम इस समय अच्छी स्थिति मे है। बाइस वर्षीय जायसवाल ने कहा कि वह और पंत रन बनाने के लिए ढीली गेंदो का इंतजार कर रहे थे क्योंकि उस समय बांग्लादेश के गेंदबाजो का पलड़ा भारी था।

# सुमित नागल ने भारत के लिए खेलने के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर फीस मांगी

**नई दिल्ली।** (भाषा) अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि सुमित नागल ने भारत के लिए डेविस कप मुकाबले खेलने के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर की सालाना फीस मांगी थी लेकिन देश के इस शीर्ष एकल खिलाड़ी ने खुद का बचाव करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को उनकी सेवाओं के लिए भुगतान किया जाना सामान्य बात है।नागल ने पीठ में खिंचाव का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ हाल ही में डेविस कप मुकाबले से हटने का फैसला किया था। इसके कारण उन्हें पिछले महीने अमेरिकी ओपन पुरुष युगल स्पर्धा से भी बाहर होना पड़ा था। स्वीडन के खिलाफ भारत एकल विशेषज्ञ के बिना खेलने उतरा और टीम को 0-4 से हार का सामना करना पड़ा। टीम विश्व ग्रुप एक मुकाबले में एक सेट भी नहीं जीत सकी। एआईटीए ने मंगलवार को यह कहकर अपनी नाराजगी जाहिर की कि नागल, युकी भांबरी और शशिकुमार मुकुंद सहित देश के शीर्ष खिलाड़ियों ने देश के लिए खेलने से इनकार कर दिया है। नागल एटीपी 250 हांग्झोउ ओपन में शामिल हुए थे और उन्हें बृहस्पतिवार को खेलना था लेकिन पीठ दर्द के कारण उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया। एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने पीटीआई से कहा, एक खिलाड़ी को देश के लिए खेलने के लिए पैसे क्यों मांगने चाहिए, आप मुझे बताईए। यह एक बड़ा सवाल है। उन्होंने 50,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 45 लाख रुपए) की सालाना फीस मांगी थी और कहा था कि अगर उन्हें भुगतान नहीं किया गया तो वह नहीं खेलेंगे। ज्यादातर विश्व ग्रुप एक तक सीमित भारत एक सत्र में फरवरी और सितंबर में केवल दो ही मुकाबले खेलता है। धूपर ने कहा, देश को तय करने दें कि यह सही है या नहीं। फिर यह सरकार और सभी का फैसला होगा। खिलाड़ियों को टॉप्स के जरिए भी भुगतान किया जाता है। और ऐसा नहीं है कि उन्हें डेविस कप खेलने के लिए भुगतान नहीं किया जाता। उन्हें भुगतान किया जाता है। धूपर उस पुरस्कार राशि का जिक्र कर रहे थे जो एआईटीए को डेविस कप में भाग लेने के लिए अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) से मिलती है और टीम के सदस्यों के बीच बांटी



## भारत के शीर्ष बल्लेबाजों के विकेट लेना सुखद रहा : हसन महमूद

**चेन्नई।** (भाषा) बांग्लादेश के गेंदबाज हसन महमूद ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन बृहस्पतिवार को यहां पहले सत्र में तीन विकेट चटकाकर सुर्खियां बटोरीं लेकिन वह अति उत्साहित होकर जश्न मनाने में विश्वास नहीं रखते। इस 24 वर्षीय बांग्लादेशी गेंदबाज ने रोहित शर्मा और विराट कोहली तथा शुभमन गिल जैसे बल्लेबाजी लाइन अप को हिलाकर रख दिया। यह उनका चौथा ही टेस्ट था और उन्होंने जितने दमदार बल्लेबाजों को आउट किया उसे देखते हुए उम्मीद की जा सकती थी कि वह इसका बढ़ चढ़कर जश्न मनाएंगे। लेकिन उन्होंने इसे अपने साथियों के साथ कुछ हाई फाइव और हाथ मिलाने तक ही सीमित रखा। महमूद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, मैं वैसे जश्न नहीं मनाता और ऐसा करने का कोई सही कारण भी नहीं है। आप कह सकते हैं कि अगर मैं विकेट लेने के बाद जश्न मनाता हूं तो इससे बल्लेबाज और भी परेशान हो जाएगा इसलिए मैं जश्न नहीं मनाता।

# गत चैम्पियन भारत सैफ अंडर 17 चैम्पियनशिप के शुरूआती मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा

**थिम्पू।** (भाषा) गत चैम्पियन भारत शुक्रवार को यहां सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैम्पियनशिप में ग्रुप ए के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। तीन टीम के ग्रुप ए में मालदीव तीसरी टीम है और भारत को 24 सितंबर को उससे भिड़ना है। ग्रुप बी में मेजबान भूटान, नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान शामिल हैं। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 28 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी जिसके बाद 30 सितंबर को फाइनल होगा। भारत 2022 का चैम्पियन है, जब पिछली बार यह टूर्नामेंट अंडर-17 आयु ग्रुप में खेला गया था। पिछले साल का चरण अंडर-16 आयु वर्ग के लिए कराया गया था जिसका विजेता भी भारत ही था। मुख्य कोच इश्फाक अहमद ने इसी चांगलिमिथांग स्टेडियम में ट्राफी उठाने वाली टीम के 23 में से 16 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है।एक साल पहले भारत ने शुरूआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ ।-0 से जीत दर्ज की थी और फाइनल भी बांग्लादेश के खिलाफ हुआ था जिसमें वह 2-0 से विजेता रहा था।

**विधात्री को महिला पेशेवर गोल्फ टूर में हिताषी के साथ संयुक्त बढ़तः** गुरुग्राम। महिला पेशेवर गोल्फ टूर पर पिछले तीन टूर्नामेंट जीतने वाली विधात्री उर्स ने बृहस्पतिवार को यहां 12वें चरण के टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद हिताषी बक्शी के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बना ली।पहले दौर के बाद हिताषी से एक शॉट पीछे चल रही विधात्री ने दूसरे दौर में दो ओवर 74 का स्कोर बनाया। हिताषी तीन ओवर का स्कोर ही बना पाईं।

## क्रिस्टी गिलमोर को हराकर मालविका क्वार्टर फाइनल में

**चांग्झू** (चीन)। भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी मालविका बंसोड ने शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए ऊंची रैंकिंग वाली क्रिस्टी गिलमोर को हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग मे 43वें स्थान पर काबिज मालविका ने दो बार की राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता और स्कॉटलैंड की 25वीं रैंकिंग वाली गिलमोर के खिलाफ एक घंटे पांच मिनट तक चले मुकाबले में 21-17 19-21 21-16 से जीत दर्ज की। जीत के बाद मालविका ने कहा , मै पहली बार किसी सुपर 1000 टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल खेलूंगी। यह सपना सच होने जैसा है और अब तक कैरियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। इससे एक दिन पहले मालविका ने पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का को हराया था। मालविका टूर्नामेंट मे अकेली भारतीय खिलाड़ी बची है। अब उनका सामना दो बार की विश्व चैम्पियन चौथी वरीयता प्राप्त जापान की अकाने यामागुची से होगा।

## पंजाब ने 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती

जालंधर। पंजाब ने बृहस्पतिवार को यहां शूट आउट में उत्तर प्रदेश को 4-3 से हराकर 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता।कड़े मुकाबले में पंजाब के लिए सुखविंदर सिंह (पांचवें मिनट), जरमन सिंह (33वें मिनट) और जोबनप्रीत सिंह (39वें मिनट) ने गोल दागे जबकि उत्तर प्रदेश के लिए अजीत यादव (31वें मिनट), सूरज पाल (48वें मिनट) और आकाश पाल (54वें मिनट) ने गोल किए जिससे निर्धारित समय के बाद मुकाबला 3-3 से बराबर था। शूट आउट के दौरान उत्तर प्रदेश के आकाश पाल, नितीश भारद्वाज और अजीत यादव ने गोल किए जबकि पंजाब के लिए जपनीत सिंह, सुखविंदर सिंह, जरमन सिंह और लवनूर सिंह ने गोल दागकर अपनी टीम के लिए खिताब सुनिश्चित किया। तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में हरियाणा ने कर्नाटक को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया। टीम के लिए अमित खासा (30वें मिनट), नवराज सिंह (50वें मिनट), नितिन (54वें मिनट), मनीष कुमार (55वें मिनट) और साहिल रूहाल (59वें मिनट) ने गोल किए।

## भारतीय भारोत्तोलक वालुरी अजय बाबू को राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में स्वर्ण

**सुवा** (फीजी)। भारतीय भारोत्तोलक वालुरी अजय बाबू ने राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप मे पुरूषों के 81 किलो जूनियर और सीनियर वर्ग मे स्वर्ण पदक जीता। उन्नीस वर्ष के बाबू ने कुल 326 किलो (147 और 179 किलो) वजन उठाया। बाबू ने क्लीन एंड जर्क वर्ग मे राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने स्नैच, क्लीन एंड जर्क और कुल भारवर्ग मे जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया। पुरूषों के 89 किलो वर्ग मे लालयुआतफेला ने रजत पदक जीता जबकि हृदानंदा दास को युवा वर्ग मे रजत और जूनियर वर्ग मे कांस्य पदक मिला।

# अय्यर फिर विफल, मजबूत शीर्ष क्रम से भारत डी के पांच विकेट पर 306 रन

**अनंतपुर।** (भाषा) दबाव में चल रहे श्रेयस अय्यर का खराब प्रदर्शन जारी रहा लेकिन संजू सैमसन सहित शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने बृहस्पतिवार को यहां भारत बी के खिलाफ दलीप ट्राफी मैच के शुरूआती दिन भारत डी को पांच विकेट पर 306 रन बनाने में मदद की। भारतीय टेस्ट टीम में वापसी की कोशिश में जुटे अय्यर मौजूदा टूर्नामेंट में लगातार दूसरे मैच में शून्य पर आउट हुए। लेकिन देवदत्त पडीक्कल (50 रन), श्रीकर भरत (52 रन), रिकी भुई (56 रन) और सैमसन (नाबाद 89 रन) के अर्धशतकों से भारत डी ने मजबूत प्रदर्शन किया।स्टंप के समय सैमसन और सारांश जैन (नाबाद 26 रन) क्रीज पर डटे थे। भारत बी के लिए लेग स्पिनर राहुल चाहर (60 रन देकर तीन विकेट) ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए तीन खिलाड़ियों को आउट किया। मुकेश कुमार (37 रन देकर एक विकेट) और नवदीप सैनी (51 रन देकर एक विकेट) ने एक एक विकेट झटका। भारत बी ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पडीक्कल और भरत ने पारी का आगाज करते हुए 105 रन की शतकीय साझेदारी निभाई। सैनी ने पडीक्कल को और मुकेश ने भरत को आउट किया, दोनों के कैच विकेटकीपर एन जगदीशन ने लपके। निशांत सिंधू महज 19 रन बनाकर आउट हुए और कप्तान अय्यर को चाहर ने पवेलियन भेजा जिससे भारत डी का स्कोर चार विकेट पर 175 रन हो गया। भुई ने सैमसन के साथ मिलकर टीम को 200 रन के पार कराया। चाहर ने फिर भुई को आउट कर भारत डी का पांचवां विकेट झटका। सैमसन ने अच्छा खेलते हुए भारत डी की पारी को आगे बढ़ाया और अभी तक 83 गेंद में 10 चौके और तीन छक्के जड़े। उन्होंने जैन के साथ मिलकर नाबाद 90 रन की साझेदारी की। अय्यर को यहां फिर निराशा झेलनी पड़ी। वह तब क्रीज पर उतरे जब भारत डी का स्कोर तीन विकेट पर 172 रन था लेकिन मौके का फायदा उठाने में नाकाम रहे। अय्यर ने अभी तक पांच पारियों में महज 104 रन (9, 54, 0, 41, 0) बनाए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की टीम में नहीं चुने जाने के बाद अय्यर के आस्ट्रेलिया में आगामी श्रृंखला और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किए जाने की उम्मीद काफी कम है।

## दलीप ट्रॉफीः रावत के शतक से भारत ए ने की वापसी

**अनंतपुर।** (भाषा) शाश्वत रावत के नाबाद 122 रन की मदद से भारत ए ने दलीप ट्रॉफी क्रिकेट मुकाबले के पहले दिन बृहस्पतिवार को यहां भारत सी के खिलाफ खराब शुरूआत से उबरते हुए सात विकेट पर 224 रन बनाए। घरेलू क्रिकेट में बड़ौदा के लिए खेलने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज रावत को शम्स मुलानी (76 गेंद में 44 रन) का अच्छा साथ मिला। भारत ए की टीम इससे पहले मुसीबत में घिर गई थी जब उसने सिर्फ 36 रन पांच विकेट गंवा दिए। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले प्रथम सिंह, कप्तान मयंक अग्रवाल, तिलक वर्मा और रियान पराग दोहरे अंक में भी पहुंचने में नाकाम रहे। पिछले हफ्ते पारी में आठ विकेट चटकाने वाले अंशुल कंबोज (40 रन पर तीन विकेट) ने एक बार फिर भारत सी की ओर से शानदार प्रदर्शन किया।

# गंभीर के पास काफी अनुभव सफल कोच साबित होंगे: द्रविड़

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट** टीम के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ ने गुरुवार को यहां उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय टीम में उनकी जगह लेने वाले गौतम गंभीर अपनी भूमिका में काफी सफल साबित होंगे। द्रविड़ ने डिजिटल क्लासरूम से जुड़ी रूमबर के लॉन्च के मौके पर गंभीर के बारे में पूछे जाने चुनिंदा पत्रकारों से कहा, उनके पास काफी अनुभव है। एक खिलाड़ी के तौर पर भी उन्होंने काफी खेला है। उन्होंने जाहिर तौर पर काफी कोचिंग की है। मुझे यकीन है कि वह इस भूमिका में शानदार साबित होंगे। द्रविड़ की अगुवाई में भारतीय टीम ने खेल के तीनों प्रारूप में अच्छी सफलता हासिल की। टीम ने 24 टेस्ट में 14 में जीत दर्ज की जबकि टीम ने इस दौरान 53 में से 36 एकदिवसीय और 70 में से 51 टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत दर्ज की। पिछले साल टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा लेकिन इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में जीत के साथ उन्होंने अपने कार्यकाल को सफलता के साथ खत्म किया। गंभीर का भारतीय टीम के साथ कार्यकाल पिछले महीने श्रीलंका दौरे पर शुरू हुआ जहां टी20 श्रृंखला में टीम को सफलता मिली जबकि एकदिवसीय श्रृंखला में उसे हार का सामना करना पड़ा। उनकी देखरेख में टीम पहली बार बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में खेल रही है। भारत के लिए 164 टेस्ट में 13288 और 344 एकदिवसीय में 10889 रन बनाने वाले इस पूर्व महान बल्लेबाज ने कहा, कोई भी कोच परिस्थितियों से निपटने के लिए अपने अनुभव का ज्ञान का इस्तेमाल करता है। मुझे यकीन है कि गौतम अपने सहयोगी सदस्यों के साथ जो भी फैसले लेंगे उससे टीम को फायदा होगा। भारतीय टीम को अगले कुछ महीने में बांग्लादेश के अलावा न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखलाओं के बाद पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है। ऐसे में गंभीर के सामने कड़ी चुनौती है। भारतीय टीम के लिए तीनों प्रारूपों को मिलाकर 10000 से ज्यादा रन बनाने वाले गंभीर के पास राष्ट्रीय टीम को कोचिंग देने पहले आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का मेंटोर के तौर पर मार्गदर्शन करने का अनुभव है।



## शतरंज ओलंपियाड : भारतीय महिलाओं ने जॉर्जिया को, पुरूष टीम ने चीन को हराया

**बुडापेस्ट।** ग्रैंडमास्टर आर वैशाली और वंतिका अग्रवाल के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के सातवें दौर में जॉर्जिया को हराया जबकि विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश की अगुवाई मे पुरूष टीम ने चीन को हराकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। वैशाली और वंतिका ने क्रमशः लैला जे और बेला कोतेनाश्विली को हराया। भारतीय महिला टीम ने जॉर्जिया को 3 .। से और पुरूष टीम ने चीन को 2.5 . 1.5 से हराया। डी हरिका ने नाना जागनिजे से ड्रॉ खेला जबकि दिव्या देशमुख को निनो बात्सियाश्विली ने ड्रॉ पर रोका। भारतीय महिला टीम के अब 14 में से 14 अंक है और पोलैंड, कजाखस्तान, फ्रांस उससे दो अंक पीछे है। ओपन वर्ग में गुकेश ने चीन के वेइ यि को हराया। गुकेश और विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन के बीच मुकाबले की अटकलें थी जिन्हें नवंबर मे सिंगापुर मे विश्व चैम्पियनशिप मुकाबला खेलना है।चीन ने हालांकि लिरेन को आराम देने का फैसला किया। आर प्रज्ञानानंदा ने यांगई यू से ड्रॉ खेला जबकि पी हरिकृष्णा को वांग युइ ने ड्रॉ पर रोका। अर्जुन एरिगेसी और बू शियांग्झी का मुकाबला भी ड्रॉ रहा। अब टूर्नामेंट के चार दौर बाकी है। ईरान 13 अंक लेकर भारत के बाद दूसरे स्थान पर है। अगले दौर में भारतीय पुरूष टीम का सामना ईरान से और महिला टीम का पोलैंड से होगा।

## लैथम और विलियमसन के अर्धशतक न्यूजीलैंड के चार विकेट पर 255 रन

**गॉल।** टॉम लैथम और केन विलियमसन के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां चार विकेट पर 255 रन बनाए।श्रीलंका के पहली पारी के 305 रन के जवाब में लैथम (70) और डेवोन कॉनवे (17) ने पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। सलामी बल्लेबाज लैथम ने विलियमसन (55) के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की। बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या की गेंद पर पवेलियन लौटने से पहले लैथम स्पिनरों के खिलाफ सहज नजर आ रहे थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड,ए-8, सेक्टर-7, जिला-गौतमबुद्ध नगर, नोएडा ( उ.प्र. )-201301, दूरभाष-01202470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः011-69342500।